


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 1 बिलियन के आंकड़े के साथ रोनाल्डो ने रचा इतिहास

पुतिन ने जमकर की भारत की तारीफ, पीएम मोदी को फिर बताया... 12



वर्ष : 15 | अंक : 154 | नई दिल्ली, शनिवार, 14 सितंबर, 2022 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**शिमला के बाद मंडी में मस्जिद विवाद**

# प्रदर्शनकारियों ने जुमे के दिन जेल रोड पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

### जेल रोड मस्जिद पर आयुक्त कोर्ट का बड़ा फैसला, गिरेगा अवैध ढांचा, नगर निगम की सात वार्डों में सार्वजनिक स्थलों पर नहीं कर सकेंगे प्रदर्शन।

मंडी, एजेंसी

जेल रोड मस्जिद मामले पर नगर निगम मंडी के आयुक्त कोर्ट ने आज फैसला सुना दिया है। आयुक्त एचएच राणा ने कहा कि मस्जिद के अवैध ढांचे को गिराना होगा। फैसले के बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गए हैं। जेल रोड की तरफ अचानक भीड़ बढ़ने लगी है। धरने पर बैठे लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिला दंडाधिकारी अपूर्व देवगन ने सात वार्डों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लगाई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस मसले को



लेकर प्रदेश में शांति बनाई रखी जाएगी। इस पर सर्व समिति हुई है। शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए।

- भड़काऊ भाषण व लाउडस्पीकर के प्रयोग पर लगाया प्रतिबंध।
- पटाखे फोड़ने,ज्वलनशील पदार्थ हथियार के साथ प्रशिक्षण पर रोक।

मस्जिद को लेकर कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।

प्रदर्शन कर रहे लोग ढांचा तोड़ने पर अड़ गए हैं। उपायुक्त ने मस्जिद का ढांचा सील करने के आदेश दिए हैं। जेल रोड मस्जिद पर फैसला आने के बाद शहर में प्रदर्शन शुरू हो गया है। जेल रोड की ओर



भीड़ बढ़ रही है। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर केनन का प्रयोग किया है। डीसी मंडी मौके पर मौजूद हैं। जेल रोड मस्जिद पर आयुक्त कोर्ट का बड़ा फैसला आ गया है। आयुक्त एचएच राणा ने अपना फैसला सुना दिया है। उन्होंने कहा कि जेल रोड मस्जिद का अवैध ढांचा को गिराना होगा। पुरानी स्थिति बहाल करनी होगी। मुस्लिम पक्ष 30 दिनों के अंदर अपील कर सकेगा। सेरी मंच पर प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शन कर रहे लोग हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। मौके पर भारी भीड़ जुटने लगी है। नगर निगम की गाड़ी में पार्षद योगराज के साथ निगम कार्यालय मुस्लिम पक्षकार पहुंच गए हैं। आयुक्त कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई। एडीसी मंडी रोहित राठौर व एडीएम डॉ. मदन कुमार एमसी कार्यालय की ओर जा रहे हैं। रुमित ठाकुर व कमल मंडी नहीं आएंगे।उपायुक्त कार्यालय में पुलिस का कड़ा पहरा है। बिना एंट्री के किसी को प्रवेश की इजाजत नहीं है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने कहा कि मस्जिद मामले की सुनवाई को देखते हुए मंडी शहर की सात वार्डों में बीएनएसएस की धारा 163 लगाई गई है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.0°C
न्यूनतम तापमान 17.0°C

**बाजार**

सोना 61,380
चांदी 73,300
सेंसेक्स 58,992
निफ्टी 17,360

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या

बलौदाबाजार)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में गुरुवार शाम को एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतकों में दो महिला, एक युवक और एक मासूम शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल हत्या का कारण पता नहीं चला है। यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के छरछेद गांव की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतकों में 45 वर्षीय चेतराम केवट, उनकी दो बहनें यशोदा और जमुना, और जमुना का 11 माह का बच्चा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने जादू-टोना के संदेह में हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने शक के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत लिया है और पुलिस तीनों से लगातार पूछताछ कर रही है।

### पुंछ में विस्फोटकों, गोला-बारूद के साथ जेकेजीएफ का आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

जम्मू। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स (जेकेजीएफ) के एक आतंकी सहयोगी को विस्फोटक और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने यहां शुक्रवार को कहा कि गुरुवार शाम पोथा बाईपास पर सीआरपीएफ के साथ पुलिस और सेना का संयुक्त नाका लगाया गया था और तलाशी के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने सुरनकोट की ओर से एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से आते हुए देखा। प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों को देखकर उसने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क बलों ने उसे पकड़ लिया।

# भारत को कोई सुई भी चुभेगी, तो 140 करोड़ लोगों को दर्द होगा : धनखड़

अजमेर, प्रात: किरण




उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र को स्वहित और राजनीतिक मतभेदों से ऊपर रखने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी भी स्थिति में राष्ट्रवाद से समझौता नहीं किया जाना चाहिए और शत्रुओं को प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए।

श्री धनखड़ ने राजस्थान के अजमेर में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी हालत में दुश्मन के हित को प्रोत्साहन नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा, दुखद विषय है, चिंता का विषय है, चिंतन का विषय है, मंथन का विषय है कि अपने में से कुछ भटके हुए लोग संविधान की शपथ के बावजूद भारत मां को पीड़ा दे रहे हैं। राष्ट्रवाद के साथ समझौता कर रहे हैं। राष्ट्र की परिकल्पना को समझ नहीं पा रहे हैं। पता नहीं कौन से स्वार्थ को ऊपर रख कर भारत मां को लहुलुहान करना चाहते हैं। हमारे भारत को कोई सुई भी चुभेगी, तो 140 करोड़ लोगों को दर्द होगा।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि हर भारतीय देश के बाहर कदम रखता है तो वह भारतीय राष्ट्रवाद का राजदूत है। भारतीय संस्कृति का राजदूत है। इसको पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रतिपक्ष के नेता के रूप में प्रमाणित किया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री दूसरे दल के थे, कांग्रेस पार्टी के थे, नरसिम्हा राव जी थे, भारत का नेतृत्व विदेश में एक महत्वपूर्ण संवेदनशील मुद्दे पर, कश्मीर से जुड़े मुद्दे पर अटल बिहारी वाजपेयी ने किया वह प्रतिपक्ष के नेता थे।

श्री धनखड़ ने कहा कि देश के अंदर या बाहर ऐसा काम नहीं करना चाहिए तो देश के साथ उपयुक्त आचरण नहीं है।भारतीय राष्ट्रवाद को बढ़ावा नहीं देता है, राष्ट्रवाद को कुंठित करता है। उन्होंने कहा, हमारे सपने पूरे करो, दुश्मनों के सपने पूरे करने में क्यों लगे हुए हो। इतिहास ने उनको कभी माफ नहीं किया है जिन्होंने देश के साथ ऐसा आचरण किया है। उन्होंने कहा कि मूल अधिकारों के साथ-साथ मूल कर्तव्यों पर भी बात करना अति आवश्यक है।भारतीय संविधान के चौथे भाग में नीति निर्देशक सिद्धांत हैं। इसमें भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को कुरुक्षेत्र में उपदेश देने का चित्र हैं। उन्होंने कहा, वह उपदेश है, एकाग्रता से, बिना भटके हुए, बिना रिश्तों को देखे हुए लक्ष्य प्राप्ति करो। और हमारे लक्ष्य क्या हैं? हमारा राष्ट्रवाद। हमारा लक्ष्य है, हमारा भारत।

श्री धनखड़ ने कहा कि पिछले 10 साल में पारदर्शी और उत्तरदायित्वपूर्ण शासन व्यवस्था मिली है और कोई कानून से ऊपर नहीं है। लेकिन कुछ लोगो को इससे छटपटाहट है और परेशानी है। उन्होंने कहा, राजनीति इस तरीके से हावी हो गई उन पर कि वे राष्ट्र को भूल गए, राष्ट्रहित को भूल गए, और भूलना तो छोड़िए, राष्ट्रहित पर कुठाराघात करने लगे। विदेश में करने लग गए, उन लोगों से मिलकर करने लग गए। जगजाहिर हैं उनकी करतूतिया -उनके साथ बैठना, उनके साथ चिंतन करना। हमारे दिल पर क्या गुजरी होगी, मैं अंदाजा लगा सकता हूं। ईश्वर उनको सद्बुद्धि दे।

उप राष्ट्रपति ने कहा, मेरे पद पर मेरा काम राजनीति करना नहीं है। राजनीतिक दल अपना-अपना काम करें। राजनीतिक दल अपनी विचारधारा के अनुरुप काम करने के लिए स्वतंत्र हैं। विचारधारा अलग-अलग होगी, शासन के प्रति रवैया अलग-अलग होगा।

## दिल्ली में कब तक होती रहेगी बारिश

- हरियाणा से बंगाल तक मानसून सक्रिय



नई दिल्ली, प्रात: किरण

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अलावा हरियाणा, यूपी, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ ही गुजरात से ओडिशा तक कई राज्यों में झमाझम बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। 19 सितंबर तक गुजरात के कई जिलों में बारिश के आसार हैं। वहीं पूर्वी तटीय राज्यों ओडिशा, बंगाल से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों तक कई जगह भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### राजधानी दिल्ली में आज भी बारिश की संभावना

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पिछले दो दिनों से बारिश का दौर बना हुआ है। लगातार बारिश के कारण मौसम में ठंडक महसूस की जाने लगी है। इससे उमस से लोगों को राहत मिली है। दिल्ली एनसीआर में शनिवार को भी बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। वहीं 15 सितंबर से लेकर 17 सितंबर तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। 18 सितंबर को दिल्ली में गरज के साथ बारिश के आसार हैं।

### हरियाणा से बंगाल तक भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरखंड में आगामी दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। वहीं दिल्ली–एनसीआर के अलावा एमपी, यूपी, हरियाणा में अगले दो दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हरियाणा में 15 सितंबर तक भारी बारिश का दौर बना रहेगा। इसी तरह पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इस अवधि के दौरान कहीं कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गई है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा के साथ ही पूर्वोत्तर के राज्यों नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश को लेकर चेतावनी दी गई है। गुजरात में 19 सितंबर तक बारिश का दौर बना रहेगा। हालांकि मौसम विभाग ने इस अवधि के दौरान भारी बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है, जिससे गुजरात के लोगों को भारी बारिश के लगातार दौर से थोड़ी राहत मिलेगी।

# अखिलेश ने लगाया फर्जी मुठभेड़ों का आरोप

### उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने गलत ठहराया


लखनऊ, प्रात: किरण



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर पुलिस मुठभेड़ों की आड़ में जानबूझकर 'हत्याओं' की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश 'फर्जी मुठभेड़ों' की राजधानी बन गया है। यादव के इन आरोपों को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत कई मंत्रियों तथा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने गलत बताया है। सपा प्रमुख ने यहां पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए दावा किया कि सुलतानपुर के मंगेश यादव सहित अपराध के संदिग्ध व्यक्तियों के साथ हाल में हुई पुलिस मुठभेड़ें दरअसल पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के सदस्यों को निशाना बनाकर की गई पुलिस कार्रवाई के व्यापक पैटर्न का हिस्सा थीं। उन्होंने इन मुठभेड़ों की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा, क्या आज के समय में कोई कल्पना कर सकता है कि किसी व्यक्ति का मुंह बंद कर दिया जाएगा, उसे बांध दिया जाएगा और पीट-पीटकर मार दिया जाएगा? पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने सुबूतों में विसंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि मुठभेड़ की कहानी गढ़ी गई है। उन्होंने कहा, यह जगजाहिर है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के तहत फर्जी मुठभेड़ें हुई हैं। मंगेश यादव की हत्या गांव और आसपास के इलाकों में लोगों के बीच जगजाहिर थी।

### हरियाणा चुनाव: भाजपा के स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित 40लोग शामिल

चंडीगढ़ , प्रात: किरण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एम. एल. खट्टर, अर्जुन राम मेघवाल, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, रवनीत सिंह बिट्टू, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर का नाम भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है।

भाजपा के स्टार प्रचारकों में पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी, सुधा यादव, वसुंधरा राजे सिंधिया, स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, दीया कुमारी, हेमा मालिनी, किरण चौधरी, नवीन जिंदल, कुलदीप बिश्नोई और बबीता फोगाट भी शामिल हैं।

### 'इंदौर मामले में सरकार सख्त, कई लोग पकड़े गए'

भोपाल, प्रात: किरण



मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के महू के पास प्रशिक्षु सैन्य अधिकारियों के साथ हिंसा और उनके साथ की एक महिला के साथ कथित दुष्कर्म की घटना के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सरकार इस मामले में बहुत सख्त है और अनेक लोगों को पकड़ा गया है। डॉ यादव ने कल एक वीडियो संदेश के जरिए कहा कि इस घटना के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को गिरफ्त में लिया गया और शेष को भी हिरासत में ले लिया गया। सरकार इस मामले में बहुत सख्त है। इस संबंध में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने एक्स पर पोस्ट करते हुए मध्यप्रदेश सरकार पर हमला बोला था। श्री गांधी के इस संबंध में बयान को लेकर डॉ यादव ने कहा कि श्री गांधी फुर्सत में हैं। उनकी (कांग्रेस) सरकारों में क्या हो रहा है। कोलकाता में क्या हुआ। यह उनको नहीं दिखता। वहां की बात करते नहीं हैं। हिम्मत है तो बोले ना इनको लेकर।

# राज्यपाल बोलीं- जाति में बांटिए मत, फंसिए मत

### बिचौलिए जहां भी हों दूर कीजिए; चंदू चैंपियन फिल्म जरूर देखें

लखनऊ, प्रात: किरण



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ में कहा- जाति में बंटिए मत, फंसिए मत। बिचौलिए जहां भी हों, दूर कीजिए। शिक्षा ही सिर्फ एक ऐसा माध्यम है, जो आपको जाति में बंटने से बचाएगा। संस्कार और हमारी परंपराएं ही हमारे लिए सब कुछ हैं। इसलिए बंटिए मत। राज्यपाल ने कहा- आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी ताकत होती है। हिम्मत से सबकुछ हासिल किया जा सकता है। राज्यपाल लखनऊ के शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। राज्यपाल ने 130 मेधावियों को मेडल भी दिए। राज्यपाल ने पीएम मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा- कल प्रधानमंत्री ने पैरा ओलिंपिक में मेडल पाने वाले सभी 29 खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री को मेडल पहनाया। प्रधानमंत्री खुद झुक गए और दिव्यांग खिलाड़ियों के हाथ से मेडल पहना।

उन्होंने कहा- सालों तक नालंदा विश्वविद्यालय टूटा-फूटा पड़ा था। किसी ने ध्यान नहीं दिया। हमारे प्रधानमंत्री ने ही इसे फिर से बनाया। बहुत सारे ऐसे काम उन्होंने किए, जिसे किसी ने नहीं किया। भारत ने सदियों से विश्व को ज्ञान सिखाया है। अब भी सिखा रहा है। विनय पत्रिका लेने के लिए चीन के फाह्यान भारत आए। 3 साल का समय उन्हें आने में लगा। हिमालय पर्वत पार किया और बिहार पहुंचे। तब उन्हें वह पुस्तक मिली। पुस्तक संस्कृति में थी। फिर 3 साल वहीं रुककर संस्कृति पढ़ी, फिर उसे चीन ले गए। राज्यपाल ने कहा- मुख्य अतिथि मुरलीकांत पेटकर जी को नमन करती हूं। उन्हें भारत का पहला पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक मिला। जब ये सेना में थे, तो 9 गोलियां लगी थीं। फिर भी जीवित हैं। इनके जीवन पर फिल्म चंदू चैंपियन बनी है। हम सभी को इस फिल्म को देखना चाहिए।

**जमानत** सुप्रीम कोर्ट बोला- पिंजरे के तोते वाली छवि से बाहर आए सीबीआई ...

# दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल को जमानत:177 दिन बाद जेल से बाहर आएंगे

नई दिल्ली, प्रात: किरण



- संयम बरत रहा हूं... जज ने सीबीआईको खूब सुनाया, केजरीवाल के लिए तो जमानत का मजा दोगुना हो गया होगा
- सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्जल भुइयां ने आज सीबीआई की जमकर फटकार लगाई
- दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाला केस में गिरफ्तारी पर जताई नाराजगी
- भुइयां ने कहा कि ईडी केस में बेल को निष्प्रभावी करने के लिए सीबीआई ने अरेस्ट किया था

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर तो सुप्रीम कोर्ट बेंच के दोनों जजों में सहमति रही, लेकिन सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी की वैधता को दी गई चुनौती वाली अर्जी पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां में घोर मतभेद दिखा। जस्टिस भुइयां ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से दर्ज मुकदमे में मिली जमानत के लिए तय शर्तों पर भी पुरजोर आपत्ति जताई। इन शर्तों पर उनका रोष साफ-साफ दिखा जब उन्होंने कहा कि वो न्यायिक पद पर बैठे हैं और इसके लिए जिस संयम की मांग है, उसे देखते हुए खास टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। जस्टिस भुइयां ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने साफ कहा कि सीबीआई ने बदनीयती से केजरीवाल को तब गिरफ्तार किया जब वो ईडी केस में जमानत पाकर जेल से निकलने वाले थे।

अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई की गिरफ्तारी को अवैध ठहराने और सीबीआई केस में जमानत की मांग की दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। सुप्रीम कोर्ट की पीठ के दोनों जजों ने दोनों मामलों में अपने-अपने आदेश पढ़े। जस्टिस सूर्यकांत ने सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी में कोई खामी नहीं पाई और उसे वैध बताया। हालांकि, जस्टिस उज्जल भुइयां ने गिरफ्तारी की टाइमिंग का हवाला देकर सीबीआई की नीयत पर सवाल उठाया। उन्होंने साफ कहा कि सीबीआई ने इसलिए गिरफ्तार किया ताकि केजरीवाल ईडी मामले में जमानत मिलने के बावजूद जेल से बाहर नहीं निकल पाएं। उन्होंने कहा, 'सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया जाना केवल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामले में उन्हें दी गई जमानत को विफल करने के लिए था।'

### सीबीआई की नीयत पर शंका, जस्टिस भुइयां ने खूब सुनाया

जस्टिस भुइयां ने जस्टिस सूर्यकांत की तरह ही सीबीआई मामले में केजरीवाल को जमानत देने के पक्ष में फैसला दिया। उन्होंने अलग से अपना आदेश पढ़ते हुए कहा, 'सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी जवाबों से कहीं अधिक सवाल खड़े करती है। सीबीआई ने उन्हें तब गिरफ्तार करने की जरूरत महसूस नहीं की, हालांकि उनसे मार्च 2023 में पूछताछ की गई थी और यह केवल तब हुआ जब उनकी ईडी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई। तभी सीबीआई सक्रिय हो गई और उसने केजरीवाल की हिरासत मांगी। उसे 22 महीने से अधिक समय तक गिरफ्तारी की कोई जरूरत महसूस नहीं हुई थी।' उन्होंने साफ कहा, 'सीबीआई द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई गिरफ्तारी के समय पर गंभीर सवाल उठाती है और सीबीआई द्वारा की गई इस तरह की गिरफ्तारी केवल ईडी मामले में दी गई जमानत को विफल करने के लिए थी।'

### मायावती का अखिलेश को जवाब, कहा- इतने सालों बाद सफाई देना कितना उचित



लखनऊ, प्रात: किरण

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव को गठबंधन टूटने के मुद्दे पर फिर घेरा है। उन्होंने कहा अब इतने साल बाद सफाई देना कितना उचित है। उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट किया। मायावती ने कहा, लोकसभा चुनाव-2019 में यूपी में बीएसपी (बसपा) के 10 व एसपी के 5 सीटों पर जीत के बाद गठबंधन टूटने के बारे में मैंने सार्वजनिक तौर पर भी यही कहा कि सपा प्रमुख ने मेरे फोन का भी जवाब देना बंद कर दिया था, जिसको लेकर उनके द्वारा अब इतने साल बाद सफाई देना कितना उचित व विश्वसनीय? सोचने वाली बात। मायावती ने आगे कहा, बीएसपी सैद्धान्तिक कारणों से गठबंधन नहीं करती है और अगर बड़े उद्देश्यों को लेकर कभी गठबंधन करती है तो फिर उसके प्रति ईमानदार भी जरूर रहती है। सपा के साथ सन 1993 व 2019 में हुए गठबंधन को निभाने का भरपूर प्रयास किया गया, किंतु बहुजन समाज का हित व आत्म-सम्मान सर्वोपरि है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 14 सितंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### बाल संरक्षण गृह पौड़ी में एक बालक ने की आत्महत्या, कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस



**पौड़ी, एजेंसी।** उत्तराखंड के पौड़ी में से एक बालक के द्वारा की गई आत्महत्या की खबर सामने आ रही है। दरअसल, यह घटना पौड़ी शहर के गाडोली के समीप बाल संरक्षण गृह में हुई है। जहां एक बालक ने आत्महत्या की है। वहीं इस घटना की सूचना के मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल संरक्षण गृह पौड़ी में 17 वर्षीय बालक ने आत्महत्या की है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। साथ ही परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। वहीं जांच पूरी होने के बाद ही साफ होगा कि आत्महत्या का मुख्य कारण क्या रहा होगा।

### मूसलाधार बारिश के कारण उप शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में घुसा मलबा और पानी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। इसमें लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच नैनीताल जिले में मूसलाधार बारिश के कारण उप शिक्षा अधिकारी ओखलकांडा के कार्यालय के अंदर पानी घुस आया। ऐसे में लोगों ने कार्यालय से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। दरअसल, नैनीताल जिले में मूसलाधार बारिश के कारण खन्यु में उप शिक्षा अधिकारी ओखलकांडा का कार्यालय पानी-पानी हो गया है। इस दौरान लगातार बारिश के चलते सड़क का मलबा और पानी कार्यालय के अंदर घुस आया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि बारिश के कारण ओखलकांडा कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामग्री भी पानी-पानी हो गए है। वहीं यहां रह रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई । बता दें कि हल्द्वानी में लगातार बारिश के कारण सूर्या नाले का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं इस दौरान सड़क के ऊपर से पानी बह रहा है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा के लिए यातयात बंद किया गया है। साथ ही नाले के दोनों तरफ पुलिस तैनात की गई। इसके अतिरिक्त खटीमा और चम्पावत जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

### हल्द्वानी में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान गौला नदी में बहा युवक, पैर फिसलने के कारण हुआ हादसा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसा हो गया। इसमें मूर्ति विसर्जन करते समय एक व्यक्ति पैर फिसलने से गौला नदी में बह गया। वहीं मौके पर मौजूद जल पुलिस ने तत्परता दिखाई और व्यक्ति को डूबने से बचाया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी में गणेश मूर्ति विसर्जन करने आए एक युवक का अचानक पैर फिसलने से वह गौला नदी में डूब गया। वहीं मौके पर तैनात जल पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक की जान बचाई। दरअसल,पहाड़ों में हो रही बारिश से गौला नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

# 14 साल बाद उत्तराखंड के जलाशयों में फिर दिखी गोल्डन महाशीर की चमक

**भीमताल, एजेंसी।**

विज्ञानियों के अनुसंधानों से विलुप्तप्राय हुई राज्य मछली को 14 साल बाद फिर नवजीवन मिला है। जिसकी वजह से अब उत्तराखंड के जलाशयों में गोल्डन महाशीर की चमक दिखने लगी है।

वजूद बचाए रखने के लिए शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय भीमताल ने सिक्किम, मेघालय और केरल को गोल्डन महाशीर के 65 हजार फिंगर लिंग उपलब्ध करा चुका है। अरुणाचल प्रदेश को भी 40 हजार देने की तैयारी में है।

वहीं निदेशालय के विज्ञानी हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य-प्रदेश व जम्मू एंड कश्मीर के मत्स्य विज्ञानियों को प्रशिक्षण देकर स्वर्ण मछली की वंश वृद्धि के मंत्र भी दिए हैं।

विश्व भर में जीव, जंतुओं, धरोहरों के संरक्षण की स्थिति के प्रबंधन में सुधार एवं कमियों का सर्वे कर सूची जारी करने वाली इंटरनेशनल यूनियन फोर कंजर्वेटिव आफ नेचुरल (आइयूसीएन) ने वर्ष 2010 में उत्तराखंड राज्य मछली गोल्डेन महाशीर के प्रदेश में विलुप्तप्राय होने की घोषणा की थी।



इसके बाद शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय भीमताल के विज्ञानी राज्य मछली की वंश वृद्धि के लिए अनुसंधान में जुट गए थे। तरह-तरह के परीक्षण एवं तापमान में बदलाव करते हुए उन्होंने मछली का वंश बढ़ाने के तरीके जानने में सफलता हासिल कर ली। जिसकी वजह से प्रदेश में विलुप्तप्राय हो चुकी राज्य मछली फिर वजूद में आ गई।

गोल्डेन महाशीर की लंबाई लगभग नौ फिट एवं वजन 54 किलोग्राम तक होता है। इस मछली की मांग देश के कई प्रदेशों में है। निदेशालय ने सिक्कम को 40 हजार, मेघालय 15 हजार और केरल को 10 हजार गोल्डेन महाशीर के फिंगरलिंग दिए हैं। साथ ही उत्तराखंड में नदियों, झीलों व प्राकृतिक जल स्त्रोतों में लाखों फिंगर लिंग को पलने के लिए छोड़ा जा चुका हैं। इसके शिकार को प्रतिबंधित किया जा चुका है। भीमताल हैचरी में नई तकनीकी से बारह महीने गोल्डन महाशीर के बीच का उत्पादन किया जा रहा है। निदेशालय के वरिष्ठ विज्ञानी डा. मो. शाहबाज अख्तर ने बताया कि प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जरूरत से ज्यादा शिकार एवं जलीय माहौल में बदलाव होने की वजह से गोल्डेन महाशीर के विलुप्त होने का मुख्य कारण था।

# दिल्ली की तरह उत्तराखंड में भी बना कचरे का पहाड़, 150 मीट्रिक टन कूड़ा रोजाना डंप

**हल्द्वानी, एजेंसी।**

कुमाऊं का प्रवेशद्वार यानी हल्द्वानी शहर। हरे-भरे पहाड़ों और वादियों के दीदार करने के लिए देश-विदेश के लोगों का पहाड़ पहुंचने का रास्ता यही है। लेकिन मन में हरियाली को देखने की हसरत लेकर आने वाले इन पर्यटकों को सिस्टम की लापरवाही के कारण पहले कचरे का पहाड़ देखना पड़ता है।

शहर के बाइपास पर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में हर दिन 150 मीट्रिक टन कचरा डंप हो रहा है। लेकिन नगर निगम के पास निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। मौजूदा हाल ये है कि ट्रंचिंग ग्राउंड की चार हेक्टेयर भूमि में जगह न बचने के कारण सड़क तक में कचरा पसरा हुआ है।

हल्द्वानी नगर निगम की आबादी करीब साढ़े चार लाख हैं। घरों से लेकर व्यापारिक प्रतिष्ठानों से रोजाना कूड़ा उठाया जाता है। कूड़ा निस्तारण को लेकर कोई योजना नहीं होने के कारण सारी गंदगी बाइपास स्थित ग्राउंड में जमा हो जाती है। हल्द्वानी के अलावा नैनीताल, भीमताल और भवाली का कचरा भी यहां पहुंचता है। 2022 में निगम ने कंपोस्ट प्लांट का प्रस्ताव तैयार किया था। 17 करोड़ रुपये इस प्रोजेक्ट में खर्च होने थे।

शासन बजट देने को तैयार था। लेकिन प्लांट के संचालन के लिए हर माह निगम को 90 लाख रुपये खर्चा झेलना पड़ता। जिस वजह से प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके बाद अगस्त 2023 में हुई निगम बोर्ड बैठक में तय हुआ कि नेशनल पावर थर्मल कारपोरेशन (एनटीपीसी) की मदद से वेस्ट टू चारकोल प्लांट तैयार किया जाएगा।

एनटीपीसी की टीम ने ट्रंचिंग ग्राउंड का सर्वे चारकोल प्लांट के लिए सहमति भी व्यक्त की।



लेकिन शर्त जोड़ते हुए कहा कि मौजूदा कचरे का सफाया कर उन्हें खाली जमीन दी जाए। अगर ये संभव नहीं है तो ट्रंचिग ग्राउंड की जगह किसी नए स्थल पर वेस्ट टू चारकोल प्लांट के निर्माण के लिए भूमि ढूंढी जाए। फिलहाल एक साल से अधिक समय होने के बावजूद नगर निगम दोनों में से कोई उपाय नहीं कर सका। दूसरी तरह हालात हर दिन बुरे हो रहे होते जा रहे हैं।

आमतौर पर हल्द्वानी शहर में वायु प्रदूषण की मात्रा 100 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रहती है। यह हवा में पर्टिकुलेट मैटर यानी पीएम-10 की मात्रा है। लेकिन गर्मियों में कूड़े की नमी खत्म होने के कारण ट्रंचिंग ग्राउंड में आग लगना शुरू हो जाता है।

अप्रैल 2022 में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच से पता चला था कि कूड़े के पहाड़ के धधकने पर गौला बाइपास पर प्रदूषण का स्तर 136 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पहुंच जाता है।

# अल्मोड़ा में लगातार बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, जिला प्रशासन ने सभी तहसीलों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा



**अल्मोड़ा, एजेंसी।**

उत्तराखंड में बारिश का कहर लगातार जारी है। मैदानों से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों तक झमाझम बारिश हो रही है। इसी बीच जनपद अल्मोड़ा में मूसलाधार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने की खबर सामने आई है। इस दौरान बारिश के चलते जिले में राष्टीय राजमार्ग अल्मोड़ा-क़्वारब के बीच अवरूद्ध हो गया है।

जानकारी के अनुसार जनपद अल्मोड़ा में लगातार बारिश के कारण राष्टीय राजमार्ग अल्मोड़ा-क़्वारब के बीच अवरूद्ध हो गया है। इसी के साथ राज्य मार्ग रानीखेत-मोहान के पास पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण मार्ग बंद हो गया है। वहीं जनपद की 4 ग्रामीण सड़कें पहाड़ी से भारी मलबा आने के कारण बाधित है। ऐसे में जिला प्रशासन ने सभी तहसीलों को भारी बारिश को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहने की अपील की है। फिलहाल मोटर मार्ग को खोलने का कार्य जारी है। गनीमत रहा कि जनपद में अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है।

# पहाड़ी से गिरा भारी मलबा और बोल्डर, बदरीनाथ हाईवे करीब एक घंटे तक रहा बंद

**चमोली/कर्णप्रयाग , एजेंसी।**

कमेड़ा में बदरीनाथ हाईवे लगभग एक घंटे बंद रहने से वाहन फंसे रहे। बारिश के चलते यहां लगातार पहाड़ी से मलबा-बोल्डर गिर रहा है।

चमोली कर्णप्रयाग में कमेड़ा के निकट दो स्थानों पर बृहस्पतिवार को पहाड़ी से मलबा और बोल्डर आने से बदरीनाथ हाईवे करीब एक घंटे तक बंद रहा। जेसीबी मशीन से मलबा हटाए जाने के बाद हाईवे यातायात के लिए सुचारु हुआ। सुबह से जारी बरसात के कारण पहाड़ी से मलबा आने व बोल्डर टूटने के कारण बदरीनाथ हाइवे कमेड़ा स्लाइडिंग जोन और पेट्रोल पंप के निकट बाधित हो गया।

सुबह सात बजे करीब हाइवे बंद होने से दोनों ओर वाहन फंसे रहे।



एनएचआइडीसीएल द्वारा जेसीबी मशीन से मलबा साफ करने के बाद आठ बजे करीब हाईवे को छोटे बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया ।

## लगातार बारिश के बीच ऊंची चोटियों पर बर्फबारी से लुढ़का पारा; उत्तरकाशी में आज भारी वर्षा का अलर्ट

**गढ़वाल, एजेंसी।** चारों धाम में भारी वर्षा के साथ ही ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। चमोली जिले में बुधवार रात से गुरुवार देर शाम तक वर्षा होती रही। इसके साथ ही बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब और नीती-मलारी घाटी में बर्फबारी होने से ठंड का एहसास होने लगा है। बीते दिन बदरीनाथ और केदारनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी हुई थी। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की पहाड़ियों पर गुरुवार को सीजन का पहला हिमापत हुआ। बर्फबारी का दृश्य देख श्रद्धालु भी खासे उत्साहित हैं। चमोली जिले में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के बाद पारा लुढ़क गया है। सुबह और रात में ठंड का एहसास होने लगा है। इसको देखते हुए लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। नीती और माणा घाटी के सीमावर्ती इलाकों में सेना के कैंप भी बर्फबारी से ढक गए हैं।

# चमोली में मूसलाधार बारिश के कारण मलबा आने से बद्रीनाथ एनएच बंद, यात्रियों को भारी परेशानी

**चमोली, एजेंसी।**

उत्तराखंड सीमांत जनपद चमोली में मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। इसी बीच बद्रीनाथ और हेमकुंड की पहाड़ियों में हल्की बर्फबारी शुरू होने से क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पढ़नी शुरू हो गई है। वहीं भारी बारिश के चलते बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर मलबा आने से मार्ग बंद हो गया है। इसमें यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चमोली में लगातार भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ नेशनल हाईवे नंदप्रयाग में पहाड़ी से मलबा और बोल्डर आने के कारण बंद हो गया है। इसके चलते यात्रा वाहनों को पुलिस प्रशासन के द्वारा कोठियाल सैण बाईपास से आर पार करवाया जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भारी बारिश के चलते पूरा बद्रीनाथ क्षेत्र शीतलहर की चपेट में आ गया है। इसमें बद्रीनाथ पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों को ठंड से दो-चार होना पड़ रहा है। बता दें कि चमोली में मूसलाधार बारिश के कारण तीर्थ यात्रा में आने वाले लोगों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। वहीं भारी बारिश के कारण बद्रीनाथ में अलकनंदा नदी उफान पर है।



## मैनेजर और लिपिक बारी-बारी से संभालते हैं कैशियर का काम

**रूड़की, एजेंसी।** विकासखंड के दिउली क्षेत्र में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा बिना कैशियर के संचालित हो रही है। यहां शाखा प्रबंधक व लिपिक बारी-बारी से कैशियर का काम संभालते हैं। जिससे अन्य विभागीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने जल्द कैशियर की तैनाती की मांग की है।

यमकेश्वर विकासखंड के करीब 50 गांवों के लोगों के लिए दिउली में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा संचालित की जाती है। यह बैंक पौड़ी जनपद के अच्छे व्यवसाय देने वाले बैंकों में शामिल है। बैंक में दस हजार से अधिक खाताधारक हैं। बैंक में हर दिन करीब 100 से अधिक खाताधारक लेनदेन के लिए पहुंचते हैं।

ऐसे में कैशियर न होने से खाताधारकों को काफी दिक्कतें होती हैं। सबसे अधिक दिक्कतें बुजुर्गों व दिव्यांगों को होती है। इन्हें यहां काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। बावजूद इसके विभाग इस शाखा में कर्मचारियों की तैनाती को लेकर गंभीर नहीं है। करीब ढाई माह पूर्व यहां तैनात कैशियर की पदोन्नति होने के बाद वह दूसरी शाखा में स्थानांतरित हो गए थे। जिसके बाद से यहां कैशियर का पद रिक्त चल रहा है। जिस पर यहां तैनात शाखा प्रबंधक व लिपिक ही बारी-बारी से कैशियर की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# रूड़की में चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, 1 अपराधी गोली लगने से घायल

**रूड़की, एजेंसी।**

उत्तराखंड में रूड़की के मंगलौर कोतवाली के नसीरपुर कलां पुरकाजी मार्ग में पुलिस और बदमाशों के बीच देर रात्रि मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। वहीं दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। इस दौरान पुलिस ने घायल बदमाश को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने जानकारी दी है कि बीती देर रात्रि पुलिस गंगनहर नसीरपुर मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को एक कार आती हुई दिखाई दी। वहीं पुलिस के द्वारा उसे रूकने का इशारा



किया लेकिन कार चालक ने कार को दौड़ा दिया। पुलिस ने जब उसका पीछा कर रोका तो एक व्यक्ति ने कार से उतरकर पुलिस पर फायर झोंक दिया। इसके जवाब में पुलिस ने भी फायर किया, जिसमें एक बदमाश को गोली लगी है। वहीं दूसरा अपराधी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवा दिया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा कि पुलिस पूछताछ में अपराधी ने अपना नाम मेहराज पुत्र कमरुद्दीन निवासी गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़ बताया, जिसकी उम्र 50 वर्ष है। बताया गया कि बदमाश मंगलौर में बीती 7 सितंबर को हुई लूट के मामले में भी शामिल है तथा अपराधी पर लूट और हत्या जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज है। इसके अतिरिक्त पुलिस संबंधित आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालने में लगी हुई है।

# हरिद्वार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर चेकिंग अभियान तेज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिए ये निर्देश

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद में बढ़ते अपराधिक मामलो को लेकर हरिद्वार पुलिस सतर्क नजर आ रही है। दरअसल, पिछले दिनों हरिद्वार के ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में ज्वेलर्स शोरूम में दिनदहाड़े हुई लूट के बाद जिले भर में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमिन्द्र डोभाल ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। दरअसल, हरिद्वार में ज्वेलर्स शोरूम में दिनदहाड़े हुई लूट के बाद पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। इसमें पुलिस अब गली-मोहल्लों में रहने वाले लोगों का सत्यापन अभियान चला रही है। इसके साथ ही सड़कों पर उतरकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ



और वाहनों की चेकिंग की जा रही है। एएसपी जितेंद्र मेहरा का कहना है कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है, और रात्रि गश्त में भी इजाफा किया गया है।एएसपी हरिद्वार ने बताया कि हरिद्वार के सभी चेक पोस्टों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### 11 साल के शासन में 11 स्कूल ही खोल पाई है केजरीवाल सरकार : संजय

–बीस नये कालेज भी खोलने का किया था वादा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने वाली अरविन्द केजरीवाल सरकार ने चुनावी वादा किया था दिल्ली में पांच सौ नए स्कूल खोले जाएंगे लेकिन आंकड़े बताते हैं पांच सौ तो क्या यह सरकार पचास नये स्कूल भी नहीं खोल सकी। यह कहना है बाबरपुर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष संजय गौड़ का। संजय गौड़ कहते है कुछ स्कूलों की मर्म्त कराकर यह सरकार अपनी पीठ ठोकती है जबकि असलियत यह है की अपने 11 साल के शासन में यह सरकार मात्र 11 स्कूल ही नये खोल पाई है। संजय गौड़ कहते हैं 2013 में भ्रम की स्थिति पैदा करके आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, शासन में पारदर्शिता, डिस्कॉम, बिजली कंपनियों के ऑडिट कराने आदि का वादा करके दिल्ली में सरकार बनाई परंतु पिछले 11 वर्षों के शासन में पूरा मंत्रीमंडल जेल के अंदर जा चुका है जो नहीं गया है उनका नाम भ्रष्टाचारियों की सूची में है। 11 वर्षों में किया गया कोई भी वादा पूरी तरह पूरा नही नही किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अन्ना हजारे के कंधों पर कमान रखकर कांग्रेस की सरकार पर तंज कसकर दिल्ली की सत्ता में आएं उस शीला दीक्षित सरकार ने 15 वर्षों के शासन में विकास का इतिहास रचकर दिल्ली की कायापलट की थी। मेट्रो, फ्लाईओवर, हरित क्रांति, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण, रिहायश के लिए प्लॉट, फ्लैट बनाकर आदि के क्षेत्र क्रांतिकारी बदलाव किए थे। जहां शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय बनाएं वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में दिल्ली को लोगों के इलाज व स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए डिस्पेंसरियां, अस्पताल व सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल भी बनाऐ। संजय गौड़ नें कहा कि केजरीवाल सरकार, जो तथाकथित ह्लशिक्षा के दिल्ली मॉडलह्ल का रोना रो रही है। कांग्रेस ने स्कूल, कॉलेजों के लिए 67 खाली भूखंड दिए थे जिनमें कोई कॉलेज या विश्वविद्यालय नहीं खोला 11 वर्षों में सिर्फ 11 स्कूल ही बना सकी, जबकि कांग्रेस सरकार ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विश्वविद्यालय, 11 कॉलेज, प्रतिष्ठित आईपी यूनिवर्सिटी की स्थापना की और सैंकड़ो स्कूल खोले। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने 500 स्कूल, कॉलेज और 20 नये कालेज खोलने जैसे कई वादे किए थे, जो कागजों पर ही रह गए।

# एक बार फिर तानाशाह हारा और सत्य की हुई जीत : आप

नई दिल्ली, प्रात : किरण

- सीबीआई पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए- सौरभ भारद्वाज
- सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को एक बार फिर केंद्र सरकार के पिंजरे में कैद तोता कहा है, यह टिप्पणी पिंजरें के मालिक के लिए भी की है- सौरभ भारद्वाज
- कोर्ट ने साफ कहा है कि सीबीआई ने केजरीवाल को केवल इसलिए गिरफ्तार किया, क्योंकि उन्हें ईडी केस में निचली अदालत ने जमानत दे दी थी- सौरभ भारद्वाज
- आम आदमी पार्टी बार-बार कह रही थी कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है, कोर्ट ने आज उस पर मुहर लगा दी- सौरभ भारद्वाज
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भाजपा और सीबीआई के साजिशों की पोल खोल दी है, यह उसके मुंह पर करारा तमाचा है- आतिशी
- केजरीवाल को जेल में डालकर भाजपा आम आदमी पार्टी और दिल्लीवालों को परेशान करना चाहती थी, लोगों में बहुत गुस्सा है- आतिशी
- केजरीवाल आ गए हैं, भाजपा की वजह से दिल्लीवालों को जिन परेशानियों का सामना करना पड़ा है, अब उससे निजात मिलेगी- आतिशी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा और उसकी केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक बार फिर तानाशाह हारा और सत्य की जीत हुई। वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने फैसला देते वक्त सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीबीआई पर की गई तल्ख टिप्पणियों पर कहा कि अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को एक बार फिर केंद्र सरकार के पिंजरे में कैद तोता कहा है। यह टिप्पणी केवल सीबीआई के लिए ही नहीं है, बल्कि उस पिंजरें के मालिक के लिए भी की है। कोर्ट ने साफ कहा है कि सीबीआई ने केजरीवाल को केवल इसलिए गिरफ्तार किया, क्योंकि उन्हें ईडी केस में निचली अदालत ने जमानत दे दी थी और वह बाहर आने वाले थे। उन्होने कहा कि हम बार-बार कह रहे थे कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और आज कोर्ट ने उस पर मुहर लगा दी है।

सुप्रीम कोर्ट से सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने को लेकर आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर भाजपा पर हमला बोला। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जितने मामले अंडर ट्रायल हैं, उनमें एक को छोड़कर बाकी सबको जमानत मिल चुकी है। आज सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देते हुए यही टिप्पणियां की हैं। हम लोग पिछले दो साल से लगातार जो कह रहे थे, लगभग वही बातें आज सुप्रीम कोर्ट ने कहीं हैं। यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है। एक साधारण जमानत मिलना अलग है। सुप्रीम कोर्ट ने बेले देने के साथ कहा है कि 22 महीने पहले सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल से पूछताछ की थी। इतने महीनों बाद सीबीआई ने अब केजरीवाल को केवल इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि उन्हें ट्रायल कोर्ट की जज न्याय बिंदू ने जमानत दे दी थी। सीबीआई को लगा कि अब अरविंद केजरीवाल बाहर आ सकते हैं। इसलिए उसने केवल केजरीवाल को जेल में रखने के उद्देश्य से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। यह बड़ी बात सुप्रीम कोर्ट ने कही है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश की सबसे प्रतिष्ठित एजेंसी सीबीआई को यूपीए सरकार में पिंजरे में कैद तोता बताया गया था, आज सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की भाजपा सरकार के अधीन सीबीआई को एक बार फिर पिंजरे में कैद तोता कह दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई जैसी प्रमुख जांच एजेंसी को निष्पक्ष दिखना चाहिए। बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए और उसे मालिक के इशारे पर चलने वाला तोता नहीं बनना चाहिए।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कोर्ट ने ये सारी बातें सीबीआई को नहीं, बल्कि केंद्र की भाजपा सरकार को कही हैं। क्योंकि सीबीआई केवल एक तोता है, जिसकी मालिक केंद्र की भाजपा सरकार है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जो आक्षेप लगाए हैं, वो तोते पर नहीं, बल्कि तोते और उस पिंजरे के मालिक पर लगाए हैं कि उसने दुर्भावना के चलते षड़यंत्र कर एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने सीबीआई की टाइमिंग और उसकी गिरफ्तारी को लेकर बड़े सवाल उठाए हैं। आखिर में कोर्ट ने कहा कि सीबीआई को पिंजरे से बाहर निकलना चाहिए। यह धारणा बननी बहुत जरूरी है कि सीबीआई स्वतंत्र रूप से काम करती रही है। इसका साफ मतलब है कि इस देश में आज सीबीआई जैसी एजेंसी को भी स्वतंत्र नहीं माना जा रहा है। केंद्र सरकार के लिए इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है कि देश की सबसे बड़ी अदालत इस तरह की टिप्पणी कर रही है।



सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चूंकि सीबीआई गृह मंत्रालय के अधीन है, इसलिए केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने उनके ऊपर प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो वे खुद कांग्रेस सरकार पर सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाते थे, आज उनकी केंद्र सरकार खुद उससे ज्यादा दुरुपयोग इन जांच एजेंसियों का कर रही है। यह बहुत शर्म की बात है। जब सुप्रीम कोर्ट यह बात कह रहा है, तो इससे बड़े सवाल खड़े होते हैं। आम आदमी पार्टी जो बात कह रही थी, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर मुहर लगा दी है।

वहीं, आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले 2 साल में भाजपा शासित केंद्र सरकार और उनकी राजनीतिक हथियार ईडी-सीबीआई ने आम आदमी पार्टी को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि एक झूठे व फर्जी केस में आप के हर नेता के घर व ऑफिस, लॉकर और पैतृक गांव में रेड हुई। सैकड़ों अफसर लगाने और हजारों कागजात देखने के बाद न तो ईडी और ना ही सीबीआई को भ्रष्टाचार का एक भी रुपया मिला। क्योंकि आम आदमी पार्टी एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। इसके बावजूद आप नेताओं को गिरफ़्तार कर जेल में डाला गया। मनीष सिसोदिया 17 महीने, संजय सिंह 6 महीने और पार्टी के मीडिया इंचार्ज विजय नायर दो साल जेल में रहे। जबकि अरविंद केजरीवाल मार्च से सितंबर तक जेल में रहे।

आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने बार-बार कहा कि ईडी और सीबीआई भाजपा की तानाशाह सरकार के सिर्फ राजनीतिक हथियार है। आज इस बात को देश के सुप्रीम कोर्ट ने भी कह दिया कि, सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को सिर्फ.इसलिए गिरफ़्तार किया, क्योंकि उन्हें पता था कि उनको ईडी से बेल मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मोहर लगाई कि सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को इसलिए गिरफ़्तार नहीं किया, क्योंकि उसके पास भ्रष्टाचार का सबूत था, बल्कि इसलिए गिरफ़्तार किया क्योंकि उन्हें और लंबे समय तक जेल में रखना चाहती थी। भाजपा की केंद्र सरकार के मंत्रियों, खासकर गृहमंत्री अमित शाह को सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद चुल्लू भर पानी में डूबना चाहिए। आज सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मोहर लगा दी कि सीबीआई सिर्फ एक राजनीतिक मोहरा बनकर रह गई है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को अपने आदेश में कहना पड़ा कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते के समान काम नहीं करना है। सीबीआई को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करना पड़ेगा। आज पूरा देश और सुप्रीम कोर्ट देख रहा है कि सीबीआई और ईडी सिर्फ एक राजनीतिक हथियार बन गए है। हम यह मांग करते हैं कि गृहमंत्री अमित शाह को सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि अब जगजाहिर हो गया है कि आप को टारगेट करने के लिए इन एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया। साथ ही, मैं आप के सभी नेताओं-कार्यकताओं को बधाई देती हूं कि दो साल के संघर्ष, दबाव और परेशानियों के बावजूद बिना टूटे, बिना झुके तानाशाह के खिलाफ लड़ते रहे और दिखा दिया कि हम इस तानाशाही से नहीं डरने वाले। हम आंख में आंख डालकर इनके खिलाफ संघर्ष करेंगे और जैसे तानाशाह को आज झुकना पड़ा, वैसे ही आगे भी झुकना पड़ेगा। आखिरकार संविधान की जीत हुई है और आगे भी संविधान की जीत होगी।

# राजीव शर्मा बने भाजपा दिल्ली प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के सह-संयोजक

- वर्तमान में भाजपा सदस्यता अभियान को गति देना सर्वोच्च प्राथमिकता

नई दिल्ली, प्रात : किरण



भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा की संतुति के बाद पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुनील कुमार गोयल द्वारा शाहदरा जिले के कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बलदेव पार्क निवासी पेपर व्यापारी राजीव शर्मा को सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह - संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई । राजीव शर्मा ने नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है मैं उसे पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ निभाने का हर संभव प्रयास करूंगा । उन्होंने यह भी कहा कि देश की मोदी सरकार द्वारा गरीब व मजलूमों के उत्थान हेतु जो सहकारी आंदोलन शुरू किया गया है उसे ऊंचाइयों तक ले जाना और भाजपा को मजबूती प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी । लेकिन वर्तमान में पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देना अधिक से अधिक नए लोगों को पार्टी से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है । ज्ञात रहे 12 सितंबर को प्रदेश कार्यालय में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा , प्रकोष्ठों के प्रभारी अशोक ठाकुर व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा द्वारा सभी प्रकोष्ठों की ज्वाइंट बैठक बुलाई गई जिसमे सभी से सदस्यता अभियान को तेज करने व निचले स्तर तक जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान भी किया गया है ।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पिंजरे में बंद तोते की तरह काम कर रही सीबीआई

- यह फैसला भाजपा के मुंह पर कड़ा तमाचा है, कोर्ट ने साफ कहा है कि केंद्र ने जांच एजेंसियों को तोता बनाकर रखा हुआ है- मनीष सिसोदिया
- भाजपा ईडी-सीबीआई जैसे तोता-मैना का इस्तेमाल करके बाबा साहब के संविधान को खत्म नहीं कर सकती- संजय सिंह
- इस फैसले ने संदेश दिया है कि अगर कोई तानाशाही चलाएगा और एजेंसियों का दुरुपयोग करेगा तो संविधान उसकी रक्षा करेगा- मनीष सिसोदिया
- सीबीआई ने केजरीवाल को किसी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार नहीं किया, बल्कि भाजपा की मंशा के तहत गिरफ्तार किया- मनीष सिसोदिया
- भाजपा ईडी-सीबीआई का खुलेआम दुरुपयोग कर रही है और आज सुप्रीम कोर्ट के सामने एक्सपोज हो गई, उसे देश से माफी मांगनी चाहिए- मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण



## आखिरकार केजरीवाल भाजपा के तमाम कुचक्रों के बाद बाहर आएंगे, यह हम सबके लिए बहुत भावुक क्षण है- मनीष सिसोदिया

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता की। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह आम आदमी पार्टी, दिल्ली सरकार और दिल्ली के हर परिवार के लिए एक बड़ी राहत की बात है। यह हम सबके लिए बहुत भावुक क्षण है कि हमारे भाई, हमारे प्रिय नेता और राजनीतिक गुरु अरविंद केजरीवाल भाजपा के तमाम कुचक्रों के बाद बाहर आएंगे। भाजपा की तमाम साजिशें असफल हो जाएंगी। यह केवल अरविंद केजरीवाल की जमानत की बात नहीं है, बल्कि आज सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को भी एक बहुत बड़ा संदेश दिया है कि उसे अपनी तानाशाही बंद करनी पड़ेगी।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हुए भाजपा व उसकी केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भाजपा के मुंह पर करारा तमाचा है। कोर्ट ने साफ कहा है कि केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों को ह्यपिंजरे का तोता बनाकर रखा हुआ है। सीबीआई पिंजरे के तोते की तरह काम कर रही है। कोर्ट के इस फैसले ने देश को संदेश दिया है कि अगर कोई तानाशाही चलाएगा और एजेंसियों का दुरुपयोग करेगा तो संविधान उसकी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की मंशा थी कि केजरीवाल जेल में रहें। इसलिए उसने ईडी मामले में बेल मिलने के तुरंत बाद सीबीआई से उन्हें गिरफ्तार करवा दिया। लेकिन अब भाजपा सुप्रीम कोर्ट के सामने एक्सपोज हो गई है कि वह ईडी-सीबीआई का खुलेआम दुरुपयोग कर रही है। इसके लिए उसे देश से माफी मांगनी चाहिए। वहीं, संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ईडी-सीबीआई जैसे तोता-मैना का इस्तेमाल करके बाबा साहब के संविधान को खत्म नहीं कर सकती।

### सीबीआई ने केजरीवाल को केवल जेल में रखने की मंशा से गिरफ्तार किया

उन्होंने कहा कि कोर्ट का यह फैसला सिर्फ पार्टी, सरकार या किसी एक व्यक्ति के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि देश के आम आदमी को यह संदेश और भरोसा दिया है कि आप चिंता मत करो, अगर कोई तानाशाही चलाएगा और एजेंसियों का दुरुपयोग करेगा तो देश का संविधान उसकी रक्षा के लिए खड़ा है। सुप्रीम कोर्ट का संदेश साफ है कि तानाशाही के खिलाफ देश का संविधान हर आम आदमी की रक्षा के लिए है। भारत में न ईडी-सीबीआई और न ही किसी तानाशाही कानून की चलेगी, बल्कि भारत में केवल देश का संविधान चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि भाजपा ने ईडी- सीबीआई को अपने तोता-मैना की तरह इस्तेमाल करते हुए किसी भी तरह अरविंद केजरीवाल को जेल में रखने के लिए साजिशें रची थीं। आज कोर्ट में यह बात कही गई कि जिस तरह से सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया, उससे यह साफ है कि केजरीवाल को अंदर रखने की मंशा से उन्हें गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने केवल केजरीवाल को जेल में रखने की मंशा से उन्हें गिरफ्तार किया।

### ईडी-सीबीआई का खुलेआम दुरुपयोग कर रही भाजपा को शर्म आनी चाहिए

मनीष सिसोदिया ने कहा कि सवाल उठता है कि यह मंशा किसकी है? क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने तो कुछ गलत नहीं किया है। इसके पीछे असली मंशा भाजपा की है। भाजपा की यह मंशा थी कि अरविंद केजरीवाल जेल के अंदर रहें। इसलिए जब ईडी मामले में केजरीवाल बाहर आने लगे, तब उन्हें सीबीआई से गिरफ्तार करवाया गया। यह सब कुछ बहुत सोची-समझी साजिश के तहत हुआ। सीबीआई ने केजरीवाल को किसी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार नहीं किया, बल्कि उन्हें भाजपा की मंशा के तहत गिरफ्तार किया। हम लगातार यह बात कह रहे थे और आज सुप्रीम कोर्ट ने इसे सही ठहराया है कि सीबीआई ने केवल भाजपा की मंशा को पूरा करने के लिए अरविंद केजरीवाल को ठीक उस समय गिरफ्तार किया, जब ईडी केस में बाहर आने वाले थे। भाजपा को इस पर थोड़ा आत्म मंथन करना चाहिए। उसे इस बात के लिए शर्म महसूस करनी चाहिए कि वह ईडी-सीबीआई का इतना खुलेआम दुरुपयोग कर रही थी कि आज वह सुप्रीम कोर्ट के सामने एक्सपोज हो गई।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा को देश के संविधान और बाबा साहब से माफी मांगनी चाहिए कि उसने किस तरह से एजेंसियों का दुरुपयोग करके दिल्ली के एक चुने हुए मुख्यमंत्री को जेल में डाला। उसने एक कट्टर ईमानदार व्यक्ति को जेल में डाला और जब वह एक एजेंसी के झूठे मुकदमों से छूटने वाले थे, तो दूसरी एजेंसी लगाकर उन्हें गिरफ्तार करवा दिया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के प्रति लोगों का बहुत प्यार है। आज यह बात साफ हो गई है कि जब तक लोगों का प्यार, भगवान राम और हनुमान जी का आशीर्वाद, और देश के संविधान का कवच अरविंद केजरीवाल के साथ है, तब तक अरविंद केजरीवाल जैसे कट्टर ईमानदार आदमी का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### आप नेताओं की जमानत ने साबित कर दिया कि अब भाजपा के झूठ का पहाड़ ध्वस्त हो चुका है- संजय सिंह

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि हम पहले दिन से कह रहे हैं कि यह पूरा मामला झूठ की बुनियाद पर खड़ा किया गया है। इस झूठ को बनाने और फैलाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेदार है। देश की तानाशाही हुकूमत ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को बदनाम करने और खत्म करने के लिए ईडी और सीबीआई के साथ झूठ का पहाड़ खड़ा किया। लेकिन पहले मनीष सिसोदिया की रिहाई, फिर बाकी सारे लोगों की रिहाई और अब हमारी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल की जमानत ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा के झूठ का पहाड़ ध्वस्त हो चुका है।

### अब हम हरियाणा और दिल्ली के चुनावी रण में भाजपा को बुरी तरह से पराजित करेंगे

संजय सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा कि जब केजरीवाल को ईडी मामले में जमानत मिल गई, तो 22 महीने बाद सीबीआई जागी। जिस सीबीआई ने 22 महीने पहले केजरीवाल से पूछताछ की थी, वह 22 महीने बाद जागी कि अब उसे केजरीवाल को गिरफ्तार करना है। इसका मतलब यह गिरफ्तारी ईडी-सीबीआई की जांच के लिए नहीं की गई थी। उनकी गिरफ्तारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कराई गई गिरफ्तारी थी। हर तानाशाही का अंत होता है। तानाशाह झुकते हैं, उन्हें झुकाने वाला चाहिए। और वह व्यक्ति अरविंद केजरीवाल हैं, जिन्होंने अपनी ईमानदारी, संघर्ष और अपनी निष्ठा के बदौलत दिल्ली और देश की सेवा करके अपनी लोकप्रियता हासिल की है। उन्हें जेल की सलाखों के पीछे नहीं रखा जा सकता। भाजपा उन्हें जेल में रखकर उनके हौसले नहीं तोड़ सकती है। यह आम आदमी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के लिए बहुत खुशी का क्षण है। यह पूरे देश और दिल्ली के लिए भी बहुत खुशी का क्षण है। अब हम हरियाणा और दिल्ली के चुनावी रण में भाजपा को बुरी तरह पराजित करेंगे।

# मैं सच्चा और सही था, इसलिए भगवान ने मेरे हर संघर्ष और मुसीबतों में हमेशा मेरा साथ दिया: केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शुक्रवार शाम जमानत पर जेल से बाहर आ गए। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि यह साजिश पर सत्य की जीत है। जेल में डालकर ये लोग मेरा हौंसला तोड़ना चाहते थे, लेकिन मेरा हौसला सौ गुना और बढ़ गया है। इससे पहले, तिहाड़ से उन्हें लेने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पंजाब के सीएम भगवंत मान, सांसद संजय सिंह व डॉ. संदीप पाठक, मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज समेत आप के तमाम नेता पहुंचे थे। साथ ही, उनके स्वागत में तिहाड़ के बाहर कार्यकताओं व समर्थकों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान बारिश हो रही थी, लेकिन इनके हौसले कम नहीं हुए। बैंड बाजे व आतिशबाजी से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया और केजरीवाल आ गए के जमकर नारे लगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद सबसे पहले भगवान का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैं उन लाखों-करोड़ों लोगों का भी शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मेरे लिए मन्नतें मांगी, दुआएं की, आशीर्वाद भेजे और प्रार्थनाएं कीं। मेरे लिए कई लोग मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे गए। मैं उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि इतनी बारिश में भी आप सभी इतनी बड़ी संख्या में आए हैं, इसके लिए मैं आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। मेरा जीवन देश के लिए समर्पित है। मेरी जिंदगी का हर पल और मेरे खून का हर कतरा इस देश के लिए समर्पित है।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मैंने जीवन में बहुत संघर्ष किया है और बहुत मुसीबतें झेली हैं। लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया, क्योंकि मैं सच्चा और सही था। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया।

# दिल्ली की जनता की सुरक्षा के लिए केजरीवाल सरकार का बड़ा निर्णय, बसों में आग लगने की घटनाओं की जाँच आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञ करेंगे

नई दिल्ली, प्रात : किरण

- आईआईटी-दिल्ली ने जाँच समिति के सदस्यों के नाम की सिफारिश की
- समिति तीन सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट, आठ सप्ताह में अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी
- यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता-श्री कैलाश गहलोत
- आईआईटी-दिल्ली के सहयोग से गठित समिति आग लगने की घटना के मूल कारणों की पहचान करने और दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन बसों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए आवश्यक सुझाव देगी-श्री कैलाश गहलोत

दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत द्वारा परिवहन विभाग को दिल्ली सरकार की बसों में आग लगने की घटनाओं की जांच के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश के बाद, परिवहन विभाग के अनुरोध पर आईआईटी-दिल्ली ने मामले की जांच के लिए छह विशेषज्ञों के नाम की सिफारिश की है। समिति की अध्यक्षता मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अंजन रे करेंगे और इसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और केमिकल इंजीनियरिंग के साथ-साथ ऑटोमोटिव रिसर्च सेंटर सहित कई विभागों के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

एक बयान में, दिल्ली के परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने कहा यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आईआईटी-दिल्ली के सहयोग से गठित समिति मूल कारणों की पहचान करने और दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन बसों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए आवश्यक सुझाव देगी। मुख्यमंत्री



श्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### समिति के सदस्य

1. प्रोफेसर अंजन रे, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग (अध्यक्ष)
2. प्रो. ए.के. सरोहा, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग
3. प्रो. कृष्णकांत अग्रवाल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग,
4. प्रो. सुमित कुमार प्रमाणिक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,
5. प्रो. सौरभ सक्सेना, सेंटर फॉर ऑटोमोटिव रिसर्च एंड ट्राइबोलॉजी,
6. प्रो. राहुल गोयल, ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च एंड इंजूरी प्रिवेंशन सेंटर (सदस्य-संयोजक)

दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक परिवहन बसों में आग लगने की दो अलग घटनाओं के बाद त्वरित कार्रवाई की है। पहली घटना 19 मई, 2024 को हुई थी जिसमें एक इलेक्ट्रिक बस में आग लग गई थी, जबकि दूसरी आग लगने की घटना 29 अगस्त, 2024 को क्लस्टर योजना के तहत चलने वाली सीएनजी बस में हुई थी। इन घटनाओं के आलोक में, परिवहन मंत्री श्री कैलाश गहलोत ने कारणों की जांच करने और निवारक उपायों के लिए आईआईटी दिल्ली के सहयोग से एक बहु-अनुशासनात्मक समिति के गठन का निर्देश दिया था।

### टर्म ऑफ रेफरेंस

-इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों में आग लगने के कारणों की जांच करना।

-इन घटनाओं में बस रखरखाव की भूमिका का आकलन करना।

-संभावित आग की स्थिति में ड्राइवरों को सचेत करने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप की सिफारिश करना।

-आपात स्थिति से निपटने के लिए ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करना।

-भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए निवारक उपाय प्रस्तावित करना।

### आयुष्मान भारत योजना से मिलेगा करोड़ों लोगो को लाभ : मुकेश बंसल

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का फैसला लिया गया है।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू– I (NIT-43) दिनांक: 13.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई / डब्ल्यू / एसएनपी के अनुभाग में एकल विश्वसनीयता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए मौजूदा रिले हट नंबर 07 और 10 के लिए एक स्थायी रिले हट भवन का निर्माण। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 5632898.85 / – |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 112700 / – (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 5 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 08.10.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 08.10.2024 को 15:00 बजे। |
| 6 | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7 | समान प्रकार के कार्य | पूर्वनिर्मित सरंचना की आपूर्ति एवं निर्माण (भवन, केबिन, शौचालय आदि) |

नोट :– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तो के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 2881/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, शनिवार, 14 सितंबर, 2024

## संक्षिप्त खबरें

### आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर में मना हिंदी दिवस

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर के साहित्यिक क्लब अभिव्यक्ति के सौजन्य से हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों के लिए हिंदी में कविता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष सुधाकर पाठक इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब तक भाषाएँ ज़िंदा रहेंगी तब तक संस्कृति और इतिहास ज़िंदा रहेगा। उन्होंने कहा कि हिंदी न सिर्फ़ हमारी संपर्क भाषा है बल्कि देश के नवनिर्माण में भी इसकी अहम भूमिका है। भारतीय संस्कृति से जुड़ाव के लिए उन्होंने छात्रों को भाषाओं से लगाव बनाए रखने को कहा। हिंदी दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूर्वी परिसर के सौ से ज्यादा छात्रों ने भागीदारी की।

### पटाखों पर प्रतिबन्ध से ही नहीं खत्म होने वाला प्रदूषण : जसपाल सिंह खेड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने पिछले कुछ वर्षों की भांति इस साल भी दीपावली के मौके पर पटाखों पर प्रतिबन्ध लगाया है जो कि दिवाली के कुछ बाद तक जारी रहेगा। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा शाहदरा जिले के वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह खेडा का। जसपाल सिंह खेडा कहते है केवल पटाखों पर प्रतिबन्ध मात्र से दिल्ली की आब हवा साफ नही होने वाली। इसके लिए सरकार को बड़ी कार्ययोजना बनानी होगी और उस पर पूरी ईमानदारी से अम्ल करना होगा। जसपाल सिंह खेडा कहते हैं दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय प्रदूषण नियंत्रण का विंटर एक्शन प्लान पुरानी खोखली और बेबुनियाद आधारशिला पर तैयार करने की योजना है जिसे दिल्ली सरकार पिछले 10 वर्षों से दोहरा रही है। जसपाल सिंह खेड़ा कहते हैं दिल्ली में प्रदूषण के लिए केजरीवाल सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। जसपाल सिंह खेड़ा कहते हैं यदि गोपाल राय की यह मंशा हैं कि राजधानी में प्रदूषण का मसला सबके सहयोग और मिलकर निपटेगा, तो प्रदूषण सहित जल भराव, दिल्ली की सड़कों की हालत, नालों की बदहाल स्थिति, भयंकर जल संकट, महिलाओं पर अत्याचार, बिजली बिलों में बेलगाम बढ़ोत्तरी जैसे जनता से जुड़े मामलों पर संज्ञान लेना चाहिए। जसपाल सिंह खेड़ा ने गोपाल राय पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्यों जनता के टैक्स का हजारों करोड़ खर्च होने के बाद भी दिल्ली सरकार दिल्ली वालों को स्वच्छ हवा नही दे पा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से होने वाले प्रदूषण को 31 प्रतिशत बताकर गोपाल राय दिल्ली की जनता को गुमराह क्यों कर रहे है ? जबकि पिछले वर्ष दिसम्बर में डब्लूएचओ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि दिल्ली के खतरनाक प्रदूषण में वाहनों से 10-30 प्रतिशत, सड़क व निर्माण से निकले धूल कण से 10-30 प्रतिशत, औद्योगिक इकाईयों से 10-30 प्रतिशत, खुले में कचरा जलाने से 5-15 प्रतिशत, नजदीकी शहरों में पावर प्लांट से 7 प्रतिशत से कम, मौसमी धूल कण जो नजदीकी राज्यों से आते है 5 प्रतिशत से कम, नजदीकी राज्यों से खेती वेस्ट व पराली जलाने से 3 प्रतिशत से कम कम प्रदूषण होता है। जसपाल सिंह खेड़ा ने कहा कि नजदीकी राज्यों से होने वाले प्रदूषण में पंजाब का नाम न लेकर गोपाल राय ने प्रदूषण नियंत्रण में अपनी नाकामी को स्वीकार लिया है क्योंकि जब पंजाब में दूसरी सरकार थी तब केजरीवाल चीख-चीख कर पंजाब में पराली जलाने को दिल्ली में प्रदूषण का कारण बताते थे, क्या आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद पंजाब में खेती होना बंद हो गई या पराली जलाना बंद कर दिया है।

# सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर विपक्ष ने कहा, संविधान की हुई जीत

- सीएम केजरीवाल को जमानत मिलने से एक बात साफ है कि देश में लोकतंत्र की नींव अभी भी मजबूत है- शरद पवार
- अरविंद केजरीवाल की जमानत ह्यसंविधान की जीतह्ल है, न्याय के दरवाजे पर दी गई दस्तक हमेशा सुनी जाती है- अखिलेश यादव
- सुप्रीम कोर्ट में केंद्रीय एजेंसियों की पोल खुल रही है, सिर्फ विपक्ष के नेताओं को निशाना बनया जा रहा है- तेजस्वी यादव
- कोर्ट के फैसले से मोदी सरकार को सबक सीखना चाहिए कि इस तरह विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है- प्रमोद तिवारी
- कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की जमानत पर कुछ शर्तें रखी गई है, देखना होगा कि संविधान के अनुसार यह शर्तें कैसे लागू होती हैं- डी. राजा
- हेमंत सोरेन के बाद अरविंद केजरीवाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश पढ़ने लायक है, यह साजिश रचने वालों के मुंह पर तमाचा है- मनोज झा
- बिना सबूत के किसी को भी जेल में डाल दिया जा रहा है, अगर सबूत हैं तो कोर्ट के सामने पेश क्यों नहीं किया जा रहा ?- हरिश रावत



**नई दिल्ली, प्रात : किरण**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद देश भर से विपक्षी दलों के नेताओं प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। सभी नेता जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को बधाई दे रहे हैं। इनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से संविधान की जीत हुई है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने से एक बात साफ है कि देश में लोकतंत्र की नींव अभी भी मजबूत है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय के दरवाजे पर दी गई दस्तक हमेशा सुनी जाती है, जबकि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में केंद्रीय एजेंसियों की पोल खुल रही है। सिर्फ विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी का कहना है कि कोर्ट के फैसले से मोदी सरकार को सबक सीखना चाहिए कि इस तरह विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने से एक बात साफ है कि देश में लोकतंत्र की नींव अभी भी मजबूत है। आज की लड़ाई सच्चाई के लिए थी। किसी को घटिया तरीके से बदनाम करने की साजिश लोकतांत्रिक देश में कभी सफल नहीं होगी। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स हैंडल पर कहा कि दिल्ली के लोकप्रिय व जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत ह्यसंविधान की जीतह्ल है। संविधान विरोधी ही संविधान का दुरुपयोग करते हैं। न्याय के दरवाजे पर दी गई दस्तक हमेशा सुनी जाती है। दुनिया अब तक इसी परंपरा पर आगे बढ़ी है और आगे भी बढ़ती रहेगी। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। अच्छी बात है कि अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर ध्यान दें, तो जिस तरह से सरकारी एजेंसियों की पोल खुल रही है, वह भी गौर करने लायक है। जिस भेदभावपूर्ण तरीके से विपक्ष के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, सुप्रीम कोर्ट ने ईडी-सीबीआई को जो फटकार लगाई है, वह भी ध्यान देने योग्य है। इससे भारत सरकार की भी बेइज्जती हो रही है। निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और संवैधानिक संस्थाओं को किसी भी दबाव या राजनीतिक द्वेष से मुक्त रहकर काम करना चाहिए। आज अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है, इसके पहले उनके साथियों को भी जमानत मिल चुकी है। मैं आम आदमी पार्टी के नेताओं और अरविंद केजरीवाल परिवार को बधाई देता हूं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री के बाद अब अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस केस को जमानत के योग्य पाया है। यह मोदी सरकार के लिए करारा तमाचा है, जो इन केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करके देश में भय और आतंक का वातावरण कायम कर रही थीं। अरविंद केजरीवाल पर यह फैसला बहुत विस्तार से आया है। सारे पहलुओं पर विचार करने के बाद यह फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच की सर्वसम्मति से यह फैसला दिया गया है। इसलिए हम इसका स्वागत करते हैं। भाजपा को इससे सबक सीखना चाहिए। मोदी सरकार को यह समझना चाहिए कि इस तरह विरोधी नेताओं को प्रताड़ित करना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। सीपीआई के वरिष्ठ नेता डी. राजा ने कहा कि हम अरविंद केजरीवाल की जमानत का स्वागत करते हैं। वो दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं। अब देखना होगा कि कानून और न्यायिक प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ती है, क्योंकि उनकी जामनत की कुछ कुछ शर्तें रखी गई हैं, जिसके तहत वो मुख्यमंत्री कार्यालय में नहीं जा सकते और उपराज्यपाल की अनुमति के बिना किसी फाइल पर साइन नहीं कर सकते।

# अवैध कॉलोनी पर जीडीए ने चलाया बुलडोजर

- अवैध कॉलोनी में बने ऑफिस, सड़क, बाउंड्रीवाल को किया ध्वस्त

**गजियाबाद, प्रात : किरण**




लोनी एवं ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से काटी जा रही अवैध कॉलोनी में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) प्रवर्तन टीम ने साईट ऑफिस, सड़क, भूखंडों की बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के आदेश पर अनाधिकृत कॉलोनियों एवं अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को जीडीए प्रवर्तन जोन-8 की प्रभारी एवं ओएसडी गुंजा सिंह ने जोन क्षेत्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान ओएसडी ने सहायक अभियंता वीरेंद्र कटारिया, अवर अभियंता राजेश शर्मा एवं जीडीए पुलिस के साथ लोनी और ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत राशिद अली गेट से निठोरा रोड, सबलूगढ़ी रोड,पावी रोड, घिटौरा रोड पर काटी जा रही अनाधिकृत कॉलोनियों में 4 साईट ऑफिस, सड़क, खड़ंजा और भूखंडों की बाउंड्रीवाल को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कराया। उन्होंने निर्देशित किया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अवैध निर्माण पुनः न होने पाए।जीडीए द्वारा लगातार अवैध निर्माण व अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की जा रही है। निर्माण करने वाले एवं कॉलोनाइजर को भी निर्देशित किया कि जीडीए सीमा क्षेत्र में भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाए। कोई भी व्यक्ति किसी भी वादग्रस्त एवं विवादित निर्माण में संपत्ति का क्रय-विक्रय न करें।


## नमो इम्पेक्ट कॉफी टेबिल बुक का विमोचन

**नई दिल्ली, प्रात : किरण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की दस वर्षों की नीतियों पर आधारित नमो इम्पेक्ट कॉफी टेबिल बुक का विमोचन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में संपन्न हुआ। नमो इम्पेक्ट कॉफी टेबल बुक के अंग्रेजी संस्करण के लोकार्पण के अवसर पर केंद्रीय आवास और शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आज सारी दुनिया नरेंद्र मोदी सरकार की विकास और लोककल्याणकारी नीतियों की प्रशंसा कर रही है। मोदी सरकार में देश का कायाकल्प लगातार हो रहा है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से रायपुर के लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, असम और नागालैंड के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजय जॉली, पूर्व विधायक और महाराजा अग्रसेन इंजीनियरिंग कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर नंद किशोर गर्ग, समाजसेवी विनीत गुप्ता लोहिया, जगदीश गोयल और पुस्तक के लेखक अतुल सिंघल, नमो इम्पैक्ट टीम के एडिटोरियल के सदस्य व पत्रकार पंकज कुमार भी उपस्थित रहे। किताब की प्रस्तावना सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लिखी है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के नए भारत की उन्नत तस्वीर इस कॉफी टेबिल बुक में प्रदर्शित की गई है। इसलिए यह पुस्तक आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगी। लेखक अतुल सिंघल सांसद श्री नरेश बंसल के साथ कॉफी टेबल बुक के हिंदी संस्करण की प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी भेंट कर चुके हैं। इस अवसर पर नरेश बंसल ने कहा कि कॉफी टेबिल बुक के हिंदी संस्करण को बहुत सफलता मिली है। जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री जी कर चुके हैं। जबकि लेखक अतुल सिंघल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के गरीबों के कल्याण और विकास की जिन योजनाओं पर काम कर रहे हैं, उन सभी प्रमुख योजनाओं को इस कॉफी टेबल बुक में शामिल किया गया है। कार्यक्रम में असम के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य अंत्योदय है। इस पुस्तक में भी देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण की नीतियों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। कॉफी टेबिल बुक के लोकार्पण के अवसर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजय जौली ने कहा कि वह दुनिया के 154 देशों की यात्रा भारत के राजनेता के तौर पर कर चुके है।

# बिजली उपभोक्ताओं का बर्दास्त न किया जाएगा उत्पीड़न

**गजियाबाद, प्रात : किरण**



- विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति दिनेश गोयल ने कहा समय रहते उपभोक्ताओं की समस्याओं का हो रहा है निस्तारण
- हाल की बैठक के दौरान दस मामलों में लिय गया फैसला

विधान परिषद सदस्य एवं विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति दिनेश गोयल ने बिजली उपभोक्ताओं का उत्पीडन बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उपभोक्ताओं के उत्पीडन किए जाने का मामला सामने आने पर निश्चित तौर पर संबंधित अधिकारियों की जबाव देही तय करते हुए उपभोक्ताओं को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने ये भी साफ किया कि यदि किसी उपभोक्ता को अधिक राशि को बिल भेजते हुए अथवा किसी अन्य माध्यम से उन्हें उत्पीडन किया जा रहा है तो वह अपनी शिकायतें उन तक आरकेजीआई टी की मुख्य शाखा के पते पर दर्ज करा सकते है,निश्चित तौर पर न्याय दिलाया जाएगा।

एक खास मुलाकात के दौरान सवालों के जबाव में कई पहलुओं पर समिति के सभापति के द्वारा खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि देखा जाए तो सभापति बनने के बाद फिलहाल तीन बैठकें हुई है। पहली बैठक औपचारिक मुलाकात से संबंधित रही। उन्होंने बताया कि हाल में 11 सितंबर को ही समिति की बैठक रखी गई। इस दौरान कुल दस मामले समिति के सामने रखे गए। जिनमें पहला मामला जनपद राय बरेली के ग्राम केसवापुर के सालोन निवासी श्रीमती अनीता द्विवेदी पत्नी स्वर्गीय शिव प्रसाद द्विवेदी से जुडा था। शिवप्रसाद विभाग में लाइन मैन के पद पर तैनात था,लाइन मेन की मौत के बाद परिजनों क द्वारा मुआवजा तथा मृतक आश्रित के सेवा योजन से जुडा था। बैठक के दौरान मृतक आश्रित को मुआवजा तथा मृतक आश्रित को सेवा योजन देने के दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा लखनउ के गोपाल नगर कृष्णा नगर कानपुर रोड की श्रीमती रजनी मिश्रा पत्नी स्वर्गीय प्रवीण मिश्रा सोलर पैनल लगवाने में रिश्वत लिए जाने के साथ विभाग के द्वारा प्रताणित किए जाने के संबंधित था,मामले में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा जानकी पुरम की श्रीमती सरोज पांडेय के यहां स्मार्ट मीटर लगाते हुए ज्यादा बिल भेजते हुए परेशान किए जाने से जुडा हुआ था। समिति के द्वारा उपभोक्ता को राहत दिए जाने के आदेश दिए गए। इस बीच ये भी मुददा सामने आया कि रायबरेली जिले के अंतर्गत आने वाले बरगद में विगत कई सालों से लगे जर्जर खम्भे व विद्युत तार नहीं बदले जा रहे है। समिति के द्वारा इसके लिए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों का उत्तरदायित्व तय करने के दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान समिति के तमाम सदस्यों के साथ विभाग के प्रमुख सचिव चेयरमैन तथा एमडी आदि मौजूद रहते है। इस दौरान बाकायदा पिछली बैठकों के दौरान उठने वाले मुददों की समीक्षा की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सत्ता में योगी सरकार के आने के बाद बिजली की स्थिति में काफी हद तक सुधार आया है। उन्होंने बताया कि समिति के सामने सर्वाधिक उपभोक्ताओं के अधिक राशि के बिल भेजते हुए उन्हें परेशान किए जाने के प्रकरण सामने आ रहे है। विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाए। श्री गोयल ने सवालों के जबाव में कहा कि उनके द्वारा विधान परिषद के सामने हाल में कई अहम मुददों को उठाया गया।

इस बीच गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा ज्यादातर कम्युनिटी सेंटर टेंट कारोबारी आदि को लीज पर दिए जाने का मुददा उठाया गया था। प्रस्ताव के माध्यम से कहा गया था कि टेंट कारोबारियों को कम्युनिटी सेंटर लीज पर दिए जाने के परिणाम स्वरूप जरूरत मंद व्यक्ति उनमें आयोजन नहीं कर पाएंगे। हालांकि अभी तक संतोष जनक उत्तर नहीं मिला है। मामले को नए सिरे से परिषद के सामने उठाया जाएगा।

# बीएलएस इंटरनेशनल ने सिटिजनशिप इन्वेस्ट में 100% हिस्सेदारी अधिग्रहण के लिए समझौता किया

### सिटिजनशिप सिटिजनशिप इन्वेस्ट और रेसिडेंसी प्रोग्राम्स में दुनिया की प्रमुख कंपनी है

**नई दिल्ली, प्रात : किरण**

बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड (बीएलएस), जो सरकारों और नागरिकों के लिए एक प्रमुख ग्लोबल सर्विस पार्टनर है, ने सिटिजनशिप इन्वेस्ट) में 100% हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। CI दुबई स्थित एक एडवाइजरी फर्म है, जो 15 से अधिक देशों में निवास और नागरिकता प्राप्त करने के लिए फास्ट-ट्रैक निवेश कार्यक्रमों में विशेषज्ञता रखती है। यह अधिग्रहण US$ 31.0 मिलियन (~260 करोड़ रुपये) में किया गया है, जिसे कंपनी के आंतरिक स्त्रोतों से वित्त पोषित किया जाएगा। यह सौदा आवश्यक अनुमोदन के बाद 31 अक्टूबर 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। 2009 में स्थापित, सिटिजनशिप इन्वेस्ट 20 कार्यक्रमों के माध्यम से सेवाएं प्रदान करता है और अब तक 85 से अधिक राष्ट्रीयताओं के 1,800 से अधिक ग्राहकों की सफलतापूर्वक मदद कर चुका है, जिसमें 99% आवेदन सफलता दर है, जो इंडस्ट्री के औसत 80% से काफी अधिक है। कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए, सिटिजनशिप इन्वेस्ट ने 9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर (~81 करोड़ रुपये) का राजस्व और 4.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (~37 करोड़ रुपये) का एबिटा दर्ज किया, जो 45% का मजबूत एबिटा मार्जिन दिखाता है। 2023 में, कंपनी ने 2022 की तुलना में 28% राजस्व वृद्धि, 43% एबिटा वृद्धि, और मार्जिन में 470 बेसिस पॉइंट्स की बढ़त हासिल की।

यह अधिग्रहण बीएलएस के वीजा और कॉन्सुलर सेवाओं के पोर्टफोलियो के रणनीतिक विस्तार को दशार्ता है। बीएलएस अब नागरिकता और निवास सेवाओं जैसे दीर्घकालिक वीजा समाधानों में अपनी पहुंच को और मजबूत कर रहा है। 15 वर्षों के कारोबार में, उकने हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (HNWI) के बीच एक मजबूत ब्रांड पहचान बनाई है और नागरिकता और निवास वीजा आवेदनों के लिए एक भरोसेमंद कंपनी बन गई है। बीएलएस के 66 देशों में फैले वैश्विक नेटवर्क का लाभ उठाकर, इस अधिग्रहण से प्रोसेसिंग की मात्रा में महत्वपूर्ण वृद्धि की उम्मीद है।

इस अधिग्रहण पर बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक श्री शिखर अग्रवाल ने कहा, हम सिटिजनशिप इन्वेस्ट के अधिग्रहण की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह कंपनी नागरिकता और निवास कार्यक्रमों के माध्यम से दीर्घकालिक वीजा आवेदनों में अपनी विशेषज्ञता के लिए जानी जाती है। यह हमारे वीजा और कॉन्सुलर सेवाओं के विस्तार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है और हमारे एबिटा को बढ़ाने के विजन के साथ तालमेल बैठाता है। 99% की आवेदन सफलता दर और प्रति आवेदन उच्च राजस्व के साथ, यह हमारे ग्राहकों पर ध्यान देने की सोच से पूरी तरह मेल खाता है। सिटिजनशिप इन्वेस्ट (CI) को अपने पोर्टफोलियो में जोड़कर, हम वीजा समाधान प्रदान करने की अपनी क्षमताओं को और बढ़ा रहे हैं। साथ ही, वीजा और कॉन्सुलर सेवाओं के एक व्यापक वैश्विक प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह अधिग्रहण हमारे विकास को तेज करेगा, आवेदनों की संख्या में वृद्धि करेगा और अंतरराष्ट्रीय बाजार में हमारी उपस्थिति को और भी मजबूत बनाएगा।

## बाबा के बुलडोजर से बचने का अपनाया नया फंडा

**गजियाबाद, प्रात : किरण**




- जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के माध्यम से जमाएंगे प्रभाव
- मुरादनगर में होने वाला सम्मान समारोह बना चर्चा का केंद

अब अवैध कालोनी काटने वाले एवं कालोनाइजरों के द्वारा काटी जाने वाली अवैध कालोनी में भूखंड बेचने वालों के द्वारा किसी तरह की सरकारी कार्रवाई से बचने के लिए एक नया फंडा तैयार किया है। इस नए फंडे के अंतर्गत इन लोगों के द्वारा बडी संख्या में व्यापारियों को एक मंच पर लाते हुए जनप्रतिनिधियों के सम्मान का मुरादनगर में 14 तारीख को रखे जाने वाला सम्मान समारोह चर्चा का विषय बना हुआ है। शहर में सम्मान समारोह के लगे पोस्टरों को लेकर तरह तरह की चचाएं हो रही है।

यू तो समय समय पर विभिन्न संगठनों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह रखे जाते है। बताते है कि कुछ लोगों के द्वारा मुरादनगर के व्यापारियों को जोडते हुए एक व्यापार मंडल का गठन किया गया। हालांकि व्यापारी दो फाड है। व्यापारी इस संगठन से जुडते हुए कतरा रहे है। इस संगठन के द्वारा जनप्रतिनिधियों को एक आयोजन के माध्यम से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में बाकायदा मुरादनगर शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजन से संबंधित पोस्टर लगाए गए है। बताते है कि व्यापारियों के नाम पर जो संगठन खडा किया गया उसमें दो लोग ऐसे है जो कि मुरादनगर के रावली रोड पर अवैध कालोनी काट रहे है,जबकि दो ऐसे लोग है जो कि प्रोपर्टी डीलर है। जिनके द्वारा कालोनाइजरों के द्वारा काटी जाने वाली अनाधिकृत कालोनियों में भूखंड बेचने का काम किया जाता है।

बाकायदा पोस्टरों पर व्यापारी नेताओं के फोटो लगे है। जानकारो की माने तो सम्मान समारोह के आयोजन का उददेश्य ये है कि ताकि सरकारी अधिकारियों में ये मैसेज जाए कि अवैध कालोनी काटने वाले प्रभावशाली लोग है। किसी तरह की कार्रवाई की स्थिति में विवादास्पद हालात पैदा हो सकते है। जब जनप्रतिनिधियों से इस आयोजन को लेकर बात हुई तो उनके द्वारा अनभिज्ञता जतायी गई।

# बीजेपी के तीन पूर्व पार्षदों ने निगम की टैक्स निर्धारण प्रणाली को लेकर खड़े किए सवाल

### नगर आयुक्त से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह




**गजियाबाद, प्रात : किरण**

बीजेपी के तीन पूर्व पार्षदों ने एक लेटर के माध्यम से संयुक्त रूप से जीडीए के मास्टर प्लान में जिन सडकों की चैडाई केवल 9 मीटर दर्ज है,उसके स्थान पर निगम के रिकार्ड में 24 मीटर से अधिक चैडी दशार्ते हुए कर निर्धारण करते हुए बिल भेजे जाने पर गहरी नाराजगी जतायी है। नगर आयुक्त से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

बीजेपी के पूर्व वरिष्ठ पार्षद अनिल स्वामी,राजेंद्र त्यागी और हिमांशु मित्तल ने लिखे लेटर में कहा कि निगम अधिनियम 1959 की धारा 172,173 के अंतर्गत संपत्तिकर लगाए जाने के संबंध में उल्लेख किया गया कि नियमावली 2000 की धारा 4 में संपत्ति वर्गीकरण करते हुए स्पष्ट किया गया कि वर्गीकरण के प्रश्चात प्रत्येक वार्ड के भीतर तीन प्रकार के मार्गों पर संपत्ति कर का वर्गीकरण किया जाएगा। वर्गीकरण से स्पष्ट है कि कोई भी भवन चाहे वह आवासीय,गैर आवासीय या औद्योगिक इकाई हो जितनी चैडाई वाले मार्ग पर स्थित है और संबंधित भवन का दरवाजा विशेषकर मुख्य दरवाजा जिस चैडाई वाले मार्ग पर खुलता हो उस सडक की चैडाई को आधार मानकर संपंत्तिकर की गणना की जाएगी। उन्होंने साफ किया कि यदि कोई भवन सर्विस मार्ग पर स्थित है,जिसकी चैडाई 9 मीटर या 10 मीटर हो तथा सर्विस रोड पर स्थित हो, सडक की चैडाई 9 मीटर मानते हुए गणना की जाएगी। उनके संज्ञान में आया कि कविनगर जोन के अंतर्गत आने वाले आरडीसी क्षेत्र में स्थित व्यवसायिक व आवासीय भवन जो सर्विस रोड पर स्थित है,जिसकी चैडाई जीडीए के द्वारा 9 मीटर प्रदर्शित किया गया है उस सडक को 24 मीटर न मानते हुए 9 मीटर के आधार पर गणना करनी होगी जबकि रोड की चैडाई 24 मीटर मानते हुए गणना की जा रही है,जो कि पूरी तरह से गलत है। ये भी स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में काफी विरोध की स्थिति उत्पन्न होगी। ये भी चेतावनी दी गई कि यदि सुधार न किया गया तो जनमानस को अदालत की शरण में जाना होगा।

## डीएम सर्किल रेट पर गुमराह किया जाना हो बंद

### कांग्रेस के पूर्व पार्षद ने महापौर के बयान पर खड़े किये सवाल

नगर निगम के पूर्व पार्षद मनोज चौधरी ने एक बयान के माध्यम से कहाँ कि डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स बढ़ोतरी पर महापौर सुनीता दयाल द्वारा मुख्यमंत्री व भाजपा संगठन पदाधिकारी को पत्र लिखना व अखबारों में खबर पढ़ कर वह हैरान और चिंतित है कि जिस गाजियाबाद नगर निगम में शहर के जनता ने बीजेपी के 75 पार्षद जीताकर व महापौर को जिताकर सदन में भेजा और महापौर सत्ता दल से आती हैं और अधिकारी इस तरह से मनमानी कर सकते हैं। उन्होंने कहाँ कि महापौर तत्काल कार्यकारणी और बोर्ड सदन बुलाकर डीएम सर्किल डेट की बढ़ोतरी न करने का प्रस्ताव पास कर शासन को भिजवा दे डी एम सर्किल रेट से हाउस टैक्स में बढ़ोतरी एक नीतिगत फैसला है ।सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि महापौर सुनीता दयाल कार्यकारिणी और बोर्ड बैठक बुलाकर इस प्रस्ताव को खारिज क्यों नहीं करवा रही हैं क्यों शासन को नगर निगम की भावना से अवगत नहीं कर रही हैं ।महापौर सदन की अध्यक्ष और उन्हें अपनी पावर का प्रयोग करना चाहिए हाउस टैक्स बढ़ोतरी के मामले में अपनी पावर का सही उपयोग क्यों नहीं कर रही है यह समझ से परे है. हाउस टैक्स बढ़ोतरी न होने देने पर बार-बार मीडिया को और अखबारों में जो उनके बयान छ्प रहे है उससे शहर की जनता भ्रमित हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या महापौर को कहीं डर तो नहीं की नगर निगम के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा ना हो जाए बिना कार्यकारिणी व बिना बोर्ड में पास करवाये बिना अगर अधिकारी डीएम सर्किल रेट् से हाउस टैक्स के नए बिल भेज रहे हैं तो वह गलत है ।उन्हें बताना चाहिए कि शासन ने क्या उनके प्रस्ताव को पास कर दिया है या नहीं क्योंकि नगर निगम में कार्यकारिणी व बोर्ड सदन सर्वोच्च है ।

## बारादरी के वार्षिकोत्सव में देश भर के शायर पेश करेंगे अपना कलाम

**गजियाबाद, प्रात : किरण**

बारादरी (काव्य-कुटुंब) के 14 तारीख को वार्षिकोत्सव में कवि सम्मेलन और मुशायरे का भव्य आयोजन होगा। इस दौरान देश भर के कवि और शायर गाजियाबाद में जुटेंगे और अपनी रचनाएं पेश करेंगे। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुलशन, संस्थापिका डॉ. माला कपूर गौहर, समन्वयक आलोक यात्री एवं संरक्षिका उर्वशी अग्रवाल उर्वी की गीत, गजल व किस्से की विभिन्न पुस्तकों का लोकार्पण होगा। संस्थापिका डॉ. गौहर ने बताया कि इस अवसर पर अदब की गंगा-जमुनी परंपरा निभाते हुए भव्य कवि सम्मेलन व मुशायरे का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश भर के नामचीन कवि और शायर भाग ले रहे हैं। सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल नेहरू नगर शाखा में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. गौहर ने बताया कि संस्था की स्थापना फरवरी 2020 में की गई थी। उन्होंने कहा कि देश भर में ख्याति अर्जित कर रही बारादरी की स्थापना की कहानी भी दिलचस्प है। छह कवियों और छह श्रोताओं यानी कुल 12 लोगों की उपस्थिति में यह काव्य यात्रा की शुरूआत हुई और नामकरण ही बारादरी हो गया। संस्था के अध्यक्ष गोविंद गुलशन ने बताया कि देश भर में बारादरी की पहचान आज काव्य कुटुम्ब के रूप में हो रही है।

उन्होंने कहा कि देश भर में यह इकलौती ऐसी संस्था है जहां मंच की अलग से कोई परंपरा नहीं है। साहित्य के क्षेत्र के हस्ताक्षरों के नियमित अंतराल पर जुटने का जरिया बनी बारादरी से गाजियाबाद को भी साहित्य के क्षेत्र में एक पहचान मिली है।

# हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना

-संजय गोस्वामी-

हिंदी, भारत की मातृभाषा है। यह सबसे अधिक बोली जाने वाली और सम्मानित भाषाओं में से एक है। भारतीयों के लिए हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। इस दिन को इसलिए चुना गया क्योंकि यह ब्योहर राजेंद्र सिम्हा की जन्मतिथि है। वह एक प्रमुख हिंदी विद्वान थे और हिंदी को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते थे। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है। हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हिंदी दिवस पर, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत कई क्षेत्रीय




भाषाओं और बोलियों के साथ भाषाई विविधता का देश है। हिंदी दिवस राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में हिंदी को कायम रखते हुए इस विविधता को संरक्षित और सम्मान करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है। हिंदी दिवस 2024 के अवसर पर हमें अपनी भाषा का सम्मान करने और इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने की शपथ ले। हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। 26 जनवरी, 1950 को हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाया गया था, उसी दिन जब भारतीय संविधान लागू हुआ था। इस निर्णय को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया, जिसने अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी को भारत सरकार की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी, जिसका उपयोग एक संक्रमणकालीन अवधि के लिए किया जाना था। 14 सितंबर वह दिन है जब भारतीय हर साल हिंदी दिवस मनाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो हिंदी भाषा के महत्व और योगदान को उजागर करता है। हिंदी दिवस का पहली बार मनाया जाना 1949 में हुआ था। उस समय, भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। हिंदी दिवस को मनाने का निर्णय इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए लिया गया था। हिंदी भाषा भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह देश की विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने में मदद करती है। हिंदी भाषा का व्यापक रूप से भारत में और दुनिया भर में उपयोग किया जाता है। यह शिक्षा, व्यापार, और सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में कविता पाठ, नाटक, गायन, और भाषण शामिल होते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को हिंदी भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिंदी दिवस का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यह हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। हिंदी भाषा का उपयोग बढ़ने से देश की एकता और राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने में मदद मिली है।

हिंदी दिवस पर विशेष

# आर्थिक उदारीकरण के बाद वैश्विक फलक पर आकार लेती हिन्दी



ब्रह्मानन्द ठाकुर
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

हिन्दी आज दुनिया के विकसित देशों की जरूरत बन गई है। यह स्थिति अनायास नहीं बनी है। यह आर्थिक उदारीकरण का ही परिणाम है कि विश्व के बड़े देश अपने यहां हिन्दी के पठन झ्र पाठन पर विशेष बल दे रहे हैं: आर्थिक उदारीकरण के बाद भारत एक बडे बाजार के रूप में उभरा है। परिणाम स्वरूप , बहुराष्ट्रीय देशों की कम्पनियों ने अपने झ्र अपने देश की सरकारों पर यह दबाव डालना शुरू कर दिया है कि वहां हिन्दी का प्रचार झ्र प्रसार तेजी से बढे ताकि वे भारत समेत हिन्दी भाषी एशियाई देशों मे अपना कारोबार वहां की भाषा में सरलता पूर्वक कर सकें। अमेरिका ,ब्रिटेन, जर्मनी,फ्रांस और चीन जैसे देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार को इसी नजरिए से देखने की जरूरत है। वेब विज्ञापन, सिनेमा और बाजार के क्षेत्र में हिंदी की मांग इन दिनों काफी तेजी से बढ़ी है विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे बड़े शिक्षा केंद्रों में स्नातकोत्तर से लेकर शोध स्तर तक हिंदी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों में फिलहाल 3 दर्जन से अधिक पत्र-पत्रिकाए नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। जिनमें न्यूजीलैंड से प्रकाशित भारत दर्शन,कनाडा से सरस्वती, संयुक्त अरब अमीरात से प्रकाशित अभिव्यक्ति और यू एस ए से प्रकाशित पत्रिका कर्मभूमि काफी लोकप्रिय है। फ्रांस के पेरिस शहर में सौरवेन यूनिवर्सिटी में हिंदी के 3 वर्ष के पाठ्यक्रम के अलावा पीएचडी के लिए शोध की भी व्यवस्था है। जापान के टोक्यो और ओसाका विश्वविद्यालयों में हिंदी का 6 वर्षीय कोर्स कराया जाता है। यहां के अन्य विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में हिंदी वैकल्पिक विषय के रूप में द्वितीय एवं तृतीय भाषा के रूप में पढ़ाई जाती है। कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया में हिंदी का 2 वर्षीय पाठ्यक्रम है। संयुक्त राज्य अमेरिका के 30 विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। चीन के बीजिंग विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई होती है। ब्रिटेन ने भी अपने यहां हिंदी शिक्षण पर विशेष जोर दिया है। अन्य भाषाओं की अपेक्षा यदि देखा जाए तो हिंदी भाषा अपनी लिपि और उच्चारण के लिहाज से सबसे शुद्ध और विज्ञान सम्मत भाषा है। इसमें एक अक्षर से एक ही ध्वनि निकलती है और एक बिंदु का भी अपना महत्व होता है दूसरी भाषाओं में यह बात नहीं पाई जाती है। आर्थिक उदारीकरण के बाद अब तक विश्व के देशों में जितने हिंदी सम्मेलन हुए हैं वे यह साबित करते हैं कि हिंदी आज विश्व के देशों की जरूरत बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की प्रगति यदि इसी तरह होती रही तो निकट भविष्य में हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ में एक आधिकारिक भाषा का स्थान निश्चित रूप से हासिल कर लेगी।

# गृह मंत्री अमित शाह ने बढ़ाया हिंदी का मान

**हिन्दी ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी एक संवाद भाषा के तौर पर समाज को पुनजार्गृत करने में एक उल्लेखनीय भूमिका निभायी। इतिहास साक्षी है कि हमारे देश में स्वराज प्राप्ति और स्वभाषा के आन्दोलन एकसाथ चले। हालांकि, हिन्दी के प्रति सम्मान और इसके प्रसार को बढ़ावा कुछ लोगों को रास नहीं आता है। उन्हें लगता है कि हम आधुनिकता केवल अंग्रेज़ियत से हासिल कर सकते हैं। लेकिन, हमें यह समझना होगा कि किसी भी समाज में मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को केवल और केवल अपनी भाषा के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है। यह एक शाश्वत सत्य है कि हमारी अपनी मातृभाषा में भी हमारी उन्नति का मूल छिपा हुआ है।**






डॉ. विपिन कुमार
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

आज पूरे देश में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिवस को हम हर वर्ष एक भाषा के तौर पर हिन्दी के महत्व और अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए मनाते हैं। यह हमें अपने देश के भाषाई विविधता को बढ़ावा देने और उत्सव मनाने का भी एक अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है। गौरतलब है कि हमारे संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को एक मत होकर हिन्दी को भारत की राजभाषा के तौर पर अंगीकार किया था। इस अवसर पर राष्ट्र की राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम के भव्य प्रांगण में चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह हिन्दी की समृद्धता और भविष्य के संकल्पों के प्रति अपने विचारों को साझा करेंगे। मैं इस अवसर पर खासकर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय सचिव श्रीमती अंशुली आर्या एवं विभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने अथक प्रयास कर इस राजभाषा सम्मेलन को सफल एवं सार्थक बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

हाल ही में, नई सरकार के गठन के पश्चात, संसदीय राजभाषा समिति के पुनर्गठन के लिए दिल्ली में एक बैठक का आयोजन हुआ था, जिसमें अमित शाह को सर्वसम्मति से एक फिर से समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री बनने के बाद विगत 10 वर्षों में समिति ने लगातार यह प्रयास किया है कि हिन्दी सभी स्थानीय भाषाओं की सहेली बने और इसकी किसी से कोई स्पर्धा न हो। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि किसी भी स्थानीय भाषा के बोलने वालों के मन में हीनभावना न आए और हिंदी सामान्य रूप से सर्वसम्मति व सहमति से कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकृत हो।

यह कोई छिपाने वाली बात नहीं है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, हिन्दी की यात्रा अत्यंत कठिन रही है। राजनीतिक कारणों के कारण हमारी प्यारी हिन्दी, राष्ट्रभाषा की स्वीकृति हासिल नहीं कर पायी।

परंतु, बीते एक दशक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में हिन्दी ने वैश्विक स्तर पर एक नई ऊँचाई को हासिल किया है। आज के समय में हिन्दी का दायरा 132 से भी अधिक देशों में फैला हुआ है और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जब से अपने कार्यों और अनिवार्य संदेशों को हिन्दी में प्रेषित करने की घोषणा की, हम हिन्दी भाषियों के आत्मविश्वास ने एक नया आसमान छूना शुरू कर दिया।

आज के समय में हिन्दी को सामान्य जनामानस के अलावा, सरकारी विभागों, मण्डलों और समितियों में भी बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा अथक प्रयास किये जा रहे हैं और इन प्रयासों के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय के साथ ही, विश्व हिंदी परिषद के सभी साथियों एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित करता हूँ। यदि आपने हिन्दी की चिन्ता न की होती। हिन्दी समेत सभी भारतीय भाषाओं को हमारे विचार-विमर्श का हिस्सा नहीं बनता। इसे हमारे गर्व और स्वाभिमान से न जोड़ा होता, तो शायद आज हिन्दी उस स्थिति में न होती, जहाँ आज है।

बहरहाल, भारत प्राचीन काल से ही विविध भाषाओं का देश रहा है और आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। हिन्दी ने हमारे इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को एकसूत्र में पिरोने का महान कार्य किया है। इसने हमारे विविध क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के अलावा, कई वैश्विक भाषाओं के साथ घुल-मिल कर पूरे विश्व में अपनी एक अनूठी पहचान बनाई है।

हिन्दी ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी एक संवाद भाषा के तौर पर समाज को पुनजार्गृत करने में एक उल्लेखनीय भूमिका निभायी। इतिहास साक्षी है कि हमारे देश में स्वराज प्राप्ति और स्वभाषा के आन्दोलन एकसाथ चले। हालांकि, हिन्दी के प्रति सम्मान और इसके प्रसार को बढ़ावा कुछ लोगों को रास नहीं आता है। उन्हें लगता है कि हम आधुनिकता केवल अंग्रेज़ियत से हासिल कर सकते हैं। लेकिन, हमें यह समझना होगा कि किसी भी समाज में मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को केवल और केवल अपनी भाषा के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है। यह एक शाश्वत सत्य है कि हमारी अपनी मातृभाषा में भी हमारी उन्नति का मूल छिपा हुआ है।

हमारी भाषाएँ, हमारी बोलियाँ, हमारी अमूल्य विरासत हैं। यदि हमें आगे बढ़ना है, तो इसे हमें साथ लेकर चलना ही होगा। इसी संकल्प के साथ बीते 10 वर्षों के दौरान भारत सरकार ने हिन्दी समेत सभी भारतीय भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक, प्रशासन, शिक्षा और वैज्ञानिक प्रयोग के अनुकूल उपयोगी बनाने का प्रयास किया है।

गौरतलब है कि इस दिशा में हुए प्रगति की समीक्षा करने के लिए संसदीय राजभाषा समिति का भी गठन किया गया था। आँकड़े बताते हैं कि स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर वर्ष 2014 तक राष्ट्रपति के समक्ष इसके केवल 9 रिपोर्ट पेश किये गये थे। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में अब तक 12 खंड पेश किये जा चुके हैं। 2019 से सभी 59 मंत्रालयों में हिंदी सलाहकार समितियों का गठन किया जा चुका है तथा इनकी बैठकें भी नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं।

ध्यातव्य है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 528 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन भी किया जा चुका है। विदेशों में भी लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट-लुई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।

राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए ह्यअखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलनह्ल, स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली ह्यकंठस्थह्ल, ह्यहिंदी शब्द सिंधुह्ल शब्दकोष का भी निर्माण किया है। इस शब्दकोष में संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल कर इसे निरंतर समृद्ध किया जा रहा है। विभाग ने कुल 90 हजार शब्द का एक ह्यई-महाशब्दकोषह्ल मोबाइल एप और लगभग 9 हजार वाक्य का ह्यई-सरलह्ल वाक्य कोष भी तैयार किया है। दूसरी ओर, सरकार द्वारा अनुवाद को आसान बनाने के लिए ह्यभाषिणी ऐपह्ल का भी शुभारंभ किया गया। शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए देश में तीन संस्कृत विश्वविद्यालय भी स्थापित किये जा चुके हैं और राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन में ऐतिहासिक रूप से कार्य हो रहा है।

मुझे पूर्णतः विश्वास है कि भारत सरकार द्वारा किये जा रहे इन प्रयासों से हमारी सभी मातृभाषाओं की संपन्नता को एक नया आयाम हासिल होगा। इसके लिए यह अनिवार्य है कि यह विज्ञान-सम्मत हो, तकनीक सम्मत हो।

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूँकेंगे PACS

**भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।**





श्री शाजी के वी
अध्यक्ष, नाबार्ड

दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये PACS अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।

गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (NCUI) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की।

सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में PACS के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने PACS के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। PACS की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, ढअठ कार्ड और IRCTC/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक PACS ने ग्रामीण नागरिकों को उरउ सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (PMKSK), जल समितियों, LPG वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (FPO) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। PACS अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (PMBJAK) के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास PACS की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 PACS का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक PACS को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ERP) सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। PACS के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (CAS) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (MIS) से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे PACS संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।

सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नए आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग (Cooperation amongst Cooperatives) एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम है। इस योजना का उद्देश्य PACS स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ और अन्य कृषि अवसंरचनाएँ बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (AIF), कृषि विपणन अवसंरचना (AMI), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (SMAM), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (PMFME) आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बबार्दी और परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को PACS स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा।

चूंकि PACS ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। PACS से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है, वहीं इससे करीब 1 लाख PACS से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

# तेजी से पांव पसार रही है हिन्दी

-मुकेश तिवारी-

विश्व भर में हिन्दी बोलने वालों की संख्या सौ करोड़ अधिक बताई जाती है। भारत में पांच दर्जन से अधिक क्षेत्रीय बोली एक चौथाई आबादी द्वारा बोली जाती हैं। बीते कुछ सालों में हिन्दी ने भाषा के रूप में अपना दबदबा बनाया है। देश के प्रत्येक क्षेत्र में हिन्दी पहले से कहीं ज्यादा गाहय हो चुकी है। सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में हिन्दी इंटरनेट की दुनिया में अपना परचम लहराने के साथ ही हिन्दी मीडिया ने कुल विज्ञापन बाजार के 70प्रतिशत हिस्से पर अपना दबदबा कायम कर लिया है। हिन्दी दिवस फिर करीब है और एक बार पुनः हिन्दी भाषा के विकास। स्थिति और उसके बढ़ते राष्ट्रव्यापी प्रभाव पर चर्चा की सालाना परंपरा का सिलसिला शुरू होने वाला है। इसकी अहम वजह है 14सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया था। तभी से हम साल दर साल 14सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। विश्व भर में तकरीबन 65करोड लोग हिन्दी बोलते हैं। एक अनुमान के मुताबिक विश्व में हिंदी भाषा जानने समझने वालों की कुल संख्या तकरीबन 90 करोड़ है। हिन्दी भारत की संपर्क भाषा होने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय भाषा भी है। जो फि जी, मारीशस, सूरीनाम, त्रिनिडाड, आदि लगभग 10 देशों में व्यापक स्तर पर बोली जाती है। वर्तमान में भारत के बाहर 33 देशों में विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी पढ़ाई जा रही है। ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों की संख्या 150 से अधिक है। जहां हिन्दी के पठन-पाठन और अनुसंधान की समुचित व्यवस्था है। हिन्दी के समक्ष भले ही अनेक प्रकार की चुनौतियां हो, खास बात यह है कि हिन्दी की ताकत को भारत के सत्ता प्रतिष्ठान के साथ ही कारपोरेट जगत ने भी बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया है। शासकीय कार्यालयों, बैंकों, रेलवे के साथ ही अनेक संस्थाओं में तमाम सारे काम हिन्दी में होने लगे हैं। हिन्दी अधिकारियों अनुवादको एवं आशुलिपिको के पदों पर नियुक्तियो के बहुतेरे अवसर हिन्दी स्नातको हेतु उपलब्ध है। इतिहास, संस्कृति एवं दर्शन की स्तरीय पुस्तके हिन्दी में सहज उपलब्ध है। विदेशों से आकर लोग हिन्दी सीख रहे हैं। ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में हिन्दी जानने वालों की संख्या सौ करोड़ के पारबेहतरीन एक और भारत की विशाल हिन्दी भाषी पट्टी के गरीब गुरबों से उन्हीं की हिंदी में वोट मांगना देश के राजनीतिक दलों के कर्ताधताओं की मजबूरी है। दूसरी ओर आज के दौर में कोई भी बहुराष्ट्रीय कंपनी ऐसी नहीं है। जो हिन्दी में इस्तेहार किए बिना भारत में अपना उत्पादन बाजार में बेच सकें। हम देख सकते हैं कि जरूरत के इस्तेहार हिन्दी में आ रहें हैं। घड़ी का इस्तेहार हो या मर्सिडीज। बीएमडब्ल्यू, आड़ी आदि कार का या अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस का सभी के इस्तेहार की भाषा में हिन्दी तेजी से पांव पसार रही है। हिन्दी देश की सर्वाधिक बोली समझी जाने वाली भाषा है। तात्पर्य यह है कि भाषा का सीधा संबंध आजीविका से जुड़ा है। जो भाषा आजीविका प्राप्त कराने में जितनी अधिक सक्षम होगी उसका प्रसार उतना ही अधिक होगा। हकीकत यह है कि अंग्रेजी में इस्तेहार बमुश्किल चार से पांच प्रतिशत ग्राहक तक ही पहुंचते हैं। जिनके भरोसे बाजार नहीं चल सकता। आज हिन्दी मीडिया कुल इस्तेहार बाजार के 70प्रतिशत हिस्से पर कब्जा जमाएं हुए हैं। आज सर्वाधिक टी आर पी वाले कार्यक्रम हिन्दी में है। देश में सबसे बड़ी संख्या में प्रसार वाले समाचार पत्र हिन्दी के है। भारत में उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक के कारोबारी आपसी बातचीत और सौदा करने के लिए हिन्दी भाषा का ही प्रयोग कर रहे हैं। वैसे भी हिन्दी देश के विकास की भाषा तो है ही। राजनीति की प्रमुख भाषा के तौर पर भी स्थापित है। क्यों कि 65प्रतिशत से अधिक सांसद हिन्दी भाषी क्षेत्र से चुनकर आते हैं। इसलिए संसद में हिन्दी का उपयोग बढ़ा है। पांच साल पहले राज्य सभा के अहिदी भाषी सदस्यों ने उपसभापति से अनुरोध किया था कि उनके लिए हिन्दी सीखने की व्यवस्था की जाये। उक्त घटना क्रम दशार्ता है कि दक्षिण सहित भारत के अनेक अहिदी भाषी क्षेत्रों में रहने वालों के विचार हिन्दी को लेकर बदल गए हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

## संक्षिप्त खबरें

### आगरा में भारी बारिश के चलते चंबल नदी उफान पर; कई गांवों में पानी घुसा, फसलें डूबीं

आगरा। आगरा में बारिश से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण बारिश की वजह से आगरा के पिनाहट कस्बे में चंबल नदी उफान पर है, जिससे क्षेत्र में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बताया जा रहा है कि कोटा बैराज से छोड़े गए 3 लाख क्यूसेक पानी के कारण नदी खतरे के निशान के करीब बह रही है। चंबल नदी का पानी पास के ही तटवर्ती तीन दर्जन गांवों के संपर्क मार्गों में भर गया है, जिससे इन गांवों की स्थिति गंभीर हो गई है। प्रशासन ने तटवर्ती गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और नदी के किनारे रहने वाले ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। राजस्व टीमों को नदी के किनारे के गांवों में तैनात किया गया है और ग्रामीणों को चंबल नदी के किनारे न जाने की हिदायत दी है। आगरा जिले के बाह तहसील की उप जिलाधिकारी सृष्टि सिंह ने पिनाहट घाट पर पहुंचकर चंबल नदी का जायजा लिया और अधिकारियों को तटवर्ती गांवों में तैनात रहने के निर्देश दिए हैं। इलाके में बाढ़ चौकियों की भी स्थापना की गई है, ताकि स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। बाढ़ के कारण चंबल नदी के किनारे की बाजरा, तिलहन, उड़द और मूंग की फसलें भी जलमग्न कर दिया है। इसके साथ ही पिनाहट घाट पर स्टीमर संचालन भी बंद कर दिया गया है। प्रशासन और राहत कार्यकर्ता क्षेत्र की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार जुटे हैं। इलाके में चंबल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

### बिना बुलाए कहीं जाने की पीएम मोदी की आदत, त्योहारों पर विवाद पैदा करना भाजपा की मानसिकता : पवन खेड़ा

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर पर गणपति पूजा समारोह में शामिल हुए। इसे लेकर सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी की बनि बुलाए जाने की आदत है। अब हम पाकिस्तान भी बिन बुलाए चले गए। ऐसे में हमें नहीं मालूम कि उन्हें बुलाया गया था या नहीं बुलाया गया था, किस-किस को बुलाया गया था, जब कोई जानकारी हमारे पास नहीं है, तो उस पर हम क्या टिप्पणी करें ? कर्नाटक के मांड्या में गणपति विसर्जन के दौरान पथराव को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि सत्तारूढ़ दल की मानसिकता देश में विवाद पैदा करने की, समाजों में विवाद पैदा करने की, पूरे देश में विवाद पैदा करने की है। हमने बचपन से कभी नहीं देखा कि त्योहारों में इस तरह से आपस में रंजिश हो जाए या विवाद पैदा हो जाए, लेकिन पिछले दस साल में आप देखिएगा हनुमान जयंती हो, रामनवमी हो, मुहर्रम हो, कोई अन्य त्यौहार हो, कोई ना कोई विवाद भाजपा जरूर पैदा करना चाहती है। विनेश फोगाट की ओर से पीटी उषा को लेकर दिये गए बयान पर उन्होंने कहा कि, पीटी उषा को दिल्ली दरबार से जो आदेश हुआ होगा, उन्होंने वहीं किया होगा। अब वो आदेश देने वालों के बारे में बात करना चाहिए कि क्यों ऐसा आदेश दिया गया ? सिर्फ फोटोअप के लिए मिलना गलत है। आपने मैसेज दिया कि आप उनके साथ खड़े हैं, लेकिन आप वास्तव में उनके साथ खड़े नहीं हैं। आपने देश के खिलाफ काम किया। उन्होंने कहा कि क्या देश का सत्तारूढ़ दल देश के नेता प्रतिपक्ष को जान से मरवाने की धमकी सार्वजनिक तौर पर ऐसे दे सकती है ? पूरा विश्व देख रहा है।

### नोएडा में कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला, मामला दर्ज

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमीक्रॉन-1 में स्थित गौर अतुल्यम सोसायटी में कथित तौर पर कुछ सुरक्षाकर्मियों और निवासियों ने एक कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला, जिसके बाद बृहस्पतिवार रात घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। दादरी थाने के प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि ओमीक्रॉन-2 की निवासी और पशु कल्याण संरक्षण गृह का संचालन करने वाली कावेरी राणा नामक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया है। राणा की शिकायत के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि गौर अतुल्यम सोसाइटी के अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारी और सुरक्षाकर्मियों ने एक कुत्ते को काफी देर तक पिटाई की, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार रात हुई। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। थाना प्रभारी ने कहा कि राणा की शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने कुत्ते की हत्या करने के बाद उसे शव को बोरे में बंद करके नाले में फेंक दिया।

# हम सबको पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की सीरत से सबक लेने जरूरत: दिलखुश कमाली

प्रात : किरण, संवाददाता




अमरोहा। मुस्लिम कमेटी के तत्वाधान में जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी (सल0) की 17 रोजा तकरीबात का 8वा प्रोग्राम जलसा ए सीरते पाक मौहल्ला बसावन गंज स्थित छोटी मस्जिद में जेरे सदारत अध्यक्ष मुस्लिम कमेटी हाजी खुरशीद अनवर व जेरे निजामत मंजूर अहमद एडवोकेट आयोजित हुआ। जलसे का आगाज तिलावते कुरआन शरीफ से हाफिज मोहम्मद फाज़िल ने किया। मौलाना साद अमरोही, मिर्जा जुबैर इब्ने सैफी, हाफिज, कारी अनस मिर्जा ने बारगाहे रिसालत में नात शरीफ का नजराना पेश किया।बदायूं से तशरीफ लाए सुप्रसिद्ध आलिम दीन हजरत दिलखुश कमाली साहब ने हुजूर की शान में नातिया कलाम पेश किए और सीरते तय्यबा पर तकरीर करते हुए फरमाया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की सीरत से सबक लेने और उनके बताएं रास्ते पर चलने की सलाह दी।कहा कि कमजोरों और जरूरतमंदों की मदद करने, सब पर रहम रखने, मुल्क में अमनों-अमान के लिए काम करने और दीन व इस्लाम को जिंदगी का मकसद बनाने की सलाह दी।

मदरसा शाही चबूतरा के पेशे इमाम व आलिम ए दीन हाफिज ओ कारी मौहम्मद कासिम नईमी साहब ने फरमाया कि मोहम्मद साहब केवल मुसलमानों के ही नबी नही थे बल्कि पूरी दुनिया के लोगों के नबी बनके आये थे हजरत मोहम्मद ने दुनिया को इन्सानियत की रोशनी दी तथा अपने नूर से पूरी दुनिया को मुनव्वर कर दिया। अल्लाह तालाने कुरान ए पाक में फरमाया कि हमने मोहम्मद को दुनिया के लिए रहमत बनकर भेजा। जिस समय हजरत मोहम्मद साहब तशरीफ लाए उस समय दुनिया जिहालत के अंधेरे में गुम थी।आपने भटकी हुई इंसानियत को रोशनी दी तथा आप मीनारा ए नूर बनकर आए।मशहूर आलिम कारी इरफान ने कहा कि कुरान ए पाक में अल्लाह फरमाता है कि हमने मोहम्मद को दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजा।मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को अमन का पैगाम दिया। उन्होंने अपने अखलाक का ऐसा नमूना पेश किया कि आप पर आपके दुश्मन भी ईमान ले आए। हमें मोहम्मद साहब की जिदंगी से यह तालीम मिलती है कि लोगों के साथ भलाई करें।आखीर मे जलसे के कन्वीनर/छोटी मस्जिद के मुत्वल्ली मो० यासिर अंसारी एड० ने तमाम हजरीन का शुक्रिया अदा किया और दुआ के तुगरे भेंट किए।इस अवसर पर मुख्य रूप से हाजी खुरशीद अनवर, सरताज आलम मंसूरी,मंसूर अहमद एडवोकेट, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी,मौहम्मद हुसैन एडवोकेट, सैयद उवैस मुस्तफा रिजवी,अली इमाम रिजवी एडवोकेट,शाहरुख खान एडवोकेट, कमर नकवी, यासिर अंसारी एडवोकेट, फहीम शहनवाज, इकराम हुसैन जैदी, मुमताज खान, गुलरेज कुरैशी एडवोकेट,हाजी फैजी, फैसल सैफी,फजले चौधरी,मौहम्मद अहमद जैदी, सैफ सिद्दीकी एडवोकेट,शहजाद इसहाक,मुंताजिम अब्बासी,अफसार बख्श, अब्सार सिद्दीकी, अदनान मसरूर, जफर शाह खां,साहिल फारूकी,सादिक सैफी फैसल सैफी अली एडवोकेट, जलसे मे मौलाना महताब उद्दीन, मो० यूनुस, महताब आलम, हसीन अहमद, बदरुद्दीन, मो० अरशद, अतहर अंसारी, शहजाद कुरेशी सभासद,जमाल उद्दीन,,सरकार आलम,फिरोज खान,साकिब वारसी,जफर खां,सूफी माजिद आदि मौजूद रहे।

# हिंदी भाषा का भविष्य बहुत स्वर्णिम है : प्रो. योगेश सिंह

● दिल्ली विश्वविद्यालय की गृहपत्रिका ज्ञानालोक का भव्य लोकार्पण

प्रात : किरण, संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा विश्वविद्यालय के कणाद भवन सभागार में गृहपत्रिका ह्यज्ञानालोकह्न के विमोचन का भव्य आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, अधिष्ठाता, महाविद्यालय, प्रो. बलराम पाणी, निदेशक, दक्षिण परिसर, प्रो. श्री प्रकाश सिंह एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. निरंजन कुमार, संपादक, ज्ञानालोक, तथा अधिष्ठाता, योजना, दिल्ली विश्वविद्यालय ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी भाषा का भविष्य बहुत स्वर्णिम है क्योंकि हमारे भारत का भविष्य बहुत स्वर्णिम है। कोई भी भाषा अपने बोलने वालों की वजह से सशक्त होती है। हिंदी जन-मन की भाषा है और जनता के सहयोग से ही यह आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हिंदी आज संसार की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है और अपने खुलेपन एवं समावेशी प्रकृति के कारण लगातार समृद्ध हो रही है। साहित्य में सभ्यतागत बदलाव के चित्रण को समाहित करने की क्षमता होती है और साहित्य यह कार्य भलीभांति कर रहा है। ज्ञानालोक पत्रिका में सम्मिलित साहित्य इसका बड़ा प्रमाण है।

इस अवसर पर ज्ञानालोक के संपादक एवं अधिष्ठाता, योजना प्रो. निरंजन कुमार ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी गृहपत्रिका का विमोचन आने वाले समय में हिंदी भाषा की दशा में बड़े बदलाव की आहट है। भारतीय समाज पूर्व में ज्ञान आधारित समाज रहा है और हम पुनः उस ज्ञान आधारित समाज का निर्माण करने की और आगे बढ़ रहे हैं। आपने विविध अनुशासनों और विषयों की रचनाओं के संकलन ज्ञानालोक गृहपत्रिका के विमोचन को विश्वविद्यालय के इतिहास में मील का पत्थर बताया।

# अरविन्द केजरीवाल को शर्त पर जमानत मिलना न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा : देवेन्द्र यादव

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत शराब घोटाले में मुख्य आरोपी मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलना न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। कानून अपना काम कर रहा है और न्यायिक व्यवस्था में सबको विश्वास रखना चाहिए, परंतु जमानत के बाद यह नहीं समझना चाहिए कि मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविन्द केजरीवाल शराब घोटाले के आरोप से मुक्त हो गए है, मामला अभी भी कोर्ट के संज्ञान में है, उन्हें 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी कह रही है कि यह सत्य की जीत है, लेकिन सत्य यह भी है कि कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि मुख्यमंत्री के दायित्व का कोई भी काम वे नही कर सकते। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के सामने केजरीवाल और उनकी पार्टी का चरित्र उजागर हो चुका है, और जनता दिल्ली में बदलाव चाहती है। जनता के कांग्रेस के प्रति बढ़ते रुझान और हमारे विकास के उदाहरण देने पर स्पष्ट हो रहा है कि जनता विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुमत में देने को तैयार है। श्री यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल की जमानत पर आम आदमी पार्टी को यह ध्यान में रखना होगा कि केजरीवाल को जमानत उनके मुख्यमत्रीत्व अधिकारों को संकुचित करके शर्तों के आधार पर दी गई है। उन्होंने कहा कि जमानत पर रिहा केजरीवाल अपने ट्रायल को लेकर कोई सार्वजनिक बयान या टिप्पणी नही कर सकते, किसी भी गवाह से किसी तरह की बातचीत नही करेंगे, केजरीवाल अपने मुख्यमंत्री कार्यालय नही जा सकेंगे, न ही सचिवालय जा सकेंगे।

# डीएम ने किया जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरिक्षण,सब कुछ मिला ओके

## चेयरपर्सन और अधिशासी अधिकारी की प्रशंसा,बोले शीघ्र प्रस्तुत पत्र से होंगे सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता



अमरोहा।बीते दो दिनों से निरंतर हो रही भारी वर्षा मे नगरीय सफाई व्यवस्था एवं जल भराव की स्थिति का अवलोकन /निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों का भृमण किया गया। इस निरीक्षण मे जिलाधिकारी के साथ बृजेश कुमार त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं डॉ0 बृजेश कुमार, अधिशासी अधिकारी भी रहे। जिलाधिकारी द्वारा नगर के टी0पी0 चौराहा, बिजनौर रोड, कुंदन कालेज के पीछे मुख्य नाले,शाह विलायत दरगाह रोड, किशनगढ़ का जल भराव प्रभावित क्षेत्र, जामा मस्जिद का जल भराव प्रभावित क्षेत्र, जे0 एस0 हिन्दू कालेज रोड क्षेत्र, कांठ रोड आदि क्षेत्रों का भृमण किया गया। उल्लेखनीय है की पूर्व मे जिलाधिकारी द्वारा इन क्षेत्रों मे अत्यधिक जल भराव होने की शिकायतो के क्रम मे अधिशासी अधिकारी को संदर्भित क्षेत्रों के जल भराव से निजात के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार कर इन स्थानों को जल भराव से मुक्त किये जाने के निर्देश दिए गए थे। इसके सम्बन्ध मे चेयरपर्सन शशि जैन को भी स्थानीय स्तर पर शिकायते प्राप्त होने पर नगरीय जल भराव की समस्या से मुक्ति हेतु काफी कार्य किये गए है। जामा मस्जिद क्षेत्र के वर्षो पुराने जलभराव से मुक्ति के लिए पालिका द्वारा बनवाये गए नाले से उस क्षेत्र की जलभराव की समस्या का समाधान हो गया है, अधिशासी अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया की किशनगढ़ क्षेत्र मे भी जलभराव की समस्या का वैकल्पिक निस्तारण कराया जाता है तथा नाले का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। कुंदन कालेज के पीछे रेलवे लाइन के नीचे से निकलते हुए सोत नदी तक जाने वाले नाले के निरीक्षण अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की इस नाले पर एस. टी. पी. के निर्माण के लिए कार्य योजना तैयार करवा ली जाये। जिससे भविष्य मे नगर के लगभग आधी आबादी क्षेत्र के नालो के पानी को परिषकृत करके आगे निकास किया जा सके। साथ ही निर्देश दिए की नगर के काँठ रोड पर बान नदी की ओर बनाये जा रहे नाले जिसका कार्य कुछ समय से रुका हुआ है। जिसके सम्बन्ध मे पूर्व मे शासन से पत्राचार किया गया था जिस पर शासन द्वारा 16 करोड़ रुपए शासन द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजना मे स्वीकृत किये जाने हेतु सी एंड डी. एस. जल निगम के माध्यम से तत्काल पत्राचार किया जाये जिससे रुके हुए नाले के कार्य को आरम्भ किया जा सके। साथ ही जे. एस. एच. कालेज के सामने रोड पर वर्षा के समय होने वाले जलभराव के निस्तारण के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश भी दिए गए।

बीते दो दिनों से भारी वर्षा के उपरांत पूर्व मे नगर के ऐसे क्षेत्र जो अत्यधिक जलभराव वाले क्षेत्र कहलाये जाते थे मे जल भराव न पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नगरीय सफाई व्यवस्था व जलनिकासी हेतु उत्कृष्ट कार्य किये जाने के लिए पालिका अध्यक्ष शशि जैन व अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार की प्रशंसा की गयीं एवं कहा गया की शीघ्र ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

# भाकियू भूमि का नवीन कार्यकारिणी का गठन,संगठन की मजबूती पर जोर




मनोज शर्मा, प्रात : किरण

गजरौला/हसनपुर। भाकियू भूमि ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन कर संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया साथ ही नवागत कार्यकताओं का स्वागत किया गया है।शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन भूमि राष्ट्रीय अध्यक्ष शीशपाल सिंह कटारिया के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय प्रभारी शवाब खान की अध्यक्षता में राम धर्म कांटे के सामने नेशनल प्रॉपर्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता अंसार मलिक ने बैठक का संचालन किया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष शीशपाल सिंह कटारिया ने कहा कि संगठन का कोई व्यक्ति कहीं नहीं गया है। और संगठन के विरोध में कुछ लोगों द्वारा विरोधाभासी की जा रही है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। और प्रत्येक पदाधिकारी को किसान तथा संगठन हित में कार्य किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि किसी भी गलत व्यक्ति को संगठन की सदस्यता ग्रहण नहीं कराई जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रत्येक गांव तक सदस्य जोड़कर संगठन को मजबूत किए जाने का आवाहन भी किया है।कहा कि किसानों पर कभी प्राकृतिक की मार पड़ती है तो कभी किसानों पर संकट के बादल छा जाते हैं। जहां प्राकृतिक की मार के चलते किसानों की फैसले तबाह हो जाती हैं लेकिन उसके बाद भी अन्नदाता किसान अपने खेतों में अन्न उगाकर दुनिया का पेट भरता है। जबकि किसानों के साथ हो रहे अत्याचार का कोई विरोध करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन हमेशा किसान हित में खड़ा रहेगा और किसानों पर हो रहे अत्याचारों के प्रति लड़ाई लड़ते हुए किसानों को न्याय दिलाने का कार्य करेगा इस दौरान मौके पर दीपक अग्रवाल, शेर अली, मियां जान, डॉक्टर इरफान, वसीम अहमद, किरन पाल सिंह उर्फ. बंटी, नवाब सैफी, अंसार मलिक, इसरत अली, मजाहिर चौधरी, प्रेम गोस्वामी, सौरभ तंवर, इसरार अहमद, शवाब खान, मसरूर अहमद, शीशपाल कटारिया, आमिल अब्बासी, विजेंद्र सिंह, फौजी गुर्जर, रविंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, अरविंद कुमार अन्ना, लवी कुमार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने किया गौशाला गुरैठा का निरीक्षण, छह गौवंशीय पशु मिलें बीमार

# बीमार पशुओं को अलग करके उन्हें पोषण युक्त आहार दिया जाएं: डीएम

प्रात : किरण, संवाददाता



अमरोहा/हसनपुर। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी द्वारा बृहद नंदी बिहार गौशाला गुरैठा का निरीक्षण गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी पशुओं की शेडवार काउंटिंग कराई और पशुओं को मौके पर जाकर देखा। निरीक्षण में 6 जानवर बीमार मिले, जिसमें जिलाधिकारी ने बीमार पशुओं को अलग रख कर उनकी बेहतर देखभाल किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ उत्तम स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए।जिला अधिकारी ने कहा कि जो पशु कमजोर हैं उनको अलग रखकर उन्हें पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराया जाए उनकी बेहतर देखभाल किया जाए। हरा चारा भूसा खली चोकर की उपलब्धता को देखा जिसमें खली चोकर की उपलब्धता कम मिली जिस पर जिलाधिकारी ने पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने कहा कि खुले में कोई भी पशु नहीं रहना चाहिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभियान चला कर जो की बाहर घूम रहे हैं उनको संबंधित गौशाला में संरक्षित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार जनपद में वर्षा हो रही है गौशाला में पशुओं को किसी भी प्रकार अ सुविधा नहीं होनी चाहिए।कहीं पर भी जल भराव की स्थिति होती है तो तत्काल उसको निकालने की व्यवस्था किया जाए किसी भी स्थिति में पशुओं को गीली जगह पर नहीं बांधना है सूखे जगह पर ही पशुओं को बांधा जाए। मुख्य पशु किस्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बीमार पशुओं का ध्यान रखा जाए यदि कोई भी पशु बीमार होता है तो तत्काल इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी जी के निर्देश क्रम में उप जिलाधिकारी हसनपुर द्वारा साथल पुर गौशाला का निरीक्षण निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज लिया गया और वर्षा के दृष्टिगत सभी पशुओं की बेहतर देखभाल किए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अंबराने प्रताप मौके पर चिकित्सा अधिकारी आभा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# केजरीवाल की जमानत से दिल्ली में संवैधानिक संकट : बिधूड़ी

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल को जमानत दिए जाने के साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में उनके काम करने पर रोक लगाने से दिल्ली में संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री के कार्यालय नहीं जा सकते, किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते तो फिर वह दिल्ली की सरकार कैसे चलाएंगे, उन्हें यह स्पष्ट करना होगा। कोर्ट ने साफतौर पर उनके मुख्यमंत्री के रूप में काम करने पर रोक लगा दी है। बिधूड़ी ने कहा कि यों तो पिछले दस सालों से ही आम आदमी पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण दिल्ली गंभीर समस्याओं से जूझ रही है लेकिन पिछले पांच महीनों से तो दिल्ली बबार्दी के कगार तक पहुंच गई है। दिल्ली में इस साल मार्च से ही केबिनेट की कोई मीटिंग नहीं हुई और न ही कोई फैसला लिया गया। जेल से ही सरकार चलाने की मुख्यमंत्री की जिद के कारण दिल्ली की जनता के हित में एक भी फैसला नहीं हो सका।

# बारिश से गिरा मकान, मलबे में दब गए छह भाई-बहन, एक की मौत,दो गंभीर

प्रात : किरण, संवाददाता



नौगावां सादात। बारिश के चलते नौगांवा सादात के मोहल्ला नई बस्ती में कच्चा मकान भर-भरा कर गिर पड़ा। मलबे में छह भाई-बहन दब गए। पुलिस व स्थानीय लोगों ने मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला। बाद में सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने हारिश (13) को मृतक घोषित कर दिया। जबकि, दो बहनों की हालत गंभीर बनी हुई है।प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है।प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी ली। हारिश पानीपत की रुई फैक्टरी में मजदूरी करने वाले शकील का बेटा है। शकील के परिवार में पत्नी शबनम और छह बच्चे हरीश (13), रहमीना (12), अलफिजा (8), सालिया (6), अदनान (4) माहिरा (2) हैं।पांच दिन पहले ही शकील मजदूरी करने के लिए पानीपत गए थे। इस दौरान उनकी पत्नी शबनम और बच्चे घर पर थे। मोहल्ले के बीचों-बीच शकील का कच्चा मकान है। बुधवार की रात से जिले में रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते उनके मकान की नींव कमजोर हो गई।शनिवार की सुबह करीब दस बजे शकील के सभी बच्चे घर के भीतर थे, जबकि पत्नी शबनम घर परिसर में बर्तन धुल रही थी। तभी, अचानक मकान भर-भरा कर गिर पड़ा। इस दौरान हारिश, रहमीना, अलफिजा, अदनान, सालिया और माहिरा मालबे में दब गए। मकान के गिरते ही शबनम में शोर मचा दिया।तभी स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही नौगांवा सादात पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे को हटाकर बच्चों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने हारिश को मृत घोषित कर दिया।गंभीर रूप से घायल अलफिजा और सालिया को हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। जबकि, अदनान, माहिरा, रहमीना का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जानकारी मिलते ही एसडीएम बृजपाल सिंह हल्का लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।बाद में जिला अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चों का हाल जाना। एसडीएम ने बताया कि हादसे की रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को सौंपी गई है। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

# सीबीआईसी ने जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार बेंगलुरु सीजीएसटी अधिकारियों को निलंबित किया

CBIC CENTRAL BOARD OF INDIRECT TAXES AND CUSTOMS

नई दिल्ली, प्रात : किरण

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बेंगलुरु में कुछ सीजीएसटी अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जिन्हें शहर की पुलिस ने जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया था। सीबीआईसी ने शुक्रवार को बताया कि बेंगलुरू ईस्ट क्षेत्र के बयप्पनहल्ली पुलिस थाने में एक व्यापारी द्वारा दर्ज अपहरण और जबरन वसूली की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु नगर अपराध शाखा ने 11 सितंबर को केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में जीएसटी के निरीक्षक और वरिष्ठ खुफिया अधिकारी रैंक के कर्मचारियों के अलावा एक अधीक्षक रैंक का अधिकारी भी शामिल है। सीबीआईसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बताया गया है कि बेंगलुरु में कुछ सीजीएसटी अधिकारियों ने कथित जबरन वसूली का सहारा लिया है। इसमें शामिल अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर दिया गया है। सीबीआईसी ने कहा कि वह उन पुलिस अधिकारियों के संपर्क में है, जिन्होंने इन गिरफ्तार अधिकारियों को रिमांड पर लिया था। उसने कहा, मामले में जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीबीआईसी पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल कर प्रशासन स्थापित करने के अपने प्रयास में आधिकारिक कदाचार के मामलों में शून्य-सहिष्णुता की नीति का पालन करता है।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी चार गिरफ्तार जीएसटी अधिकारियों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है। इन पर ईडी के अधिकारी बनकर यहां व्यवसायी से 1.5 करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने का आरोप है।

सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरू सिटी क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराएं लगाई गई हैं। एजेंसी सूत्रों ने बताया कि चारों लोग कारोबारी के पास फर्जी छापेमारी के लिए गए और दावा किया कि वे ईडी से हैं और उन्होंने उसे धमकी देकर 1.5 करोड़ रुपये की वसूली की।

## अगली सुनवाई तक कोई पेड़ न काटें और न प्रतिरोपित करें: कोलकाता मेट्रो परियोजना पर न्यायालय ने कहा



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के प्रतिष्ठित विक्टोरिया मेमोरियल से सटे मैदान इलाके में मेट्रो रेल परियोजना के मामले में शुक्रवार को निर्देश दिया कि अब से अगली सुनवाई तक वहां कोई पेड़ नहीं काटा जाएगा और न ही प्रतिरोपित किया जाएगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 20 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई और एक दूसरे से हटाकर दूसरी जगह लगाने के कारण मैदान इलाके में सभी निर्माण कार्यों को तत्काल रोकने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने मामले की सुनवाई को तीन सप्ताह बाद के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा, हम निर्देश देते हैं कि अगली तारीख तक कि कोई भी नया पेड़ न काटा जाएगा और न ही प्रतिरोपित किया जाएगा। पीठ ने आरवीएनएल की ओर से पेश हुए वकील से कहा, आप काम जारी रख सकते हैं, लेकिन आज से पेड़ नहीं काटें।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 14 सितंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### बसों में आग लगने के कारणों की जांच करेगी आईआईटी दिल्ली

नई दिल्ली। परिवहन विभाग की एक इलेक्ट्रिक बस और एक सीएनजी बस में आग लगने की घटनाओं की जांच अब दिल्ली आईआईटी के विशेषज्ञों की टीम करेगी। बीती 19 मई और 29 अगस्त को हुई इन घटनाओं की जांच के बाद आईआईटी की जांच समिति तीन सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट और 8 सप्ताह में अंतिम रिपोर्ट परिवहन विभाग को सौंप देगी। यह समिति आग लगने के कारणों का पता लगाने के साथ-साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के सुझाव भी देगी। बसों में आग लगने की घटनाओं के बाद दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलौत ने इनकी जांच आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों से कराने के आदेश दिए थे। इसके बाद परिवहन विभाग की ओर से आईआईटी दिल्ली को पत्र भेजकर जांच समिति गठित करने को कहा गया था। अब आईआईटी की ओर से जांच करने वाले विशेषज्ञों के नाम तय कर दिए गए हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अंजन राय की अध्यक्षता वाली इस जांच कमेटी में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. एके सरोहा, मेकेनिकल इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ प्रो. कृष्णकांत अग्रवाल, इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ प्रो. सुमित कुमार और प्रो. सौरभ सक्सेना व प्रो. राहुल गोयल शामिल रहेंगे। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यह जांच समिति जरूरत पड़ने पर अन्य विशेषज्ञों से मशविरा या सहयोग लेने के लिए अधिकृत होगी। परिवहन विभाग के मुताबिक आईआईटी दिल्ली की छह सदस्यीय जांच समिति बसों में आग लगने की घटनाओं के पीछे की वजहों की जानकारी करेगी। सीएनजी बस के मामले में अगर मेंटेनेंस का कारण सामने आता है तो आगे ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदम के बारे में जानकारी और अपने सुझाव भी देगी। समिति बताएगी कि क्या बसों में ऐसे तकनीकी उपकरण लगाने की जरूरत है जो आग लगने की स्थिति में बस के ड्राइवर को सचेत कर सके। ऐसी घटनाओं के दौरान समय पर कार्रवाई करने के लिए चालक और परिचालकों को कोई प्रशिक्षण देने की जरूरत है या नहीं, यह समिति इस बिंदु को भी अपनी रिपोर्ट में शामिल करेगी।

### दिल्ली के ग्रेटर कैलाश पार्ट-2 में बारिश के बाद बिजली के खंभे पर गिरा पेड़

नई दिल्ली। राजधानी में गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी कई इलाकों में बारिश हुई। इसके चलते कई इलाकों में जलभराव की समस्या देखने को मिली। वहीं ग्रेटर कैलाश पार्ट 2 गुरुद्वारा रोड पर अचानक एक विशालकाय पेड़ सड़क पर आ गिरा घटना शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे की बताई जा रही है। इस पेड़ की चपेट में एक अन्य पेड़ भी आ गया, जिससे बिजली का खंभा वहां खड़ी कार पर जा गिरा। गनीमत रही कि उस वक्त कार में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। दरअसल यहां एक स्कूल के अंदर लगा पेड़, शुक्रवार सुबह अचानक स्कूल की दीवार तोड़ते हुए एक अन्य पेड़ पर जा गिरा। गनीमत रही कि घटना के दौरान वहां बच्चे नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था और लोग इसकी चपेट में आ सकते थे। हादसे की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसकी जानकारी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भी दी गई, जिसके बाद एमसीडी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पेड़ को काटकर वहां से हटाया। घटना को लेकर स्थानीय महिलाओं का आरोप है इस पेड़ की शिकायत पहले भी दिल्ली नगर निगम को दी गई थी। बताया गया था कि पेड़ कमजोर हो चुका है, लेकिन शिकायत के बाद भी इसपर ध्यान नहीं दिया गया। इसके अलावा बारिश के कारण दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव भी देखा गया। यहां मेहरौली बदरपुर रोड पर शुक्रवार सुबह हुई बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### एनएसयूआई ने डीयू बचाओ मार्च निकाला

नई दिल्ली। छात्र संगठन एनएसयूआई ने शुक्रवार दिन में आर्ट फैकल्टी में दिल्ली विश्वविद्यालय बचाओ मार्च का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। संगठन ने छात्र संघ चुनावों में भी अपनी स्थिति मजबूत होने का दावा किया। शिक्षा की बढ़ती लागत, अयोग्य नियुक्तियां, नकली डिग्री धारकों की उपस्थिति, परिसर में उत्पीड़न और स्त्रीविरोधी रवैये, डर और हिंसा की संस्कृति आदि का मुद्दा उठाते हुए संगठन ने दिल्ली विश्वविद्यालय को इन प्रवृत्तियों से मुक्त कराने की मांग की।

# जीडीए के बकायेदारों से 239 करोड़ की वसूली होगी

गाजियाबाद, प्रात: किरण




जीडीए के करीब पांच हजार बकायेदारों से 239 करोड़ की वसूली होगी। इसकी योजना तैयार हो रही। प्रथम चरण में बकायेदारों को नोटिस भेजा जाएगा, फिर भी बकाया जमा नहीं कराने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। वहीं, बकाया मिलने से प्राधिकरण की एनपीआर समेत कई परियोजनाएं परवान चढ़ सकेंगी। जीडीए के सभी जोन में करीब पांच हजार बकायेदार हैं। इनपर 239 करोड़ रुपये बकाया है, जिनसे वसूली होगी। इसमें बिल्डर पर 114 करोड़ रुपये और आवंटी पर 125 करोड़ का बकाया है। प्राधिकरण इन्हें नोटिस भेजेगा। नोटिस भेजने के बाद सभी जोन के सुपरवाइजर बकायेदारों के दरवाजों पर वसूली के लिए जाएंगे। साथ ही यदि कोई इसके बाद भी रकम जमा नहीं करता है, तो उसका आवंटन निरस्त करने पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने संबंधित जोन प्रभारियों को निर्देशित करते हुए बकायेदारों को नोटिस भेजने के लिए कहा है। जीडीए अधिकारियों को उम्मीद है कि बकायेदारों से बकाया मिल जाता है, तो उसकी कई योजनाएं परवान चढ़ सकती है। इसमें मुख्य रूप से नॉर्दन पेरिफेरल रोड शामिल है, जो दिल्ली-हापुड़ रोड (एनएच-9) से लोनी को जोड़ने के लिए करीब 20 किलोमीटर लंबी छह लेन की तैयार कराई जा रही है। इसके अलावा बुनकर मार्ट, प्रथानमंत्री आवायीय योजना के प्रोजेक्ट आदि पर भी खर्च किया जा सकता है। नंदग्राम में है सबसे अधिक बकायेदार : जीडीए के बकायेदारों में सर्वाधिक 3061 डिफाल्टर नंदग्राम, 1697 तुलसी निकेतन, 1324 इंदिरापुरम के शामिल हैं। सर्वाधिक 100 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया इंदिरापुरम के डिफाल्टर पर है। इसके अलावा अन्य योजनाओं में भी बकायेदार है।

## 'तालाबों का सौंदर्यीकरण कर विद्युत कनेक्शन दें'

ग्रेटर नोएडा, प्रात: किरण

प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ.संजय कुमार निषाद ने कहा कि मछुआ समुदाय के कल्याण के लिए जो भी योजनाएं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं, उनका लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। इसके लिए अभियान चलाया जाए। वहीं, तालाबों का सौंदर्यीकरण कर बिजली का कनेक्शन दिया जाए। मंत्री निषाद ने शुक्रवार सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में मत्स्य विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को योजना के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आश्वस्त किया कि मत्स्य विभाग के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने विभाग के अधिकारियों से कहा कि अभियान चलाकर योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और साथ ही साथ योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित कराया जाए। मंत्री ने तालाबों के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मत्स्य पालकों के लिए विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाया जाए। तालाबों के लिए विद्युत कनेक्शन दिए जाए और साथ ही साथ पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। नलकूप विभाग को पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति हेतु निर्देशित किया।जिला मत्स्य अधिकारी आशीष कुमार मौर्य ने विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सामूहिक मछुआ दुर्घटना बीमा, ग्राम सभा के तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आदि योजनाओं की वर्तमान तक की प्रगति रिपोर्ट से मंत्री को अवगत कराया। जिले की प्रगति रिपोर्ट पर संतोष प्रकट किया है। बैठक में सीडीओ जनार्दन सिंह, उपनिदेशक मत्स्य नियोजन मुख्यालय एजाज अहमद नकवी, उपनिदेशक मत्स्य मेरठ मंडल मेरठ सुचिता गुप्ता, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, अधिशासी अभियंता खंड गंगानगर, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग आदि अधिकारी उपस्थित रहे।जिले में थाई मांगुर मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहसमीक्षा बैठक में मंत्री ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में थाई मांगुर मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहे। थाई मांगुर मछली को भारत में प्रतिबंधित किया गया है क्योंकि थाई मांगुर मछली मांस खाती है, जिससे इसका शरीर तेजी से बढ़ता है। इसमें आयरन और लेड की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। यह मछली गंदे पानी में रहती है और सड़ा-गला मांस खाती है। इस मछली के खाने से कैंसर जैसी घातक बीमारियां हो सकती हैं। यह मछली दूसरी मछलियों को भी अपना शिकार बनाती है। यह मछली जिस तालाब या जलाशय में रहती है, वहां दूसरी प्रजाति की कोई भी मछली या कीड़े-मकोड़े नहीं बचते। थाई मांगुर मछली का वैज्ञानिक नाम क्लेरियस गेरीपाइंस है।

## पितृपक्ष में तृपण और पिंडदान ऑनलाइन बुकिंग करा रहे लोग



नोएडा , प्रात: किरण

ऑनलाइन पूजा और दर्शन का चलन बढ़ रहा है। लोग अब हर तरह के अनुष्ठान ऑनलाइन करा रहे हैं। ऐसे में पितृपक्ष में श्राद्धकर्म के लिए भी बुकिंग शुरू हो गई है। इसके लिए शहर के मंदिरों में पुजारियों की ओर से तर्पण व्यवस्था की विशेष तैयारियां की गई हैं। कुछ पंडित ऑनलाइन भी तर्पण करवा रहे हैं। शहर में ऑनलाइन तर्पण के लिए करीब 40 फीसदी लोगों ने बुकिंग कराई है। उन्हें सिर्फ नाम और गोत्र बताना होगा और अनुष्ठान पूर्ण करा दिया जाएगा। इसके अलावा घरों में जाकर भी पूजा करवाते हैं। इसकी बुकिंग दक्षिणा 1100 से लेकर 5100 रुपये तक है। बता दें कि पितृपक्ष 18 सितंबर से शुरू होने वाला है। ऐसे में लोग अपने पितृ पूजन के लिए पंडितों की पहले बुकिंग करवा रहे हैं। वहीं, इसके लिए ऑनलाइन साइट और एप के माध्यम से भी पूजा की बुकिंग चल रही हैं। एक एप के जरिए पूजा और श्राद्धकर्म कराने वाले पंड़ित आलोकनाथ ने बताया कि वह मंदिर के साथ-साथ विभिन्न ऑनलाइन साइट पर रजिस्टर्ड हैं। इसके माध्यम से लोग उनसे संपर्क कर पूजा के लिए बुकिंग करवा सकते हैं। पितृ पक्ष के मौके पर सबसे ज्यादा बुकिंग होती है। तर्पण के लिए अलग-अलग दक्षिणा तय की गई है, लेकिन किसी को ज्यादा दक्षिणा देने के लिए बाध्य नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि आमतौर पर तर्पण के दौरान पंडित भोग के लिए 500 रुपये, पितृ तर्पण के लिए 1000 रुपये और पिंडदान के लिए 2000 रुपये तक दक्षिणा ली जाती है।

## पूर्व अपर महानिदेशक से फ्लाइट की टिकट बुक कराने के नाम पर ठगी

ट्रांस हिंडन, प्रात: किरण

इंदिरापुरम के वसुंधरा सेक्टर दस में रहने वाले वाणिज्य मंत्रालय से सेवानिवृत्त अपर महानिदेशक पूर्ति से 1.08 लाख की ठगी हो गई। जालसाजों ने हवाई जहाज की टिकट बुक कराने के नाम पर धोखाखड़ी की। पुलिस आयुक्त के आदेश पर इंदिरापुरम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। वसुंधरा सेक्टर दस में रहने वाले हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद दिसंबर 2021 से दिसंबर 2023 तक वह भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। उन्हें और उनकी पत्नी को 19 सितंबर 2023 को इटली के रोम जाना था और 27 सितंबर 2023 को वापस आना था। इसको लेकर उन्होंने अपने जानकार के माध्यम से रांची झारखंड निवासी टूर ट्रेवल्स के संचालक हरे कृष्ण सिंह देव से टिकट बुक कराए थे। आरोपी ने उन्हें टिकट व्हाट्सऐप कर दिए। तय कार्यक्रम के अनुसार वह दोनों जब दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि उनकी कोई टिकट ही नहीं हुई है। पीड़ित ने आरोपी से संपर्क किया तो उसने कहा कि उसके साथ भी किसी ने धोखा किया है। वह फिलहाल टिकट की व्यवस्था कर चले जाएं और वापस आते ही टिकट के पैसे लौटा देगा। पीड़ित गंतव्य पर चले गए और लौटने पर उन्हें केवल 50 हजार रुपये ही वापस मिले। बाकी के 1.08 लाख जल्द लौटाने का आरोपी ने आश्वासन दिया। आरोप है कि तब से लेकर आज तक उन्हें बकाया रकम नहीं मिली। पीड़ित पुलिस आयुक्त से मिले और फिर 12 सितंबर 2024 को मुकदमा दर्ज कराया। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कारों के शीशा तोड़कर लैपटॉप उड़ाए

नोएडा। ठक-ठक गिरोह के बदमाशों ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर सड़क किनारे खड़ी चार कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप और अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के न्यू अशोक नगर निवासी शुभम बीते दिनों सेक्टर-12 आए थे। उन्होंने अपनी कार राजकीय इंटर कॉलेज के सामने खड़ी की थी। करीब एक घंटे बाद वह वापस आए तो उनकी कार का शीशा टूटा था और उसमें रखा लैपटॉप, मोबाइल और नगदी गायब थी। होशियारपुर निवासी निशांत शर्मा ने अपनी कार लॉजिक्स मॉल के सामने खड़ी की थी। बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर दो घड़ी, नगदी, घर की रजिस्ट्री के दस्तावेज, डेबिट, क्रेडिट कार्ड और पर्स चोरी कर लिया। सेक्टर-99 के ग्रीन व्यू अपार्टमेंट निवासी मोहित श्रीवास्तव बीते दिनों सेक्टर-45 गए थे।

## मुरादनगर गंगनहर की ओर दो दिन मालवाहक वाहन और बसें नहीं जाएंगी



गाजियाबाद, प्रात: किरण

गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के चलते ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। इसके तहत सभी तरह के मालवाहक वाहन और बसें मुरादनगर गंगनहर की तरफ नहीं जा सकेंगी। डायवर्जन 16 सितंबर की सुबह छह बजे से 17 सितंबर को कार्यक्रम समाप्ति तक जारी रहेगा। एडीसीपी ट्रैफिक पियूष सिंह का कहना है कि मुरादनगर गंगनहर के अलावा हिंडन और ट्रोनिका सिटी के यमुना पुश्ते पर काफी संख्या में श्रद्धालु गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए आते हैं। इस बार आगामी 16 और 17 सितंबर को मूर्ति विसर्जन होना है। मूर्ति विसर्जन के लिए श्रद्धालु ट्रक, ट्रैक्टर-ट्राली समेत अन्य वाहनों से डीजे व बैंड-बाजे के साथ झुंड में आते हैं। मालवाहक वाहनों और बसों से जाम की स्थिति भयंकर हो जाती है। श्रद्धालुओं को जाम के झाम से बचाने के लिए तीन दिन के लिए हल्के, मध्यम और भारी मालवाहक वाहनों के अलावा बसों का आवागमन मेरठ रोड पर प्रतिबंधित किया गया है। मालवाहक वाहनों और बसों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा। डायवर्जन प्लान 16 सितंबर की सुबह छह बजे से 17 सितंबर को कार्यक्रम समाप्ति तक जारी रहेगा।

# जर्जर मकान की छत ढहने से मलबे में दबकर महिला की मौत

लोनी, प्रात: किरण

बारिश के चलते परमहंस विहार लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में शुक्रवार सुबह गाटर पत्थर से बने 50 वर्ग गज के मकान के एक कमरे की छत और दीवार ढह गई। हादसे के वक्त कमरे में सो रही महिला और उसकी दो बेटियां मलबे में दबने से घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां महिला की मौत हो गई। वहीं, एक बेटी की हालत स्थिर बताई जा रही। परमहंस विहार लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में 52 वर्षीया सुंदरी अपनी बेटियों 20 वर्षीया वर्षा, 15 वर्षीया प्रीति, 13 वर्षीया लक्ष्मी, 24 वर्षीय बेटे राजन और 17 वर्षीय बेटे सागर के साथ 50 वर्ग गज के मकान में रह रही थीं। सुंदरी के पति अशोक की तीन वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि मकान की छत गाटर, टी आयरन और लकड़ी आदि से बनी थी। गुरुवार रात सुंदरी बेटी वर्षा और लक्ष्मी के साथ एक कमरे में सो रही थीं, जबकि दूसरे कमरे में दोनों बेटे और बेटी प्रीति सो रही थी। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे सुंदरी के कमरे की छत और दीवार का हिस्सा ढह गया। मलबे में सुंदरी और उनकी दोनों बेटियां मलबे में दब गईं। दीवार और छत गिरने की आवाज सुनकर बेटों ने मोहल्ले के लोगों को मदद के लिए पुकारा। स्थानीय लोगों ने सुंदरी, वर्षा और लक्ष्मी को मलबे से निकालकर उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां चिकित्सकों ने सुंदरी को मृत घोषित कर दिया। वर्षा की हालत स्थिर बताई जा रही, जबकि लक्ष्मी को छुटटी मिल गई है।जर्जर हो चुका था मकानसुंदरी जिस मकान में रहती थीं, वह आधा कच्चा और आधा पक्का बना हुआ था। साथ ही, करीब 30 वर्ष पुराना हो चुका था। मकान की छत कच्ची मिट्टी की थी। बारिश का पानी छत पर भरने के कारण कमजोर हो चुके गाटर पत्थर का भार नहीं झेल पाए और हादसा हो गया।अकेले बच्चों की परवरिश कर रही थींबताया जा रहा कि सुंदरी बहुत गरीब थीं। पति की मौत के बाद बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। वह घर में सिलाई और छोटे-छोटे कार्य कर रोजी-रोटी का जुगाड़ करती थीं। उनकी बेटियां काम में हाथ बंटाती थीं, जबकि एक बेटा बीटेक कर रहा और दूसरा 11वीं कक्षा का छात्र है।

### हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल

ट्रांस हिंडन। सोशल मीडिया पर गुरुवार रात हर्ष फायरिंग की वीडियो वायरल हो गया। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया। चौकी टीला कस्बा पर तैनात दरोगा रामकिशोर सिंह ने गौरव मावी निवासी अफजलपुर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दरोगा के अनुसार, 12 सितंबर की रात गस्त के दौरान वीडियो के बारे में जानकारी मिली। छानबीन करने पर आरोपी का नाम पता चला। आरोपी के पास लाइसेंसी पिस्तौल है। वीडियो में वह उसी से फायरिंग कर रहा है। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि आरोपी से पूरे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## न्यायालय के आदेश पर दंपति समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

### एक फॉर्म को प्लास्टिक दाना सप्लाई करने के मामले में 28 लाख रुपए हड़पने का आरोप

ग्रेटर नोएडा, प्रात: किरण

सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दंपति समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित ने आरोपियों पर 28 लाख रुपये का गबन करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। सेक्टर गामा-2 में रहने वाले गौरव भाटी ने न्यायालय को बताया कि उनका प्लास्टिक दाना सप्लाई करने का काम है। करीब दो साल पहले एक फर्म के मालिक कुलदीप ने उनसे प्लास्टिक दाना खरीदने के लिए संपर्क किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने पर गौरव ने कुलदीप की फर्म को दाना सप्लाई करना शुरू कर दिया। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने करीब ढाई करोड़ रुपये का दाना कुलदीप की फर्म को सप्लाई किया, लेकिन कुलदीप ने करीब 28 लाख रुपये का बकाया नहीं चुकाया। उन्होंने भुगतान करने के लिए कहा तो इधर-उधर की बात की जाने लगी। उन्होंने रुपये देने का दबाव बनाया तो करीब एक महीने पहले आरोपी अपनी पत्नी और कुछ साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और धमकी देते हुए मारपीट की। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कुलदीप, उसकी पत्नी समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बांग्लादेशी नागरिकों के भारतीय पासपोर्ट बनवाने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। अवैध रूप से भारत में घुसे बांग्लादेशी नागरिकों के फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले शख्स को एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी मो. मासूम को फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट बनवाने के लिए 50 हजार रुपये मिलते थे। कबूतरबाजी में उसका साथ देने वाले एजेंट रिजाउल को पहले ही पुलिस नोएडा से गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार बीते 18 जून को मेहदी खान, मोहेदुल शेख और मो. सोजिव खान भारतीय पासपोर्ट पर बैंकॉक जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे थे। पूछताछ में पता चला कि वह तीनों बांग्लादेशी नागरिक हैं। इनमें से मेहदी और मोहेदुल बालिग थे जबकि तीसरा आरोपी नाबालिग निकला।


## पूर्व अपर महानिदेशक से फ्लाइट की टिकट बुक कराने के नाम पर ठगी

ट्रांस हिंडन, प्रात: किरण

इंदिरापुरम के वसुंधरा सेक्टर दस में रहने वाले वाणिज्य मंत्रालय से सेवानिवृत्त अपर महानिदेशक पूर्ति से 1.08 लाख की ठगी हो गई। जालसाजों ने हवाई जहाज की टिकट बुक कराने के नाम पर धोखाखड़ी की। पुलिस आयुक्त के आदेश पर इंदिरापुरम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। वसुंधरा सेक्टर दस में रहने वाले हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद दिसंबर 2021 से दिसंबर 2023 तक वह भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। उन्हें और उनकी पत्नी को 19 सितंबर 2023 को इटली के रोम जाना था और 27 सितंबर 2023 को वापस आना था। इसको लेकर उन्होंने अपने जानकार के माध्यम से रांची झारखंड निवासी टूर ट्रेवल्स के संचालक हरे कृष्ण सिंह देव से टिकट बुक कराए थे। आरोपी ने उन्हें टिकट व्हाट्सऐप कर दिए। तय कार्यक्रम के अनुसार वह दोनों जब दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि उनकी कोई टिकट ही नहीं हुई है। पीड़ित ने आरोपी से संपर्क किया तो उसने कहा कि उसके साथ भी किसी ने धोखा किया है। वह फिलहाल टिकट की व्यवस्था कर चले जाएं और वापस आते ही टिकट के पैसे लौटा देगा। पीड़ित गंतव्य पर चले गए और लौटने पर उन्हें केवल 50 हजार रुपये ही वापस मिले। बाकी के 1.08 लाख जल्द लौटाने का आरोपी ने आश्वासन दिया। आरोप है कि तब से लेकर आज तक उन्हें बकाया रकम नहीं मिली। पीड़ित पुलिस आयुक्त से मिले और फिर 12 सितंबर 2024 को मुकदमा दर्ज कराया। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्रवाई


### दिल्ली हिंसा के एक मामले में अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए 10 आरोपियों को बरी किया

नई दिल्ली। कड़कड़डूमा अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा के एक मामले में संदेह का लाभ देते हुए 10 आरोपियों को बरी कर दिया है। यह मामला 2020 में गोकुलपुरी में दर्ज एक प्राथमिकी से संबंधित है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अदालत ने दस आरोपियों मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शानू, मोहम्मद शोएब उर्फ छुटवा, शाहरुख, राशिद उर्फ राजा, आजाद, अशरफ अली, परवेज, मोहम्मद फैसल, राशिद उर्फ मोनू और मोहम्मद ताहिर को बरी किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उन्हें लगता है कि इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोप संदेह से परे साबित नहीं हुए हैं, इसलिए उन्हें इस मामले में उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी किया जाता है। इन व्यक्तियों पर पुलिस ने दंगा, लूट, साम्प्रदायिक विद्धेष फैलाने आदि से संबंधित एक दर्जन धाराओं में आरोपपत्र दायर किया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एक मार्च 2020 को शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार ने थाना गोकलपुरी में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि वह सी-3/सी-2, चमन पार्क, बृजपुरी रोड, शिव विहार तिराहा, दिल्ली में रहते हैं।

### बारिश के बीच दिल्ली के नबी करीम इलाके में मकान की दीवार गिरी, एक की मौत

**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली में गुरुवार देर रात से हो रही तेज बारिश के बीच नबी करीम इलाके में एक मकान ढह गया। इस मकान के गिरने से तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। जिनमें से दो लोगों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई। राहत और बचाव का काम अभी भी जारी है। दरअसल राजधानी दिल्ली में देर रात से ही रुक रुक कर बारिश हो रही है। बारिश की वजह से दिल्ली में जहां कई जगह जाम की सूचना मिल रही है तो कई जगह इस तरह के हादसे की खबर आ रही है। नबी करीम इलाके में दीवार ढहने की जानकारी मिलते ही दमकल और पुलिस के जवान रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गए। दिल्ली फायर विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 7:00 बजे बजे बिल्ला दरगाह के पास एक मकान गिरने के बारे में सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां पहुंचीं। हालांकि दमकल विभाग कर्मियों के पहुंचने से पहले ही बताया जा रहा है कि दो लोगों को वहां पर बचा लिया गया था जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मलवे में दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है अभी भी राहत और बचाव दल का कार्य जारी है।

## दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे के चार आरोपियों को हाईकोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली, प्रात: किरण

दिल्ली हाईकोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राव आईएएस स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में गिरफ्तार चार सह-मालिकों को जमानत दे दी। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने आरोपियों को रेडक्रास को पांच करोड़ रुपए जमा करने की शर्त पर जमानत देने का आदेश दिया।

कोर्ट ने एलजी से आग्रह किया कि वे हाईकोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करे जो ये सुनिश्चित करेगी कि कोई भी कोचिंग सेंटर बिना वैध अनुमति के नहीं चलाया जा सके। हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि वो कोचिंग संचालित करने के लिए स्थान नीयत करें। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपियों का अपराध माफी लायक नहीं है और ये उनके लालच को दशार्ता है। कोर्ट ने 12 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने जमानत याचिका पर 5 सितंबर को सीबीआई को नोटिस जारी किया था।

जिन आरोपियों ने जमानत याचिका दायर किया था, उनमें तेजिंदर सिंह, परविंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह शामिल है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 23 अगस्त को इन चारों आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज करने का आदेश दिया था। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट में जमानत पर सुनवाई के दौरान कोचिंग के इन आरोपियों की ओर से पेश वकील ने कहा था कि जमानत याचिका पर भावनाओं से नहीं बल्कि मामले और कानून के तथ्यों के आधर पर सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा था कि जब एजेंसी कार्रवाई नहीं करती तो यह भी अपराध का हिस्सा है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली नगर निगम के अधिकारी सब कुछ जानते हैं लेकिन वो कुछ नहीं करते। सह-मालिकों के वकील ने कहा कि बड़े पैमाने पर जनता की भावनाओं को शांत करने के लिए निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके लिए आरोपी कैसे जिम्मेदार हैं। क्या आरोपियों को फावड़ा उठाकर नालियों की सफाई शुरू कर देनी चाहिए।

बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने 2 अगस्त को इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। इसके पहले तीस हजारी कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने चारों सह-मालिकों की जमानत याचिका का निस्तारण करते हुए कहा था कि अब ये मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है, इसलिए याचिका सीबीआई कोर्ट में दाखिल करें। इस मामले में एक आरोपी और थार चालक मनुज कथूरिया को सेशंस कोर्ट पहले ही जमानत दे चुका है।

दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को राव आईएएस स्टडी सर्कल के चारो सह मालिकों और थार चालक को गिरफ्तार किया था। 28 जुलाई को कोचिंग के मालिक अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। थार चालक को छोड़कर सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपियों के अलावा बिल्डिंग मैनेजमेंट, सिस्टम की देखरेख करने वाले निगमकर्मियों और दूसरे आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 106(1), 115(2), 3(5) के तहत केस दर्ज किया है।



## विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की लीक क्लिप पर बवाल, विद्या बालन-विक्की कौशल को देनी पड़ी सफाई

तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव अपनी आने वाली फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर तमाम रिपोर्ट्स और कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसी बीच फिल्म के नाम से लीक हुआ एक वीडियो इंटरनेट पर खूब छाया हुआ है। इसे देखने के बाद तमाम लोगों ने विद्या बालन और विक्की कौशल को मैसेज करना शुरू कर दिया। हालांकि, दोनों सितारे अब खुद अफवाहों को संबोधित करने आगे आए हैं और वायरल वीडियो का सच बताते देखे गए हैं। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो टाइटल से वायरल हुए वीडियो ने नेटिजन्स का खासा ध्यान आकर्षित किया। हालांकि, विक्की और विद्या का नाम देखकर लोग अभिनेता विक्की और अभिनेत्री विद्या को मैसेज कर वीडियो को लेकर सवाल पूछने लगे। तमाम लोगों के मैसेज आने के बाद अब खुद सितारों ने वायरल वीडियो के बारे में अफवाहों को संबोधित किया है।

अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह अफवाहों को संबोधित करती हुई कह रही हैं, ऐसे क्या देख रहे हो, वो विक्की विद्या का वो वाला वीडियो जो वायरल हो रहा है वो मैं नहीं हूं। मैं विद्या बालन हूं। वो कोई और विद्या है जिसके पीछे मीडिया पड़ी है। कल वैसे भी सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। बस इंतजार कीजिए। वहीं, अभिनेता विक्की कौशल को भी सफाई देने के लिए इंस्टाग्राम स्टोरी का सहारा लेना पड़ा है। अभिनेता को इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किए गए वीडियो में कहते सुना जा रहा है, मैं कुछ साफ करना चाहता हूं। कुछ दिनों से मुझे बहुत मैसेज आ रहे हैं, कॉल आ रहे हैं कि अरे यार तुम्हारा वो वाला वीडियो कब आ रहा है। पहले तो मैं बहुत कन्फ्यूज था कि यार कौन से वीडियो की बात कर रहे हैं।

विक्की ने अपनी बात में आगे जोड़ा, फिर मैंने पूछा कि कौन सा वीडियो तो उन्होंने बोला वो विक्की विद्या का वो वाला वीडियो जो आने वाला है कब आ रहा है। तो मैंने बोला वो वीडियो वाला विक्की मैं नहीं हूं। जिसको समझ में आया ठीक है, जिनको नहीं समझ आया उन्हें कल पता चल जाएगा। जानकारी हो कि विक्की विद्या का वो वाला वीडियो टाइटल से एक क्लिप वायरल हुई है, जिसमें एक फिल्म के लीक हुए सीन को अस्पष्ट रूप से दिखाया गया है। इसी के कारण व्यापक अटकलों ने जन्म लिया। हालांकि, खुद विक्की और विद्या ने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए अफवाहों पर विराम लगा दिया है और साफ कर दिया कि क्लिप में दिखने वाले विक्की और विद्या वो नहीं हैं।



# नेपोटिज्म के कारण रकुल प्रीत सिंह ने खोई कई फिल्में

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। फैंस को इनकी जोड़ी बेहद पसंद है। अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अब रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में नेपोटिज्म की बहस के बारे में अपनी राय साझा की है और कहा है कि इसके चलते अभिनेत्री ने कुछ प्रोजेक्ट्स भी खो दिए हैं। रकुल प्रीत सिंह ने 2014 की फिल्म यारियां से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। उन्होंने दे दे प्यार दे, रनवे 34, डॉक्टर जी, थैंक गॉड और छतरीवाली जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया है। रकुल अब अजय देवगन और आर माधवन के साथ दे दे प्यार दे 2 की तैयारी कर रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में भाई-भतीजावाद के बारे में बात की और चर्चा की कि उन्हें अपने करियर में फिल्में खोने पर दुख क्यों नहीं होता। रणवीर शो में रकुल प्रीत सिंह ने नेपोटिज्म पर अपनी राय व्यक्त की और स्वीकार किया कि उन्होंने फिल्में खो दी हैं। रकुल ने याद किया कि जब वह सेना में शामिल होना चाहती थी, तो उनके पिता अपना अनुभव साझा करते थे। अभिनेत्री को कड़वाहट पसंद नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि वे प्रोजेक्ट उनके लिए नहीं थे। रकुल ने कहा, मुझे सेना में जाना था, मेरे पिताजी मुझसे अपने अनुभव साझा करते थे। इसलिए भाई-भतीजावाद, मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचती। हां, ये होता है, फिल्में ली गई हैं, लेकिन मैं ऐसी इंसान नहीं हूं, जो कड़वा होकर बैठ जाएगी। हो सकता है कि यह मेरे लिए नहीं था। अभिनेत्री ने आगे बताया कि अवसर खोना तय है और आप तभी आगे बढ़ सकते हैं, जब आप इसे समझेंगे। रकुल ने मेडिकल इंडस्ट्री का उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई डॉक्टर बोर्ड में शामिल नहीं हो पाता है और किसी और को वहां भेजा जाता है, तो यह जीवन का एक हिस्सा है।




## मिर्जापुर पर बनेगी फिल्म, ऋतिक बनेंगे कालीन भइया?

अमेजन प्राइम की वेब सीरीज मिर्जापुर को दर्शकों से बहुत प्यार मिला है। सीजन 1 से लेकर तीसरे सीजन तक दर्शकों को यह सीरीज बेहद पसंद आई है। सीरीज को लेकर अफवाह है कि इसको फिल्म के रूप में पेश किया जा सकता है। मेकर्स का प्लान है कि सीरीज के लंबे फॉर्म को छोट बनाकर फिल्म के रूप में बड़ी स्क्रीन पर रिलीज किया जाए। इसी के साथ, ये अफवाह भी है कि फिल्म में बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन कालीन भइया का किरदार निभा सकते हैं।

इन अफवाहों पर वेब सीरीज के डायरेक्टर गुरमीत सिंह ने रिएक्ट किया है। खास बातचीत में मिर्जापुर के डायरेक्टर गुरमीत सिंह ने कहा कि इसको लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर्स और स्टूडियो अभी इसपर विचार और चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी वही लोग (प्रोड्यूसर्स और स्टूडियो) उपलब्ध करा सकते हैं। गुरमीत सिंह ने आगे कहा कि इस बारे में वो हां या ना में जवाब नहीं दे सकते क्योंकि ये जानकारी सिर्फ प्रोड्यूसर्स और स्टूडियो ही दे सकता है।

वहीं, ऋतिक रोशन के कालीन भइया बनने पर हुए सवाल को लेकर भी उन्होंने वही जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जब तक ऊपर से कोई जानकारी नहीं आती है, वो इस बारे में कुछ भी नहीं बता सकते हैं। वहीं, मिर्जापुर सीरीज की बात करें तो इसका पहला सीजन 2018 में स्ट्रीम हुआ था।



## पेरिस फैशन वीक में डेब्यू करेंगी आलिया भट्ट

आलिया भट्ट हर मोड़ पर खुद को साबित कर रही हैं। जहां एक ओर, वह बहुप्रतीक्षित फिल्म जिगरा में अपने सुनहरे प्रदर्शन के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं दूसरी ओर, आलिया अब आगामी पेरिस फैशन वीक 2024 में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। 2024 में मेट गाला में शानदार प्रदर्शन के बाद आलिया 23 सितंबर को प्रतिष्ठित प्लेस डी लोपेरा में रनवे पर चलेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट पेरिस फैशन वीक 2024 में डेब्यू करेंगी। वह 24 सितंबर को प्लेस डी लोपेरा में रनवे पर चलेंगी। आलिया के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन, लीला बेखती, मैरी बोचेट, सिंडी ब्रूना, वियोला डेविस, जेन फोंडा, लूमा ग्रोथ, केंडल जेनर, लिया केबेडे, अजा नाओमी किंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, बेबे वियो और यसेल्ट भी शामिल होंगी। पेरिस फैशन वीक 2024 महिला सशक्तिकरण और भाईचारे का जश्न मनाएगा। 2017 के बाद से सातवीं बार, ले डिफाइल वॉक योर वर्थ भाईचारे और अत्याधुनिक सौंदर्य विशेषज्ञता और फैशन के बीच तालमेल का जश्न मनाएगा। इस वर्ष की रनवे थीम, वॉक योर वर्थ, अत्याधुनिक फैशन और सुंदरता के बीच तालमेल प्रदर्शित करेगी और दुनिया भर में महिलाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए आलिया भट्ट ने एक बयान में कहा, पहली बार हमेशा विशेष होता है और पेरिस फैशन वीक में लोरियल पेरिस के साथ ले डिफाइल के लिए वॉक करके मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। ऐसी प्रेरक, शक्तिशाली और आत्मविश्वासी महिलाओं के बीच होना मेरे लिए गर्व का क्षण है और मैं इस मंच पर उनके साथ शामिल होने का इंतजार नहीं कर सकती जो भाईचारे और सशक्तिकरण का जश्न मनाता है।



## फरदीन खान के लिए लकी चार्म हैं खिलाड़ी, साझा किया हाउसफुल 5 में साथ काम करने का अनुभव

करीब 14 साल के लंबे अंतराल के बाद फरदीन खान ने वेब सीरीज हीरामंडी से बॉलीवुड में कमबैक किया। जल्द ही फरदीन अब अक्षय कुमार के साथ हाउसफुल 5 में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय को साथ काम करने को लेकर फरदीन खान ने अपना अनुभव साझा किया है। साथ ही उन्हें अपना लकी चार्म भी बताया है।

### अक्षय कुमार हैं लकी चार्म

फरदीन खान ने हाल ही में बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में हाउसफुल 5 में रितेश देशमुख और अक्षय कुमार के साथ काम को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। फरदीन ने कहा कि अक्षय कुमार उनके लिए लकी चार्म साबित हुए हैं। दोनों ही एक्टर्स के साथ उनका गहरा रिश्ता है और वह इनके साथ पहले भी काम कर चुके हैं। हाउसफुल की अगली सीरीज के साथ फिर से दोनों के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला है। फरदीन ने कहा कि दोनों ही एक्टर्स अपने किरदार को खास तरीके से निभाते हैं, हमेशा उन्हें कुछ नया सीखने को मिलता है।

फरदीन खान ने कहा, रितेश के साथ हाउसफुल में काम करने का मौका मिला तो मुझे बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा, रितेश के साथ मेरा गहरा रिश्ता है, आज में उनको यहां पर मिस कर रहा हूं। रितेश के साथ काम करना और भूमिका को निभा पाना बहुत आसान हो जाता है, क्योंकि हमारे बीच विश्वास और एक-दूसरे के लिए सम्मान है। मैं रितेश को बहुत अच्छे से जानता हूं। मुझे लगता है कि हम दोनों को ही अपनी इंडस्ट्री का अनुभव भी है इसलिए हमारे लिए किसी भी भूमिका को निभाना आसान हो जाता है।

### ओटीटी पर कमाल दिखा रही है फिल्म विस्फोट

बता दें फिल्म हाउसफुल 5 6 जून 2025 को रिलीज होगी। फिलहाल फरदीन की ओटीटी फिल्म विस्फोट ने वाकई विस्फोट मचा दिया है। ये फिल्म साल 2022 में सिनेमाघरों में भी रिलीज हुई थी, हालांकि बॉक्स ऑफिस पर तब फिल्म फ्लॉप हो गई थी।

## बाबिल को डेट कर रहीं अलाया एफ?

हलचल फिल्मी जगत से सितारों के लिंकअप्स और ब्रेकअप की अफवाहें उड़ना आम बात है। इसी कड़ी में एक स्पॉटेड वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस क्लिप में बाबिल खान और अलाया एफ एक साथ नजर आ रहे हैं। क्लिप के वायरल होते ही कयासों का बाजार गर्म हो गया है। लोग अटकलें लगा रहे हैं कि बाबिल खान और अलाया एफ रिलेशनशिप में हैं। हालांकि, दोनों सितारों ने इन अफवाहों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



## डेब्यू करते ही स्टार बन गईं रूहानी शर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की कजिन रूहानी शर्मा बॉलीवुड में डेब्यू करते ही मशहूर हो गईं। रूहानी ने कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में काम किया है। उन्होंने तमिल फिल्मों से अभिनय की दुनिया में कदम रखा, तेलुगु में भी काम किया और अपनी अदाकारी के लिए खूब प्रशंसा लूटी। इसके बाद अभिनेत्री ने बॉलीवुड में फिल्म 'आगरा' से डेब्यू किया। फिल्म का 2023 कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर भी हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के बाद सोशल मीडिया पर अभिनेत्री का एक इंटीमेट सीन की वीडियो वायरल हो रहा है। इस सीन की वजह से उन्हें खूब ट्रोल भी किया जा रहा है। ट्रोल होने के बाद उन्होंने एक बयान जारी कर अपनी निराशा भी जताई है।





# एमी अवार्ड्स की मेजबानी करने वाले पहले भारतीय होंगे वीर दास

**स्टैंड-अप कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास 52वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवार्ड्स की मेजबानी करेंगे। ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय हैं। वीर दास का नाम इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज 2024 के इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स के होस्ट के रूप में घोषित किया गया है।**

इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज ने बुधवार को घोषणा करते हुए बताया कि स्टैंड-अप कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास सोमवार, 25 नवंबर, 2024 को न्यूयॉर्क शहर में होने वाले इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स को होस्ट करेंगे। वीर दास साल 2021 में कॉमेडी श्रेणी में नामांकित होने और साल 2023 में अपने सबसे हालिया नेटफ्लिक्स कॉमेडी स्पेशल 'लैंडिंग' के लिए जीतने के बाद होस्ट के रूप में अंतर्राष्ट्रीय एम्मी में वापसी की है।

बता दें कि वीर दास एक अभिनेता और स्टैंडअप कॉमेडियन हैं। उन्होंने बदमाश कंपनी, देल्ही-बेली, गो गोआ गॉन जैसी 18 फिल्मों में काम किया है। वीर दास सौ से ज्यादा स्टैंडअप कॉमेडी शो भी कर चुके हैं। स्टैंड-अप कॉमेडी स्टेज पर अपनी सफलता के अलावा, वीर दास ने कई सीरीज बनाई, प्रोड्यूस की और उनमें अभिनय किया है।


वीर दास विवादों में भी घिरे रह चुके हैं। एक स्टैंड अप कॉमेडी 'मैं भारत से आता हूं' का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नेटिजन्स ने उन पर भारत विरोधी होने का भी आरोप लगाया था। इसे लेकर वह काफी ट्रोल भी हुए थे।

इस उपलब्धि के लिए वीर दास ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए आभार जताया है। उन्होंने लिखा, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, एक भारतीय एमी होस्ट।

मैं इस साल एमी की मेजबानी करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता! पागलपन। मुझे आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। बेहद सम्मानित और उत्साहित हूं!'

## काजल अग्रवाल ने शुरू की सिकंदर की शूटिंग

सलमान खान की अगली फिल्म सिकंदर अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इस फिल्म के जरिए सलमान पहली बार निर्देशक एआर मुरुगादॉस के साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही काजल अग्रवाल भी अहम किरदार निभा रही हैं। इसी कड़ी में काजल ने पोस्ट कर बताया है कि उन्होंने सिकंदर की शूटिंग शुरू कर दी है। काजल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सूरजमुखी के गुलदस्ते की एक तस्वीर साझा की, जिसके सामने उन्होंने अपनी वीआईपी आईडी रखी थी फोटो के साथ अभिनेत्री ने लिखा,सिकंदर डे।






# रिलायंस के मार्केट कैप पर भारी एलन मस्क की नेटवर्थ, जकरबर्ग टॉप 3 में, गौतम अडानी फिसले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ 250 अरब डॉलर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि 2027 में वह दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बन सकते हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.10 अरब डॉलर की तेजी आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक इस साल उनकी नेटवर्थ 21.4 अरब डॉलर बढ़ी है। मस्क की नेटवर्थ दुनिया की 39 कंपनियों के मार्केट कैप से ज्यादा है। भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 238.69 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी की यह कंपनी दुनिया की सबसे ज्यादा वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 45वें नंबर पर है। टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्स जैसी कई कंपनियों को चला रहे मस्क की नेटवर्थ सालाना 110 प्रतिशत औसत रफ्तार से बढ़ रही है। साल 2027 तक उनकी नेटवर्थ चार गुना से ज्यादा बढ़ जाएगी।

दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 18 की नेटवर्थ में गुरुवार को तेजी आई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 209 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। फेसुबक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म के सीईओ मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 4.66 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही वह 187 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 58.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 179 अरब डॉलर तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

## गौतम अडानी फिसले

लैरी एलिसन 173 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 3.87 अरब डॉलर की तेजी आई। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स (160 अरब डॉलर) छठे, स्टीव बालमर (148 अरब डॉलर) सातवें, वॉरेन बफे (142 अरब डॉलर) आठवें, लैरी पेज (140 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (132 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 112 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 11वें नंबर पर डटे हुए हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 2.09 अरब डॉलर की तेजी आई। रिलायंस का शेयर गुरुवार को 1.9 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 100 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 16वें नंबर पर फिसल गए। हालांकि गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.96 अरब डॉलर की तेजी आई। लेकिन एनवीडिया के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग उनसे आगे निकल गए। ताइवान में जन्मे हुआंग इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ 60.5 अरब डॉलर बढ़ी है। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 2.03 अरब डॉलर की तेजी आई और वह गौतम अडानी से आगे निकल गए। उनकी नेटवर्थ 104 अरब डॉलर पहुंच गई है। अडानी 100 अरब डॉलर के क्लब में सबसे निचले पायदान पर हैं।

## पी2सी का बड़ा फैसला, 1800 कर्मचारियों को निकालेगी बाहर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टेक कंपनियों के बाद अब दुनियाभर की कंपनियों ने छंटनी शुरू कर दी है। इस लिस्ट में एक और बड़ी कंपनी प्राइसवाटरहाउसकूपर्स (पी2सी) भी शामिल हो गई है। कंपनी 15 वर्षों में अपनी सबसे बड़ी छंटनी कर रही है और इसमें 1,800 कर्मचारियों को निकालने का निर्णय लिया है। यह सभी छंटनी अमेरिका में की जाएगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यह छंटनी मुख्य रूप से मैनेजिंग डायरेक्टर्स, बिजनेस सर्विस ऑडिट, असोसिएट्स और टैक्स डिपार्टमेंट्स में होगी। कंपनी के कुल अमेरिकी कर्मचारियों का 2.5 प्रतिशत इस फैसले से प्रभावित होगा और यह प्रक्रिया अक्टूबर 2024 तक पूरी की जाएगी। पी2सी अमेरिका के अध्यक्ष पॉल ग्रिग्स ने मामले पर एक मेमो जारी करते हुए कहा है कि इस फैसले का असर कंपनी के बहुत छोटे वर्ग के कर्मचारियों पर पड़ेगा। यह फैसला हमेशा मुश्किल होता है लेकिन कंपनी के हित में जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि साल 2009 के बाद से ऐसा पहली बार है जब कंपनी ने छंटनी का फैसला किया है।

### क्यों लिया छंटनी का फैसला?

गौरतलब है कि पी2सी ने 15 साल में छंटनी का फैसला उसकी सर्विसेज में कम डिमांड होने के बाद लिया है। पॉल ग्रिग्स ने अपने मेमो में कंपनी के रिस्ट्रक्चरिंग प्लान के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि हम अपने भविष्य के प्लान पर काम करते हुए कंपनी की टीमों में पुनर्गठन का काम कर रहे हैं। इस कारण हमने कई टीमों में छंटनी का फैसला किया है।

## सोना 250 रुपये कमजोर हुआ, चांदी 2000 रुपये उछली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 250 रुपये घटकर 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 87,000 के स्तर पर पहुंच गई। बुधवार को कीमती धातु या शुद्ध सोना (99.9 प्रतिशत शुद्धता) 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, गुरुवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 87,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 3,200 रुपये प्रति किलोग्राम चढ़ चुकी है। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 250 रुपए की गिरावट के साथ 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 74,250 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि मजबूत औद्योगिक उठाव के कारण चांदी में लगातार तीसरे सत्र में मजबूती का रुख जारी रहा, जिससे धातु की कीमतों में उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना 0.21 प्रतिशत बढ़कर 2,547.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कोटक सिक्योरिटीज में वीपी-कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा, कॉमेक्स सोना 2,558 डॉलर प्रति औंस के साप्ताहिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, लेकिन मुद्रास्फीति रिपोर्ट जारी होने के बाद इसमें गिरावट आई, क्योंकि बाजार की धारणा अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में मामूली कटौती की संभावना के अनुसार समायोजित हुई। वैश्विक बाजारों में चांदी भी 29.16 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

# दुनिया में कर्ज का बढ़ना चिंता की बात, आरबीआई गवर्नर बोले- इससे निपटने के लिए साझा प्रयास हों




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दुनिया को बढ़ते वैश्विक कर्ज के बारे में आगाह किया है, जो 2024 में वैश्विक जीडीपी के 333 प्रतिशत के बराबर, 315 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ गया है।

सिंगापुर में शुक्रवार को फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 में बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर दास ने कहा कि कर्ज का यह अभूतपूर्व स्तर विशेष रूप से उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) और निम्न से मध्यम आय वाले देशों के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है। ऐसे देश वित्तीय अस्थिरता के प्रति तेजी से कमजोर होते जा रहे हैं।

दास ने कहा, निम्न आय और कुछ मध्यम आय वाले देश बहुत कमजोर हैं। उच्च स्तर के कर्ज और उच्च ब्याज दरों का सह-अस्तित्व सरकारी और निजी क्षेत्र की बैलेंस शीट की हानि के माध्यम से वित्तीय अस्थिरता के दुष्चक्र को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजकोषीय परिदृश्य बढ़ते राजकोषीय घाटे से और जटिल हो गया है, जो अब महामारी से पहले के स्तर से अधिक है। दास ने कहा कि 2024 में 88 अर्थव्यवस्थाएं चुनावी चक्र में प्रवेश कर रही हैं, ऐसे में राजकोषीय समेकन की गुंजाइश सीमित प्रतीत होती है। इससे विभिन्न देशों के लिए वित्तीय जोखिमों को बढ़ने से बचाने के लिए अपने ऋण का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना महत्वपूर्ण हो जाता है। आरबीआई गवर्नर ने यह भी बताया कि चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों ने निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है, जिससे सीमा पार व्यापार प्रतिबंध बढ़ गए हैं। आरबीआई गवर्नर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रही चुनौतियों के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने साझा वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने की वकालत की। उन्होंने सतत आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया। आरबीआई गवर्नर दास ने राष्ट्रों से सभी के लिए एकीकृत भविष्य की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

# पीएन गाडगिल ज्वेलर्स आईपीओ में 41 गुना ज्यादा मिला है आवेदन




**मुंबई एजेंसी।** पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आईपीओ में कल ही सब्सक्रिप्शन बंद हुआ है। इसका शेयर आवंटन को आज अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। निवेशकों को लॉटरी के आधार पर शेयर मिलेंगे और पूरी प्रक्रिया रजिस्ट्रार की निगरानी में होगी। आवेदक बीएसई के माध्यम से या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर जाकर आवंटन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आईपीओ में आपने अप्लाई किया है तो आप बीएसई या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर स्थिति कैसे जांच सकते हैं। कंपनी के शेयरों के 17 सितंबर को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होने की उम्मीद है। इस समय गैर-सूचीबद्ध बाजार में, कंपनी के शेयर 333 रुपये के जीएमपी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो कि निर्गम मूल्य से 70 प्रतिशत अधिक है। पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इस आईपीओ को कुल मिलाकर 59 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। जनवरी 2024 तक स्टोर की संख्या के मामले में महाराष्ट्र में प्रमुख संगठित आभूषण कंपनियों में पीएन गाडगिल ज्वेलर्स दूसरे नंबर पर है। वित्त वर्ष 22-2023 के बीच राजस्व वृद्धि के आधार पर, कंपनी भारत में प्रमुख संगठित आभूषण कंपनियों में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आभूषण ब्रांड भी है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट (पूर्व में एडलवाइस सिक्योरिटीज) और बीओबी कैपिटल मार्केट्स इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड लार्ज स्क्रीन प्रीमियम स्मार्ट टीवी पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स नई टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस में माहिर, स्मार्ट टीवी की अपनी प्रीमियम रेंज के आने वाली लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है, जो लग्ज़री होम एंटरटेनमेंट को रीडिफाइन करने के लिए तैयार है। टियर 1 मेट्रो शहरों में ग्राहकों के रिफाइंड टेस्ट को आकर्षित करने के उद्देश्य से, ये नए मॉडल, जो 75, 86, और 98 आकार में बिक्री के लिए तय हैं, हाई-एंड मार्केट में सेलेकोर की कैलकुलेटेड कोशिश का प्रतीक हैं। इन प्रीमियम स्मार्ट टीवी को लॉन्च करने का निर्णय टियर 2 और टियर 3 शहरों में सेलेकोर के मॉडल की सफलता के बाद भारी मांग से उत्पन्न हुआ है। ऐसे समय में जब टीवी देखना समय बिताने का एकमात्र तरीका नहीं है, सेलेकोर के लेटेस्ट हाई-एंड स्मार्ट टीवी इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और सोफिस्टिकेटेड स्टाइल का एक बेजोड़ मिश्रण प्रदान करते हैं। प्रत्येक मॉडल को आपके लिविंग रूम में एक तल्लीन ध्वनि अनुभव और अविश्वसनीय रूप से तेज 4क पिक्चर देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड प्रसिद्ध रिटेल दिग्गजों के साथ एक स्ट्रेटिजिक एलाइंस में है, जो इसे हर ग्राहक के दिल और दिमाग को जीतने की अनुमति देगा। कंपनी सुप्रसिद्ध लार्ज-फॉर्मेट रिटेल (स्त्नक्र) पार्टनर्स के साथ काम करके यह सुनिश्चित कर रही है कि खास मेट्रो एरिया में तकनीक-प्रेमी उपभोक्ता इन हाई-एंड स्मार्ट टीवी तक आसानी से पहुंच सकें। अक्सर यह हवाला दिया जाता है कि कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री कड़ी प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र है, जो लगातार नई चुनौतियां पेश करता है। जैसे-जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स लैंडस्केप विकसित होता है, वैसे-वैसे ग्राहकों की मांगें भी बढ़ती हैं। बड़ी स्क्रीन वाले स्मार्ट टीवी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, क्योंकि लोग अपने घरों में आराम से बैठकर शो और फिल्मों का आनंद लेना पसंद कर रहे हैं।

## श्रेष्ठ फिनवेस्ट लि. ने 1:2 स्टॉक स्प्लिट के लिए 23 सितंबर को रिकॉर्ड डेट तय की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल सॉल्यूशंस में अग्रणी श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (बीएसईः 539217) ने घोषणा की है कि कंपनी द्वारा सब-डिवीज़न/सप्लिट् के साथ 2 रुपये के फेसवैल्यू प्रत्येक शेयर को 1 रुपये के फेसवैल्यू वाले 2 इक्विटी शेयर्स में 05 सितंबर, 2024 को पोस्टल बैलट के माध्यम से शेयरधारकों द्वारा अप्रूवल के आधार पर उप-विभाजित किया जाएगा, इस हेतु कंपनी के शेयरहोल्डर्स की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को रिकॉर्ड डेट के रूप में तय किया है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने क्यूआईपी जारी करके 200 करोड़ रुपये तक की कुल राशि के लिए प्रत्येक 1/- रुपये के अंकित मूल्य वाले इतनी संख्या में इक्विटी शेयर इश्यू करके कंपनी के सदस्यों के अप्रूवल और आवश्यकतानुसार अन्य रेगुलेटरी/स्टेट्यूटरी अनुमोदन सहित ज़रूरी अप्रूवल देने हेतु धन जुटाने की मंज़ूरी दे दी है। हाल ही में, कंपनी ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए उत्कृष्ट आय की घोषणा की है।

# हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लि. को एनएचएआई से यूज़र फी कलेक्शन का आर्डर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन अनुबंध सेवाओं में अग्रणी, ने घोषणा की है कि उसे नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मुलवाड एफपी पर एनएच-218 बीजापुर हुबली सेक्शन में कर्नाटक राज्य में 4.40 से 56.00 किलोमीटर तक चौड़ीकरण के लिए यूज़र फी कलेक्शन एजेंसी के रूप में कार्य करने का कार्य ऑर्डर दिया गया है। आवंटित परियोजना का मूल्य 2.59 करोड़ रुपये है।

इसके अलावा, कंपनी के बोर्ड की मीटिंग 16 सितंबर, 2024 को होगी। इस मीटिंग में, वो स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड नाम की एक और कंपनी को अपनी कंपनी में मिलाने के लिए बैठक करेंगे। दोनों कंपनियों को एक साथ मिलाने से दोनों को फायदा होगा। इसलिए, कंपनी के बोर्ड ने एक स्पेशल टीम बनाई है जो इस काम को देखेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सबकुछ ठीक से हो। इससे पहले, बी.जी. शिरके कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को कुछ जगहों पर खुदाई का काम मिला था। ये जगहें हैं - पाहाड़ी गोरेगांव-1473, शिरधोन-ढ्ढढ्ढ, खोनी-1374, नावडे-1449, सीपीडब्ल्यू-1447, तालोजा, ठाणे और कनमवर नगर। आवंटित परियोजना का मूल्य 30 करोड़ रुपये है।

हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत में बुनियादी ढांचा बनाने के काम में सबसे आगे है। यह कंपनी बहुत अच्छी गुणवत्ता वाली इंजीनियरिंग, सामान खरीदने और निर्माण का काम करती है। भारत में बुनियादी ढांचे की बहुत मांग है, और हज़ूर कंपनी इस मांग को पूरा करने में सबसे आगे है। पिछले कुछ वर्षों में, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के लिए ईपीसी और हाइब्रिड एन्युटी मॉडल निष्पादन विधियों दोनों का उपयोग करते हुए प्रमुख परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निष्पादन करके उल्लेखनीय मील के पत्थर हासिल किए हैं। विशेष रूप से, 2019 में वाकन पाली हाईवे का सफल समापन, कोविड-19 महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। कंपनी ने प्रतिष्ठित समृद्धि एक्सप्रेस के पैकेज 11 और ह्॥ 48 हाईवे परियोजना में योगदान देकर अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया, परियोजना निष्पादन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड अब तक बहुत सारे कामयाब प्रोजेक्ट्स कर चुकी है। यह कंपनी दूसरे लोगों के साथ मिलकर काम करने में बहुत अच्छी है और इसी वजह से यह सफल रही है। तकनीकी और वाणिज्यिक दोनों पहलुओं में कुशल एक मजबूत प्रबंधन टीम, कंपनी को लगातार विकास और सफलता की ओर निर्देशित करने में महत्वपूर्ण रही है। हज़ूर कंपनी हमेशा समय पर काम खत्म करने, बहुत अच्छा काम करने और सुरक्षा का ध्यान रखने की कोशिश करती है। सहयोग के महत्व को पहचानते हुए, हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने एमएसआरडीसी और नेशनल हाईवे अथॉरिटी सहित प्रमुख ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य सेवाएं प्रदान करने के लिए वाणिज्यिक और तकनीकी क्षमताओं का सफलतापूर्वक तालमेल किया है।

# एनएमडीसी ने एफवाय25 में स्लरी पाइपलाइन और नए प्रोसेसिंग प्लांट्स की स्थापना के लिए 2,200 करोड़ का कैपेक्स निर्धारित किया

## 2030 तक 100 एमटी उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनएमडीसी लिमिटेड, भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक और नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, एफवाय25 में स्लरी पाइपलाइन और नए प्रोसेसिंग प्लांट्स की स्थापना के लिए 2,200 करोड़ का निवेश कर रहा है। यह निवेश कंपनी की उत्पादन क्षमता को 2030 तक 100 एमटी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। यह महत्वाकांक्षी विस्तार एनएमडीसी के बुनियादी ढांचे और संचालन को काफी बेहतर बनाएगा, जिससे इसकी वैश्विक स्थिति मजबूत होगी और भारत के औद्योगिक विकास की दिशा में योगदान मिलेगा। श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने 2030 तक 45 एमएनटी से 100 एमएनटी तक के परिवर्तन को महत्वाकांक्षी पर स्थिरता और नवोन्मेष में निहित बताया। उन्होंने सुस्थिर विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा हमारा रोडमैप सिर्फ उत्पादन वृद्धि करना नहीं है, बल्कि यह पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ करना है। हम हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं उन्हें सकारात्मक योगदान देने के लिए समर्पित हैं।



### रणनीतिक निवेश और विस्तार

एनएमडीसी का विस्तार द्रुत औद्योगिकीकरण की वजह से लौह अयस्क की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मांग में वृद्धि से प्रेरित है। कंपनी की रणनीतिक निवेश योजना का केंद्र बिन्दु उत्पादन क्षमता में वृद्धि और निकासी के बुनियादी ढांचे में वृद्धि करना है। मुख्य पहलों में आधुनिक स्लरी पाइपलाइन का विकास, पेलेट और बेनिफिशिएसन प्लांट और स्टाकयार्ड का मजबूत नेटवर्क शामिल है। इस योजना में बचेली से नगरनार तक 135 किलोमीटर स्लरी पाइपलाइन का निर्माण एक फ्लैगशिप परियोजना है। इस पर्यावरण हितैषी, लागत प्रभावी पाइपलाइन से पारम्परिक, कार्बन-सघन परिवहन विधियों पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, किरंदुल में नए स्क्रीनिंग प्लांट III और डोनिमलाई स्क्रीनिंग प्लांट II से एनएमडीसी की प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे कि कंपनी उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए उत्पादन मात्रा में वृद्धि करने में सक्षम होगा। एनएमडीसी केके लाइन की क्षमता को 28 एमटीपीए से बढ़ाकर 40 एमटीपीए करने, 15 एमटीपीए स्लरी पाइपलाइन बिछाकर और ब्लेन्डिंग यार्ड के निर्माण द्वारा रेल परिवहन का भी विस्तार कर रहा है। लौह अयस्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए कंपनी बचेली में 4 एमटीपीए बेनिफ़िशिएसन प्लांट और नगरनार मे 2 एमटीपीए पेलेट प्लांट का विकास कर रहा है और पेलेट प्लांट को 6 एमटीपीए तक विस्तारित करने की योजना है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के लिए वैश्विक हब बनाने का आह्वान किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के जरिये दिल्ली में ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीजीएच-2024) के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने में भारत की प्रतिबद्धता और दुनिया के हरित ऊर्जा परिदृश्य में एक व्यापक योगदान के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन के उभरने की बात दोहराई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत एक स्वच्छ, हरित विश्व के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम जी20 देशों में उन देशों में से एकथे जिन्होंने ग्रीन एनर्जी पर अपने पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं को समय से पहले पूरा किया है। जहां, हम मौजूदा समाधानों को मजबूत करना जारी रखे हुए हैं, वहीं, हम इनोवेटिव नजरिये को अपनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन ऐसी ही एक सफलता है, जिसमें रिफाइनरियों, उर्वरकों, इस्पात और भारी परिवहन जैसे सेक्टर्स को डीकार्बोनाइज करने की क्षमता है जिनका विद्युतीकरण करना मुश्किल है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन 2024 (आईसीजीएच2024) की दूसरी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहे हैं। भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) तथा ईवाई क्रमशः इम्प्लीमेंटेशन एवं नॉलेज पार्टनर हैं।फिक्की इंडस्ट्री पार्टनर है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के लिए वैश्विक हब के रूप में स्थापित करना है. वर्ष2023 में शुरू किया गया राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन इस महत्वाकांक्षा को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है.इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

# टाटा पावर रिन्यूवेबल एनर्जी और टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए 200 फास्ट-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए एमओयू पर किए हस्ताक्षर




**मुंबई, एजेंसी।** टाटा पावर ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड, जो भारत में सबसे बड़ी ईवी चार्जिंग समाधान देने वाली कंपनियों में से एक है और टाटा पावर रिन्यूवेबल एनर्जी लिमिटेड की सहायक कंपनी है, ने आज टाटा मोटर्स के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इस समझौते के तहत, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे मेट्रो शहरों में इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए 200 फास्ट-चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। यह कदम दोनों कंपनियों की यातायात के स्थायी समाधान प्रदान करने की मौजूदा साझेदारी का विस्तार है, जिसमें छोटे इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों के लिए चार्जिंग की सुविधाओं पर खास ध्यान दिया जाएगा।

फैंस के दम पर हासिल किया बड़ा मुकाम

# 1 बिलियन के आंकड़े के साथ रोनाल्डो ने रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल और अल नस्त्र के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इतिहास रच दिया। वह सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक अरब फॉलोअर्स तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बन गए। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शुक्रवार 13 सितंबर 2024 की तड़के सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इस उपलब्धि को साझा किया। 39 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर पहले से ही दुनिया भर में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

639 मिलियन फॉलोअर्स के साथ इंस्टाग्राम क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना हुआ है। यह संख्या दुनिया की आबादी का लगभग 8% है। रोनाल्डो के फेसबुक पर 170.5 मिलियन और X (एक्स/पूर्व में ट्विटर) पर 113 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने X पर लिखा, 'हमने इतिहास रच दिया है- 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ एक संख्या से कहीं ज्यादा है- यह खेल और उससे परे हमारे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का प्रमाण है। मदीरा की गलियों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है, और अब हम 1 बिलियन लोग एक साथ खड़े हैं। आप सभी उतार-चढ़ावों के दौरान हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं।'

रोनाल्डो ने लिखा, 'यह यात्रा हमारी यात्रा है, और साथ मिलकर हमने दिखाया है कि हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। मुझ पर विश्वास करने, आपके समर्थन के लिए और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद। सबसे अच्छा अभी आना बाकी है, और हम आगे बढ़ते रहेंगे, जीतते रहेंगे और साथ मिलकर इतिहास रचते रहेंगे।'

### आठ जुलाई 2024 को लॉन्च किए गए रोनाल्डो के यू ट्यूब

चैनल पर 60 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इसमें से 50 मिलियन पहले हफ्ते में ही जुड़ गए, जो एक रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि रोनाल्डो को 1 बिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाला पहला इंसान बनाती। इस संख्या तक उनके साथी फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी या अमेरिकी एक्ट्रेस सेलेना गोमेज, अमेरिकी मीडिया पर्सनालिटी, सोशलाइट और बिजनेसवुमन काइली जेनर और ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन जैसी अन्य हस्तियां अब तक पहुंच नहीं पाई हैं।

### कमाई के मामले में भी हैं 'टॉप' पर

क्रिस्टियानो रोनाल्डो सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीट्स में भी एक हैं। उन्होंने 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल-नस्त्र से करार के जरिये 215 मिलियन डॉलर और विज्ञापनों से 60 मिलियन डॉलर कमाए। एक अनुमान के मुताबिक, 2024 के अंत तक उनकी कुल कमाई 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगी। इससे वह माइकल जॉर्डन और टाइगर वुड्स के बराबर आ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार




### आईपीएल में धोनी की टीम ने बनाया था करोड़पति, अब सुपर ओवर में भुवी को छक्का मारकर जिताया मैच

**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की नीलामी में सबसे महंगे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी रहे समीर रिजवी ने यूपी टी-20 लीग में कमाल कर दिया। कप्तान समीर रिजवी ने सुपर ओवर में लखनऊ फाल्कन्स के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को छक्का मारते हुए अपनी टीम कानपुर सुपरस्टार्स को फाइनल में पहुंचा दिया। सांस थामने वाले मैच में समीर रिजवी ने अपने चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी के स्टाइल में हेलीकॉप्टर शॉट वाला छक्का उड़ाया। अब टूर्नामेंट के फाइनल में 14 सितंबर को रिंकू सिंह की मेरठ मेवरिक्स और समीर रिजवी की कानपुर सुपरस्टार्स की टक्कर होगी।

#### महज 8 गेंद में खत्म हुआ क्वालीफायर-2

लगातार बारिश और गीले मैदान के चलते बीती रात खेला गया क्वालीफायर-2 मुकाबला लगातार टलता गया। ऐसे में मैच के ओवर्स में कटौती होती रही, आखिरकार देर रात मैच का नतीजा निकालने के लिए सुपर ओवर करवाया गया। लखनऊ फाल्कंस ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच गेंदों पर सात रन बनाए थे इस दौरान उसके दो विकेट भी गिर गए। जवाब में कानपुर सुपरस्टार्स ने तीन गेंदों पर ही लक्ष्य हासिल करके फाइनल में जगह बना ली। इस तरह मैच सिर्फ आठ गेंद में ही खत्म हो गया और कुल 15 रन ही बने।

#### जूनियर रैना कहलाते हैं समीर रिजवी

मेरठ के रहने वाले समीर रिजवी सुरेश रैना की ही तरह विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं। समीर की शॉट मेकिंग और खेलने का अंदाज भी कुछ ऐसा ही है। शायद यही वजह है कि उन्हें डोमेस्टिक सर्किट में राइट हैंडेड रैना कहा जाता है। समीर रिजवी भी अपने आदर्श सुरेश रैना की तरह स्पिनर्स की बखिया उधेड़ देते हैं। महज 16 साल की उम्र में उत्तर प्रदेश के लिए रणजी ट्रॉफी डेब्यू करने वाले समीर रिजवी को आईपीएल 2024 के लिए दिसंबर 2023 में हुए मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपरकिंग्स ने 8.40 करोड़ रुपये की भारी-भरकम बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा था।

### हर किसी के लिए पीएम का मतलब प्रधानमंत्री होता है, हमारे लिए आप परम मित्र हैं: योगेश कथुनिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक नई उपाधि दी, पीएम के आवास पर बातचीत के दौरान उन्हें परम मित्र कहा। मई में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 56 श्रेणी में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने हाल ही में संपन्न पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो - 56 स्पर्धा में 42.22 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और रजत पदक जीता।

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने आवास पर भारत के पैरालंपियनों से मुलाकात की और उन्हें पेरिस पैरालंपिक खेलों में 29 पदकों के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के लिए बधाई दी और पैरा-एथलीटों से अपने पैरालंपिक अनुभव साझा करने के लिए कहा।

एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

## भारत पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार




**मोकी, एजेंसी।** हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा इंतजार किए गए मुकाबले का समय आ गया है, जब भारत और पाकिस्तान शनिवार को आमने-सामने होंगे। यह मैच मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर खेला जाएगा। भारत की टीम इस मैच में अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहते हुए उतरेगी। टीम की कप्तानी अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कर रहे हैं। वहीं पाकिस्तान की टीम की कप्तानी अमाद बट कर रहे हैं। यह टीम भी अब तक टूर्नामेंट में अपराजित रही है और दूसरे स्थान पर है। गत चैंपियन भारत ने अब तक अपने सभी मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले मैच में चीन को 3-0 से हराया, दूसरे मैच में जापान को 5-1 से, तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 से मात दी और पिछले मैच में कोरिया को 3-1 से हराया। भारत ने सबसे पहले सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वहीं, पाकिस्तान ने भी टूर्नामेंट में लगातार सुधार दिखाया है। उन्होंने मलेशिया और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ किया, जापान को 2-1 से और चीन को 5-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया है।

मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला ने दुनिया को बताया

## रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में क्या फर्क है




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले लेग स्पिनर पीयूष चावला ने रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी में अंतर के बारे में बातचीत की। पीयूष चावला इन दोनों खिलाड़ियों की कप्तानी में मुंबई के लिए खेल चुके हैं। मुंबई ने आईपीएल 2024 में कप्तानी में बड़ा बदलाव किया था और रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई का प्रदर्शन खराब रहा था और ये टीम 10वें नंबर पर रही थी।

पीयूष चावला ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या की कप्तानी के अंतर के बारे में बात करते हुए बताया कि हर किसी की कप्तानी करने की अपनी शैली होती है। पीयूष चावला ने आईपीएल 2024 के अलग-अलग मैचों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस सीजन में हार्दिक की कप्तानी में कोई कमी नहीं थी, लेकिन उन्होंने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। दोनों की कप्तानी में क्या फर्क है इस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतरज्मैं ऐसा नहीं कह सकता। हर किसी के सोचने का अपना तरीका होता है, हार्दिक का तरीका अलग है। हार्दिक वही कप्तानी हैं जिनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस विनर बनी थी और उप-विजेता रही थी, तो ऐसा नहीं है।

पीयूष चावला ने आगे कहा कि टी20 में बात गति की होती है और इसमें चीजों को चुनना साथ ही चीजों का क्लिक होना शामिल है। अगर हम देखें तो केकेआर चैंपियन बन गया, फाइनल में हैदराबाद के साथ उनका मैच था और उस मैच में कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जाना चाहिए था। क्लासेन ने हर्षित राणा के खिलाफ बढ़त हासिल की, लेकिन आउट हो गए। अगर वो मैच हार जाते तो चीजें बदल जाती।

आईपीएल के एक मैच में करन शर्मा ने मिचेल स्टार्क की गेंद पर तीन छक्के लगाए थे, ये संभव है कि अगर वो कैच आउट नहीं होते तो चीजें अलग हो सकती थी, उन पलों में हर कप्तान अलग होता है। रोहित का तरीका अलग है, माही भाई की तरीका अलग है, हार्दिक और सूर्या की तरीका अलग है।

इसलिए बतौर कप्तान एक खिलाड़ी के तौर पर मैं ये नहीं कहूंगा कि हार्दिक की कप्तानी में कोई कमी थी। बस हमें इसे स्वीकार करना होगा कि हमने आईपीएल 2024 में अच्छा नहीं खेला।

## विराट कोहली 21वीं सदी के ग्रेटेस्ट क्रिकेटर की लिस्ट में नंबर 1, टॉप 10 में हैं 3 भारतीय

लेकिन रोहित शर्मा का नाम गायब




**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट इतिहास में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने क्रिकेट के मैदान पर अपने खेल के दम पर खूब नाम कमाया और क्रिकेट फैंस का जमकर मनोरंजन किया, लेकिन जब बार 21वीं सदी की हो तो इसमें भी ऐसे क्रिकेटर्स की कोई कमी नहीं है जिन्होंने अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है साथ ही साथ अपने खेल के दम पर दुनिया भर में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

अब एक सर्वे किया गया है जिसमें 21वीं सदी के टॉप 10 बेस्ट क्रिकेटर्स का चयन किया गया। इसमें 3 भारतीय हैं, लेकिन टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में विनर बनाने वाले रोहित शर्मा का नाम इसमें नहीं है। दरअसल एक सर्वे किया गया जिसमें क्रिकेट फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने हिस्सा लिया। इन सबने वोटिंग के जरिए 21वीं सदी के टॉप 10 क्रिकेटर्स का चयन किया और इसमें विराट कोहली को पहला स्थान मिला। यानी इस सर्वे के मुताबिक विराट कोहली 21वीं सदी से ग्रेटेस्ट क्रिकेटर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं।

टॉप 10 की लिस्ट में विराट कोहली के अलावा भारत के जसप्रीत बुमराह हैं जो 8वें स्थान पर हैं तो वहीं टीम इंडिया को दो वर्ल्ड कप खिताब दिलाने वाले पूर्व कप्तान एमएस धोनी इस लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। हैरानी की बात ये है कि इस सर्वे के द्वारा चुने गए टॉप 10 की लिस्ट में रोहित शर्मा नहीं हैं।

इस लिस्ट में विराट कोहली के बाद दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के पूर्व धाकड़ खिलाड़ी एबी डिविलियर्स हैं जो कोहली के साथ आईपीएल में आरसीबी के लिए खेल चुके हैं। तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन हैं जबकि चौथे स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान व विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार संगकारा मौजूद हैं।

इस लिस्ट में साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन पांचवें नंबर पर हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ छठे नंबर पर हैं। इस सूची में सातवें नंबर पर जो रूट हैं जबकि हाशिम अमला 9वें स्थान पर हैं।

**SABC SPORT द्वारा चुने गए 21वीं सदी के महानतम क्रिकेटर्स**

1) विराट कोहली
2) एबी डिविलियर्स
3) जेम्स एंडरसन
4) कुमार संगकारा
5) डेल स्टेन
6) स्टीव स्मिथ
7) जो रूट
8) जसप्रीत बुमराह
9) हाशिम अमला
10) एमएस धोनी



अफगानिस्तान वर्सेस न्यूजीलेंड

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड का टेस्ट मैच रद्द, 21 वी सदी में पहली बार दिखा यह नजारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में बारिश के दौरान ग्राउंड्समैन ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान को कवर करते हुए। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ग्रेटर नोएडा में खेले जाने वाले इकलौता टेस्ट मैच रद्द हो गया।

बारिश और गिली आउटफील्ड के कारण मैच के पांचों दिन खेल नहीं हो पाया। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का 8वां मुकाबला है जो कि बिना एक भी गेंद फेंके ही रद्द हो गया। वहीं 21वीं सदी में पहला मौका है जब किसी टेस्ट मैच में एक भी गेंद का खेल नहीं हो सका।

### बारिश ने किया काम खराब

टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल भारी बारिश के कारण रद्द हुआ। इसके बाद अगले दिन गीली आउटफील्ड को सुखाने के लिए ग्राउंड स्टाफ ने काफी कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हो सके।

ग्राउंड स्टाफ ने प्रैक्टिस पिच की घास उठाकर मुख्य पील्ड पर लगाई। हालांकि अंपायर ने इसे अनफिट घोषित किया। अगले दो दिन भी यही हालात रहे।

## आईपीएल रिटेंशन पॉलिसी में हो सकता है बड़ा बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का सीजन अगले साल अप्रैल में खेला जाएगा। इससे पहले जिस बात का सबसे ज्यादा इंतजार किया जा रहा है, वो है रिटेंशन पॉलिसी। पहले इस तरह की खबरें सामने आई थीं कि अगस्त के आखिर तक रिटेंशन पॉलिसी जारी कर दी जाएगी। लेकिन अब इसे कुछ और दिनों के लिए टाल दिया गया है। इस बीच जानकारी मिली है कि इस बार बीसीसीआई अनकैप्ड खिलाड़ियों को लेकर कुछ खास ऐलान कर सकता है, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ है। इससे कुछ टीमों को सीधे सीधे फायदा मिल सकता है। लेकिन फिलहाल इसके लिए इंतजार करना होगा।

आईपीएल की रिटेंशन पॉलिसी अगस्त के आखिर तक आने की बात सामने आई थी। इससे पहले जब बीसीसीआई ने सभी टीम ओनर्स को मीटिंग के लिए बुलाया और उनकी राय जानी तो काफी गहमा गहमी रही। ऐसा इसलिए क्योंकि हर टीम की अपनी अलग बात थी। कुछ टीमें ज्यादा रिटेंशन चाहती हैं तो कुछ कम। ऐसे में बात नहीं बन पाई। अब क्रिकबज की रिपोर्ट से पता चला है कि नई रिटेंशन पॉलिस ने दस दिन से लेकर दो सप्ताह तक का वक्त लग सकता है। यानी कुल मिलाकर देखें तो सितंबर के आखिर



तक नई पॉलिसी सामने आ सकती है, जिससे पता लगेगा कि टीमें नए सीजन के ऑक्शन से पहले कितने खिलाड़ी रिटेन कर सकती हैं। 29 सितंबर को बीसीसीआई की एक एजीएम भी है। हालांकि इससे आईपीएल का कोई सीधा लेना देना तो नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इसी के आसपास नई रिटेंशन पॉलिसी आ सकती है।

इस बीच आईपीएल ओनर्स भी रिटेंशन पॉलिसी का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उन्हें पता चले कि कितने खिलाड़ी रिटेन होंगे, इसके बाद वे अपनी अपनी फाइनल लिस्ट तैयार करें। रिपोर्ट में बताया गया है कि सभी कहा गया है कि अभी इसके लिए उन्हें इंतजार करना पड़ेगा। हालांकि उन्हें कोई तारीख तो नहीं बताई गई है, लेकिन शायद सितंबर के आखिर तक इससे पर्दा उठ जाएगा। इस बीच जो खबरें सामने आ रही हैं, उनसे पता चला है कि दिसंबर में ही अगले साल के लिए ऑक्शन होगा। ऐसे में टीमों को अपने रिटेन और रिलीज किए जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट 15 नवंबर तक हर हाल में जारी करनी होगी। वैसे तो टीमें पहले से ही तय कर चुकी हैं कि उन्हें किसे रिलीज करना है और किसे जाने देना है, लेकिन जब संख्या सामने आ जाएगी, उसके बाद ही ऐलान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रुद्रप्रयाग में गैर-हिंदुओं की एंट्री बैन वाले पोस्टर को लेकर हरीश रावत ने भाजपा पर तंज कसा



**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** रुद्रप्रयाग में गैर-हिंदुओं और रोहिंग्या मुसलमानों व फैरी वालों के गांव में एंट्री बैन को लेकर प्रदेश की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। विपक्ष इस मामले को लेकर सरकार को आड़े हाथों ले रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सरकार पर तंज कसते हुए इसे भाजपा की कायराना हरकत करार दिया है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह भाजपा की कायराना हरकत थी। कायरों में स्थितियों को झेलने का साहस नहीं होता है। जैसी ही मीडिया में ये समाचार आए तो भाजपा ने पोस्टर हटा लिए। यह जो कुछ उन्होंने किया है वह भाजपा की सोची सुनियोजित और घृणा फैलाने की कायराना हरकत थी। उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा है कि भाजपा के पास बताने को कुछ नहीं है। इनके पास बताने को कुछ होता तो ये विकास के मुद्दे, जनकल्याण के मुद्दे पर चुनाव में जाते। रुद्रप्रयाग में जो इन्होंने किया है वह इस हरकत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास बताने के लिए कुछ नहीं रह गया है। सरकार सिर्फ यूसीसी का राग अलाप रही है। रुद्रप्रयाग की घटना भाजपा की कायरना हरकत का प्रमाण है। बता दें कि हाल ही में उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के कई गांवों में गैर-हिंदुओं और रोहिंग्याओं के प्रवेश पर रोक लगाने के वाले साइन बोर्ड लगाए गए थे। इसको लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई। कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने बोर्ड लगाने को लेकर विरोध जताया है। वहीं पुलिस ने कहा था कि यदि कोई माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार के 2 मंत्रियों ने पूर्व भाजपा सरकार व पूर्व मुख्यमंत्री पर लगाए मस्जिद के लिए फंडिंग करने के आरोप



**शिमला , एजेंसी।** संजौली में उठे मस्जिद विवाद को लेकर राज्य सरकार के दो मंत्रियों ने पूर्व की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। पत्रकार वार्ता में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पूर्व की जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली सरकार पर मस्जिद की फंडिंग के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में वर्ष 2019 में मस्जिद निर्माण के लिए करीब 2 लाख रुपए की फंडिंग सरकार के प्लानिंग हैड से की है। मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते हुए मस्जिद के लिए 12 लाख रुपए की मदद की है। विधानसभा में नगर निगम की ओर से दिए जवाब के अनुसार मस्जिद में पहले एक मंजिल बनी थी और 2010 से 2024 तक इसके ऊपर चार मंजिलें अवैध बनाई गईं। उन्होंने मस्जिद कमेटी संजौली, मौलवी तथा वक्फ बोर्ड की अवैध निर्माण को खुद गिराने व हटाने के लिए नगर निगम आयुक्त को आवेदन देने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि संजौली में हुए प्रदर्शन में आधे से ज्यादा भाजपा के कार्यकर्त्ता थे और उन्हें कानून को हाथ में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट हॉकर्स व वैंडर्ज के लिए कमेटी भी फाइनल होने जा रही है। कानून में संशोधन के माध्यम से हिमाचल या राज्य के बाहर के सभी स्ट्रीट वैंडर्ज के लिए पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि रियासत काल में 1945-46 की जमाबंदी में यह जमीन राणा साहब बहादुर कोटी के नाम थी। 1951-52 तक प्रांतीय सरकार में धर्म इस्लाम के नाम इसका कब्जा रहा।

# सैनी की अपनी सीट भी फंसी, अब पीएम मोदी से ही उम्मीद, हरियाणा में बागियों ने बढ़ाई भाजपा की चिंता

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा में भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल की काट के लिए चार मंत्रियों समेत 15 विधायकों के टिकट तो काटे हैं, लेकिन उसे बगावत और विरोध से भी जूझना पड़ रहा है। दूसरे दलों से आए नेताओं और उनके परिवारवाद को बढ़ावा देने से भी पार्टी में नाराजगी है। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उसके चुनाव रणनीतिकारों के सामने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की बेहद कठिन चुनौती है। सीएम सैनी अभी तब बगावत को ठंडा करने में सफल नहीं हो पाए हैं। अब भाजपा की उम्मीदें पीएम मोदी से टिकी हुई हैं।



आगामी चार विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए सबसे कठिन लड़ाई हरियाणा में ही मानी जा रही है। टिकट तय करने के लिए भी भाजपा नेतृत्व को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद भी बड़े नेताओं के बीच कई दौर की बैठकों के बाद ही टिकट तय हो सके। इनमें भी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व वरिष्ठ नेता रामविलास शर्मा टिकट नहीं पा सके हैं। राज्य सरकार में मंत्री सीमा त्रिखा व बनवारी लाल की भी छुट्टी कर दी गई। मंत्री रंजीत चौटाला ने तो टिकट न मिलने पर पार्टी ही छोड़ दी।

दूसरे दलों खासकर कांग्रेस से आए नेताओं को पार्टी ने काफी तवज्जो दी है। कांग्रेस से आई किरण चौधरी को राज्यसभा में लाया गया और उनकी बेटी श्रुति चौधरी को विधानसभा टिकट भी गया। मूल रूप से कांग्रेसी रहे लेकिन काफी समय पहले भाजपा में आ चुके केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की बेटी आरती भी टिकट हासिल करने में सफल रही।

कांग्रेस से आए रमेश कौशिक के बेटे देवेंद्र कौशिक और कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई को भी टिकट मिल गया। ऐसे में भाजपा के भीतर नाराजगी बढ़ी है और बगावत से लेकर विरोध तक सामने आए हैं। कई सीटों पर टिकट न मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पर्चे भरे हैं। हालांकि, पार्टी की कोशिश नाम वापसी तक कुछ को मनाकर उनको बिठाने की है। बगावत और नाराजगी की वजह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दिक्कतें बढ़ी हैं। उनकी अपनी सीट भी आसान नहीं है और दूसरे उम्मीदवारों को जिताने का दबाब भी उन पर है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कई प्रमुख नेताओं के टिकट इसलिए भी कटे हैं, क्योंकि वह पूर्व मुख्यमंत्री तथा मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के विरोधी खेमे के माने जाते थे। साथ ही उनके ऐसे समर्थक भी टिकट पा गए हैं, जिनका भारी विरोध था।

भाजपा के चुनाव अभियान का काफी दारोमदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार पर टिका है। मोदी 15 सितंबर को कुरुक्षेत्र से प्रचार शुरू कर रहे हैं। पार्टी के सभी बड़े नेता राज्य में प्रचार करेंगे।

## हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
भाजपा ने हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान ,पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, हरदीप सिंह पुरी, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्णपाल गुर्जर सहित कई केंद्रीय मंत्रियों को इस लिस्ट में शामिल किया गया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को भी भाजपा ने स्टार प्रचारक बनाया है।

पार्टी ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, स्मृति ईरानी एवं संजीव बालियान, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया, हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देब, सतीश पुनिया, सुरेंद्र सिंह नागर, सुधा यादव, किरण चौधरी, मनोज तिवारी, नवीन जिंदल, अशोक तंवर, कुलदीप बिश्नोई, फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी और महिला पहलवान बबीता फोगाट को भी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है। आपको बता दें कि, हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान होना है और 8 अक्टूबर को मतगणना होगी।

### अब किसी भी उचित मूल्य दुकान से राशन ले सकते हैं उपभोक्ता

## पोर्टेबिलिटी लागू होने से राशन लेने वाले को मिली सहूलियत : गोविंद सिंह राजपूत



**भोपाल।** प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पोर्टेबिलिटी लागू होने से उचित मूल्य दुकानों से राशन लेने वाले उपभोक्ताओं को सहूलियत मिली है। अब पात्र उपभोक्ता बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर अपनी सुविधा अनुसार किसी भी उचित मूल्य दुकान से राशन ले सकते हैं। यह सुविधा प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों में भी मिलती है। खाद्य मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि पीओएस मशीन खराब होने अथवा दुकान बंद होने पर हितग्राही किसी अन्य दुकान से राशन ले सकते हैं। निवास स्थान परिवर्तन होने पर भी दुकान परिवर्तन कराने की जरूरत नहीं है। इससे उचित मूल्य दुकानदारों के बीच सकरात्मक प्रतिस्पर्धा से सेवाओं सें सुधार होगा। दुकान समय पर नहीं खोलने या राशन वितरण में अनियमितता करने वाले दुकानदार स्वतः ही इस व्यवस्था से बाहर हो जायेंगे।

### प्रदेश के 34682 परिवारों ने अन्य राज्यों में लिया खाद्यान्न

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अगस्त माह में मध्यप्रदेश के 34 हजार 682 परिवारों ने अन्य राज्यों में पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त किया। साथ ही अन्य राज्यों के 3647 परिवारों ने मध्यप्रदेश में खाद्यान्न प्राप्त किया। इसी तरह प्रदेश के 14 लाख 40 हजार 966 परिवारों ने प्रदेश में ही पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त किया।

# गाजियाबाद में रोडरेज को लेकर बवाल, दो पक्षों में पथराव-फायरिंग से अफरा-तफरी; 3 घायल

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद जिले में रोडरेज को लेकर भारी बवाल की खबर है। विजयनगर बी-ब्लॉक में रोडरेज को लेकर गुरुवार रात को दो पक्षों में बवाल हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला और पथराव कर दिया। इतना ही नहीं, हमलावरों ने दो गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त कर दीं। हमले में युवती और उसके दो चचेरे भाई लहूलुहान हो गए। पीड़ित पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कई राउंड गोली चलाने का आरोप भी लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।



विजयनगर सेक्टर-11 निवासी अर्श उर्फ शाहरूख टीएनटी कंपनी में सिविल इंजीनियर हैं। उनका कहना है कि कैप्टन गैस एजेंसी के पास उनके भाई रिजवान का जन सेवा केंद्र है। गुरुवार रात करीब आठ बजे उनके भाई रिजवान अपनी कार लेकर घर आ रहे थे। पड़ोस में नईम पक्ष के लोगों ने छोटा हाथी खड़ा किया हुआ था। रास्ता नहीं होने के कारण रिजवान ने टेंपो हटाने के लिए कहा तो इस बात पर कहासुनी शुरू हो गई।

आरोप है कि इसी बात को लेकर नईम पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उनके भाई रिजवान उनके पास आए। इसके बाद वह और रिजवान मौके पर गए तो नईम पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और उन पर तथा उनके भाई रिजवान पर हमला कर दिया। हमला करने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं। शोर-शराबा सुनकर उनका चचेरी बहन फायजा पहुंची तो हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा। हमले में अर्श, रिजवान और फायजा बुरी तरह जख्मी हो गए। रिजवान का कहना है कि हमलावरों ने उनकी दो कार भी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दीं। आरोप है कि हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग भी की। एक छर्रा फायजा के सिर को छूकर निकला। इतना ही नहीं, हमलावरों ने कांच की बोतलों सिर भी फाड़ दिए। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान हमलावर पक्ष ने पथराव भी किया।

# मिस स्विट्ज़रलैंड फाइनलिस्ट को पति ने गला घोंटकर मारा था

### बॉडी पार्ट्स को ब्लेंडर में पीसा, एसिड में घोला, हत्या के 7 महीने बाद खुलासा



**बर्न, एजेंसी।** मिस स्विजट्जरलैंड फाइनलिस्ट क्रिस्टीना जोक्सिमोविच की हत्या उनके पति थॉमस ने की थी। थॉमस ने क्रिस्टीना की डेड बॉडी के कई टुकड़े कर दिए थे। इनमें से कई टुकड़ों को उसने ब्लेंडर में पीसा। इसे छिपाने के लिए उसने घोल में एसिड मिला दिया था। इस बात का खुलासा स्विट्जरलैंड पुलिस के जांच अधिकारियों ने किया है।

स्काई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, 38 वर्षीय मॉडल क्रिस्टीना की इसी साल 13 फरवरी को हत्या कर दी गई थी। क्रिस्टीना का शव बिनिंगन शहर में स्थित उनके घर के लॉन्ड्री रूम में मिला था। हत्या के एक दिन बाद (14 फरवरी 2024) ही पुलिस ने क्रिस्टीना के पति थॉमस (41) को गिरफ्तार कर लिया था। मार्च में थॉमस ने अपना गुनाह कबूल कर लिया था। थॉमस ने फेडरल कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने 11 सितंबर को खारिज कर दिया।

थॉमस बोला- खुद को बचाने के लिए हत्या की आरोपी थॉमस ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि मैंने आत्मरक्षा में क्रिस्टीना की हत्या की। क्रिस्टीना ने पहले मुझ पर चाकू से हमला किया था। इसके बाद मैंने अपने बचाव में क्रिस्टीना की हत्या कर दी। स्काई न्यूज के मुताबिक, मेडिकल रिपोर्ट में थॉमस पर किसी हमले का निशान नहीं मिला। क्रिस्टीना की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि पहले उसका गला घोंटा गया। थॉमस ने अपने कबूलनामे में इस बात को स्वीकार किया है। इसके बाद उसने लॉन्ड्री रूम में आरी, चाकू और पौधों की छंटनी में काम आने वाली कैंची की मदद से क्रिस्टीना की बॉडी के टुकड़े कर दिए।

क्रिस्टीना ने 2005 में मिस नॉर्थवेस्ट स्विट्जरलैंड का खिताब जीता बिनिंगन में पैदा हुई क्रिस्टीना ने मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की।

# पाकिस्तानी युवक भारतीय की हत्या का दोषी करार, ब्रिटेन में सुपारी लेकर चढ़ा दी थी कार


**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में एक पाकिस्तानी शख्स को भारतीय की हत्या करने का दोषी पाया गया है। भारतीय शख्स का नाम विग्नेश पट्टाभिरामन था और वह तमिलनाडु का मूल निवासी था। विग्नेश लंदन में एक रेस्टोरेंट मैनेजर की नौकरी करता था। वैलेंटाइन डे के दिन उसकी हत्या कर दी गई थी। रीडिंग क्राउन कोर्ट की ज्यूरी ने 25 वर्षीय शाजेब खालिद को विग्नेश की हत्या का दोषी पाया है। इसके मुताबिक खालिद ने इस काम के लिए 2000 पाउंड लिए थे और विग्नेश के ऊपर अपनी कार चढ़ा दी। विग्नेश की रॉयल बर्कशायर अस्पताल में 15 फरवरी की सुबह मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मरने की वजह सिर में चोट बताई गई।



विग्नेश पट्टाभिरामन मूल रूप से कोयंबटूर के मदुरामलाई के पास आईओबी कॉलोनी का रहने वाला था। दिसंबर 2022 में वह अपनी पत्नी राम्य के साथ लंदन चला गया। यहां पर उसने वेल के एक दक्षिण भारतीय रेस्टोरेंट में नौकरी की। यहां से नौकरी छोड़ने के बाद विग्नेश चर्चिल स्थित हयात रीजेंसी लंदन में नौकरी करने वाला था। लेकिन तभी उसके साथ यह हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक विग्नेश को मारने की सुपारी एक अन्य भारतीय ने दी थी। मोहम्मद साकिब इस्माइल नाम का यह शख्स वेल के रेस्टोरेंट में ऑपरेशन मैनेजर है। उसने अपने दोस्त सोहित हुसैन से किसी ऐसे व्यक्ति का पता लगाने के लिए कहा जो विग्नेश को डरा सके। इस्माइल को लगता था कि विग्नेश उसके रेस्टोरेंट में लोगों को गैरकानूनी ढंग से नौकरी दिला रहा है। सोहिम ने विग्नेश को डराने का काम खालिद को दिया, जिसने विग्नेश के ऊपर कार चढ़ा दी।

# पुतिन ने जमकर की भारत की तारीफ, पीएम मोदी को फिर बताया अच्छा मित्र

**सेंट पीटर्सबर्ग, एजेंसी।**
रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बढ़ते वैश्विक कद और मजबूत होती अर्थव्यवस्था की सराहना की। पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ अपनी बैठक के दौरान भारत की जमकर तारीफ की। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी गति पकड़ रही है, मजबूत हो रही है, जिसे लेकर हम खुश हैं। हम खुश हैं कि भारत एक राष्ट्र के रूप में मजबूत हो रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था विकसित हो रही है। यह सफलता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मिली है।



इस वर्ष जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी के मॉस्को दौरे को याद करते हुए पुतिन ने कहा कि वह ऐतिहासिक यात्रा बहुत सफल रही, इसके बाद जो काम हुआ वह बहुत सार्थक ढंग से और ठीक उसी गति से आगे बढ़ रहा है जिस पर प्रधानमंत्री मोदी और उन्होंने सहमति जताई थी। एनएसए डोभाल ब्रिक्स सदस्य देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की बैठक के लिए सेंट पीटर्सबर्ग गए हैं। समूह का वर्तमान अध्यक्ष रूस 22-24 अक्टूबर तक वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। मॉस्को ने कज़ान में लगभग 36 विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया है।

पुतिन ने कहा, सुरक्षा मुद्दे हमेशा से हमारी प्राथमिकताओं में रहे हैं और रहेंगे। सेंट पीटर्सबर्ग आने के लिए हम आपके आभारी हैं। पिछले साल, यह बैठक मास्को में हुई थी। भारतीय पक्ष की ओर से इस वार्ता का समर्थन करने के लिए हम आभारी हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, हम कज़ान में पीएम मोदी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मैं 22 अक्टूबर को कज़ान में एक द्विपक्षीय बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव देता हूं। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की मास्को यात्रा के समय हुए समझौतों को लागू करने के लिए हमारे द्वारा किए गए संयुक्त कार्यों का सार पेश किया जाएगा और निकट भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित किया जाएगा। पुतिन ने कहा, कृपया मेरे अच्छे मित्र पीएम मोदी को मेरी शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित करें।

रूसी राष्ट्रपति ने जुलाई में भी प्रधानमंत्री मोदी को अपना अच्छा मित्र बताया था और उन्हें रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल द फर्स्ट-कॉल्ड से सम्मानित किया था। एनएसए डोभाल ने अपने संबोधन में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात का दुर्लभ अवसर प्रदान करने के लिए रूसी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान आपसे कहा, वह आपको यूक्रेन की अपनी यात्रा और जेलेंस्की के साथ अपनी बैठक के बारे में बताने के लिए तैयार हैं। वह चाहते थे कि मैं व्यक्तिगत रूप से आऊं और आपको इस बारे में बताऊं। यह बातचीत बंद प्रारूप में हुई थी, केवल दोनों नेता मौजूद थे और मैं प्रधानमंत्री के साथ था, मैं इस बातचीत का साक्षी हूं।

## स्वर्ग में कुछ तो गड़बड़ है, नासा ने शेयर कीं ब्रह्मांड की अद्भुत तस्वीरें; लोगों का आया दिलचस्प रिएक्शन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** स्पेस एजेंसी नासा अक्सर ब्रह्मांड की अद्भुत तस्वीरें दुनिया से शेयर करता है। नासा ने अपने सोशल मीडिया पेज पर यूनिवर्स में रेड स्पाइडर नेबुला की अद्भुत तस्वीरें शेयर की हैं। नासा ने जानकारी दी कि यह प्लैनेटरी नेबुला है, जिसे फॉर्मली एनजीसी 6537 के नाम से जाना जाता है, जो पृथ्वी से लगभग 3,000 लाइट ईयर दूर है। नासा ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा है- प्लेनेटरी नेबुला की इस तस्वीर में गर्म गैस की नारंगी तरंगें, एक ब्लैक विडो स्पाइडर के घुमावदार पैरों के जैसा, एक गुलाबी चमकते कोर को घेरे हुए हैं। वहीं बैकग्राउंड को रौशनी के सफेद बिंदुओं के साथ देखा जा सकता है।

नासा ने जानकारी दी है कि नेबुला सबसे गर्म सितारों में से एक का घर है। प्रेशर की वजह से इसके चारों ओर गैस चलती है और ये 100 अरब किमी ऊंची शॉकवेव्स बनाता है। इस तस्वीर पर कई यूजर्स ने दिलचस्प कमेंट्स किए हैं। एक यूजर ने लिखा, ऐसी तस्वीरें देखकर हमें जिंदगी जीने का मन करता है। दूसरे यूजर ने लिखा, ऐसा लग रहा है जैसे स्वर्ग में कुछ तो गड़बड़ है। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा,ब्रह्मांड का सौंदर्य अद्भुत तस्वीर।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129